

अमेरिका के लगाए शुल्क से 6 प्रतिशत रह जाएगी भारतीय वृद्धि दर - 12



घुसपैठियों को वोट देने का अधिकार नहीं : अमित शाह- 12



गाजा पर कब्जे की नेतन्याहू की योजना इजराइली कैबिनेट ने की मंजूर - 13



मैक्ग्रा की भविष्यवाणी स्टोक्स को कर देगी गुस्से से लाल- 14


आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.38
सूर्यास्त 06.50

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

श्रावण शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 01:24 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

शनिवार, 9 अगस्त 2025, वर्ष 3, अंक 356, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## गांव में घुसी रामगंगा



उत्तराखंड के पहाड़ों व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तीन दिन हुई लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। मुरादाबाद में शुक्रवार को रामगंगा नदी का जलस्तर कटघर रेलवे पुल पर खतरे का निशान 190.60 मीटर को पार कर 191.02 मीटर पर रिकॉर्ड किया गया। जिले में बाढ़ से प्रभावित 75 गांवों में रामगंगा नदी का पानी पहुंच गया है। ● अमृत विचार

## टैरिफ वार के बीच मोदी-पुतिन ने संबंधों को दी गरमाहट

### प्रधानमंत्री ने रूसी राष्ट्रपति को द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का दिया निमंत्रण

● दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रंप टैरिफ विवाद के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शुक्रवार को फोन पर बात की और दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

बातचीत के दौरान पुतिन ने मोदी को यूक्रेन के साथ अपने देश के जारी संघर्ष के बारे में जानकारी दी। मोदी ने इस मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को दोहराया। दोनों





नेताओं के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर दबाव बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने बुधवार को रूस से तेल खरीद जारी रखने पर भारत से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए थे। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में लगने वाला शुल्क अब बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन से बहुत अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। पुतिन को इस वर्ष के अंत में वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण दिया है। यह 23वां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन होगा।

### शुल्क का मुद्दा हल होने तक भारत के साथ नहीं करूंगा व्यापार वार्ता : ट्रंप



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ शुल्क का मुद्दा हल होने तक उसके साथ व्यापार वार्ता की संभावना से इनकार किया है। ट्रंप से गुरुवार को ओवल कार्यालय में पूछा गया था कि क्या उन्हें भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा करने के बाद व्यापार वार्ता आगे बढ़ने की उम्मीद है, इस पर उन्होंने कहा, तब तक नहीं जब तक यह मुद्दा हल नहीं हो जाता। पिछले सप्ताह, ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जो सात अगस्त से लागू हो गया। ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए, जिसके तहत रूस से तेल की खरीद के लिए भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया गया। अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क 21 दिनों बाद यानी 27 अगस्त से लागू होगा। शुल्क पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली को निशाना बनाना अनुचित और अविवेकपूर्ण है।

## ब्रीफ न्यूज

### 3,000 साल पुराने मानव निवास के प्रमाण मिले

**चंडीगढ़।** हरियाणा में यमुनानगर जिले के एक गांव में प्राचीन अवशेष और सांस्कृतिक कलाकृतियां मिली हैं, जो लगभग 3,500 साल पुरानी मानव बस्तियों की मौजूदगी का संकेत देती हैं। हरियाणा के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, टोपरा कलां गांव में अन्वेषण के दौरान हमें चित्रित धूसर मृदभांड (पीजीडब्ल्यू) और अन्य प्राचीन सांस्कृतिक सामग्रियों के अनेक टुकड़े मिले।

### फर्जी मतदाता कार्ड 16 तक जमा करें तेजस्वी

**पटना।** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को राजद नेता तेजस्वी यादव से कहा कि फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाना और उसका उपयोग करना अपराध है तथा उन्हें 16 अगस्त तक अपना फर्जी मतदाता फोटो पहचान पत्र जमा करने का निर्देश दिया।

### सूचना

रक्षाबंधन के अवसर पर अमृत विचार अयोध्या कार्यालय में दिनांक 9 अगस्त (शनिवार) को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 11 अगस्त (सोमवार) को प्रकाशित होगा। इसके साथ ही आपका पसंदीदा परिशिष्ट लोक दर्पण सोमवार के अंक के साथ पढ़ने को मिलेगा। धन्यवाद...

-संपादक


### अंदर देखें ... शब्द रंग





## जिएंगे स्वदेशी पर, मरेंगे देश के लिए

### मुख्यमंत्री योगी ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर लिया संकल्प

● कहा- भारत की समृद्धि का मार्ग है स्वदेशी अपनाएं- विदेशी वस्तुएं छोड़ें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी अपनाने का आह्वान करते हुए संकल्प लिया कि हम जिएंगे स्वदेशी के लिए और मरेंगे अपने देश के लिए। स्वदेशी हम सबके जीवन का ध्येय होना चाहिए। कहा कि अपनी इस पराकाष्ठा के साथ जब भारत आगे बढ़ेगा तो, दुनिया की कोई ताकत बाल भी बांका नहीं कर पाएगी। योगी शुक्रवार को शहीद स्थल पर आयोजित काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन अवसर पर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक ताकत भी राष्ट्रनिर्माण से जुड़ी हैं और जब हम विदेशी वस्तुएं लेते हैं, तो न सिर्फ हमारा पैसा विदेश जाता है, बल्कि वही पैसा आतंकवाद और उग्रवाद में उपयोग होता है। उन्होंने अपील की कि आने वाले त्यौहारों (रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, दशहरा, दीपावली, छठ) में स्वदेशी वस्तुएं ही उपहार में दें और खरीदें। 2 अक्टूबर को सभी से गांधी आश्रम जाकर खादी खरीदने का संकल्प लेने की अपील भी की। कहा कि 9 अगस्त 1925 को काकोरी में जिन महान क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खजाने पर कब्जा कर राष्ट्रभक्ति की जो ज्वाला जलाई, उसका ही परिणाम है कि 1947 में देश आजाद हुआ। याद दिलाया कि उस ट्रेन एक्शन में सिर्फ 4600 रुपये लूटे गए थे, लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने उन्हें पकड़ने में 10 लाख से ज्यादा खर्च किए। इन क्रांतिकारियों पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह, राजेंद्रनाथ लाहिड़ी और अन्य को बिना सुनवाई के फांसी दी गई।



लखनऊ में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काकोरी शहीद स्मारक पर विद्यार्थियों के साथ सेल्फी ली।

### बालिकाओं के हाथों बंधवाई राखी

योगी ने नन्हीं बालिकाओं के हाथों राखी भी बंधवाई और उन्हें मिठाई व चॉकलेट उपहार में दिए। इसके बाद म्यूजियम में सेल्फी भी ली। शहीद सैनिकों के परिजनों को मंच पर सम्मानित कर काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना पर पुस्तक का विमोचन किया।

### कहा- हर घर तिरंगा, हर मन में हो राष्ट्रभक्ति

योगी ने कहा कि हर घर तिरंगा, हर मन में राष्ट्रभक्ति का संकल्प होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा किए गए आह्वान को दोहराते हुए कहा कि हर घर पर तिरंगा फहराया जाए। हर गांव और नगर निकाय, वार्ड में तिरंगा यात्रा निकले।

### मलिहाबादी अब काकोरी ब्रांड आम कहलाएगा

मुख्यमंत्री योगी ने घोषणा की कि लखनऊ के मलिहाबाद के आम को अब काकोरी ब्रांड बनाकर पूरी दुनिया में भेजा जाएगा, जो क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि और क्षेत्र के विकास का माध्यम बनेगा।

## उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए 12 हजार करोड़ की सब्सिडी मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की शुक्रवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 12,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी गई। सरकार के इस फैसले से देश के करीब 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ होगा। पीएमयूवाई की शुरुआत मई 2016 में देश भर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देने के लिए की गई थी।

बैठक में 175 इंजीनियरिंग संस्थानों और 100 पॉलिटेक्निक सहित 275 तकनीकी संस्थानों में बहुविषयक शिक्षा एवं अनुसंधान सुधार (मेरिट) योजना के कार्यान्वयन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। जिसका कुल वित्तीय भार 2025-26 से 2029-30 तक की अवधि के लिए 4,200 करोड़ रुपये है। इस 4,200 करोड़ रुपये में से, विश्व बैंक से ऋण के रूप में 2,100 करोड़ रुपये की बाहरी सहायता प्राप्त होगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 275 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त तकनीकी संस्थानों का इस योजना के अंतर्गत चयन और सहयोग किया जाएगा। इसमें चयनित एनआईटी, राज्य इंजीनियरिंग संस्थान, पॉलिटेक्निक और संबद्ध तकनीकी विश्वविद्यालय (एटीयू) शामिल होंगे। वहीं, तमिलनाडु में मरक्कनम-पुडुचेरी राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन में बदलने को लेकर कुल 2,157 करोड़ की लागत वाली परियोजना को मंजूरी दे दी। वर्तमान में, चेन्नई, पुडुचेरी, विलुप्पुरम व नागपत्तनम के बीच संपर्क मौजूदा 2-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग 332ए (एनएच-332ए) और संबंधित राज्य राजमार्गों पर निर्भर है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई बड़े फैसले

● तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए 4200 करोड़ रुपये की मंजूरी, असम-त्रिपुरा को भी दी सौगात

### पेट्रोलियम कंपनियों के लिए 30 हजार करोड़ की एलपीजी सब्सिडी को मंजूरी

मंत्रिमंडल ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) को पिछले 15 महीने में लागत से कम कीमत पर एलपीजी बेचने से हुए नुकसान की भरपाई के लिए 30,000 करोड़ रुपये की एलपीजी सब्सिडी को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को यह क्षतिपूर्ति 12 किस्तों में दी जाएगी।

## उत्तर प्रदेश में 8,322 वाहन परमिट होंगे रद्द

● राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक में लिया गया फैसला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में तय मानक न पूरे करने वाले 8,322 वाहनों के परमिट रद्द कर दिए गए हैं। साथ ही यह भी फैसला लिया गया है कि एनसीआर (नेशनल कैपिटल रीजन) में अब बीएस-6 वाहनों को ही प्रवेश मिलेगा।

राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) की शुक्रवार को हुई बैठक के बाद परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने बताया कि ऐसे कुल 8,322 वाहनों के परमिट निरस्त कर दिए गए हैं, जिनकी निर्धारित आयु सीमा पूरी हो चुकी है, वैधता समाप्त हो गयी है या नियम व शर्तों की अनदेखी की है। इतना ही नहीं सड़क हादसों में चार-पांच लोगों की मौत के मामलों में तीन परमिट रद्द करने के साथ ही संचालकों को अगले एक वर्ष तक नया परमिट जारी नहीं किया जाएगा। परिवहन आयुक्त के मुताबिक, मानक पूरे न होने के आरोप व अन्य में 738 परमिट 45 दिनों के लिए निलंबित होंगे। इस क्रम में 1,200 परमिट धारकों को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है, जिनका नवीनीकरण सात साल से लंबित है। साथ ही जिन संस्थानों ने एक साल में ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर (एडीटीसी) शुरू नहीं किया, उनकी 11 लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) रद कर दी गई।

## चलती बस पर गिरा पेड़, शिक्षिका-एडीओ समेत पांच की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

● बाराबंकी से हैदरगढ़ जा रही थी अनुबंधित बस, राजाबाजार के निकट हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बाराबंकी से यात्रियों को बिठाकर हैदरगढ़ जा रही रोडवेज की अनुबंधित बस पर गूलर का पेड़ गिर गया। हादसे में शिक्षिका व एडीओ समेत चार महिलाओं व बस चालक की मौत हो गई। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत व बचाव कार्य शुरू कराया।

हादसा बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे तेज बारिश के बीच हुआ। बस हरख चौराहा के निकट राजाबाजार से होकर गुजर ही रही थी कि अचानक पुराना गूलर का बड़ा पेड़ बस के अगले हिस्से पर गिरा, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया और आगे बैठे यात्री दब गए।



आनन-फानन में पेड़ हटवाकर घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया। अस्पताल में प्राथमिक विद्यालय कादीपुर में तैनात शिक्षिका शिक्षा मल्होत्रा (45) पत्नी विजय कुमार मल्होत्रा निवासी गुलरिया गार्दा कोतवाली नगर, बस चालक संतोष कुमार सोनी, रफीकुन निशा पत्नी मो. अली निवासी ग्राम भीजीपुर थाना इन्हौना जिला अमेठी, हरख ब्लाक में सांख्यिकी अधिकारी पद पर कार्यरत जूही सक्सेना (30) पुत्री मदन मोहन सक्सेना निवासी संतोषी माता मंदिर निकट राजकमल कोतवाली शहर, इसी ब्लाक में एडीओ पद पर तैनात मीना श्रीवास्तव (55) निवासी कस्बा बंकी कोतवाली नगर को मृत घोषित कर दिया गया। परिवहन विभाग की क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक जमीला खातून ने बताया कि बस में कुल 59 यात्री सवार थे। मृतकों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की तात्कालिक मदद की गई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के जज के खिलाफ की गई टिप्पणियां हटाई

● एक दीवानी मामले में न्यायाधीश प्रशांत कुमार की आलोचना की थी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपनी उन टिप्पणियों को हटा दिया, जिसमें उसने एक दीवानी मामले में आपराधिक कार्यवाही की अनुमति देने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश प्रशांत कुमार की आलोचना की थी। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य न्यायमूर्ति कुमार को शर्मिंदा करना या उनपर आक्षेप लगाना नहीं था।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने चार अगस्त को कहा था कि उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश से यह अपेक्षा की जाती है कि वह कानून की इस सुस्थापित स्थिति को जाने कि दीवानी विवादों से संबंधित मामलों में शिकायतकर्ता को आपराधिक कार्यवाही का सहारा लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसा करना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा था, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संबंधित न्यायाधीश का संबंधित निर्णय तुरंत वापस लें। मुख्य न्यायाधीश संबंधित न्यायाधीश को उच्च न्यायालय के एक अनुभवी वरिष्ठ न्यायाधीश के साथ एक खंडपीठ में बैठाएं। पीठ ने शुक्रवार को कहा कि यह टिप्पणी केवल न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने के लिए की गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई द्वारा मामले पर पुनर्विचार करने के अनुरोध के बाद वह इन टिप्पणियों को हटा रही है।

सुनवाई

याचिकाओं पर फैसला आने तक लंबित रहेगा अध्यादेश, मंदिर पर प्रशासनिक नियंत्रण को लेकर राज्य सरकार को झटका

## बांके बिहारी मंदिर संबंधी अध्यादेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन स्थित प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर पर प्रशासनिक नियंत्रण को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी अध्यादेश तब तक लंबित रहेगा, जब तक उच्च न्यायालय इसकी संवैधानिक वैधता पर फैसला नहीं कर लेता।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश 2025 को चुनौती देने वाली और वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर विकसित करने की राज्य की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी देने वाले 15 मई के आदेश को वापस लेने संबंधी



याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने कहा कि वह समन्वय पीठ के 15 मई के उस आदेश में संशोधन करेगी, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग एरिया विकसित करने के वास्ते देवता के नाम पर पांच एकड़ भूमि अधिग्रहण करने को लेकर मंदिर के धन का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि वह मंदिर के दैनिक संचालन के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित करेगी, जिसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे तथा इसमें स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और गोस्वामी समुदाय के सदस्य भी शामिल होंगे। पीठ ने कहा, हम इस अध्यादेश को तब तक स्थगित रखेंगे, जब तक हाईकोर्ट इसकी वैधता पर निर्णय नहीं देता। अध्यादेश को शीर्ष कोर्ट में चुनौती देने वाली याचिकाएं भी उच्च न्यायालय को भेजी जाएंगी। न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि उच्चस्तरीय समिति को मंदिर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार और इनकी खरीद सुनिश्चित करने का अधिकार होगा।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट की असंयमित भाषा पर सवाल उठाए, आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वृंदावन स्थित ऐतिहासिक बांके बिहारी मंदिर पर एक जनहित याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों पर नाराजगी व्यक्त की और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ असंयमित भाषा के इस्तेमाल पर सवाल उठाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हाईकोर्ट की एकल पीठ द्वारा 21 जुलाई और 6 अगस्त को पारित आदेशों का अवलोकन किया, जो श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर दिए गए थे, और इन आदेशों में की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी। उप्र सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने पीठ को बताया कि हाईकोर्ट ने इस मुद्दे पर समानांतर कार्यवाही की और आदेश में कुछ अनुचित टिप्पणियां कीं। पीठ ने कहा, हाईकोर्ट किस तरह की असंयमित भाषा का इस्तेमाल कर रहा है? जैसे राज्य सरकार ने अध्यादेश पारित करके कोई पाप किया हो। यह सब क्या है? क्या उच्च न्यायालय को यह जानकारी नहीं दी गई कि यह मामला शीर्ष कोर्ट के संज्ञान में है? हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को ऐतिहासिक मंदिर के प्रबंधन के लिए एक वैधानिक न्यास के प्रस्ताव के साथ अध्यादेश लाने के राज्य सरकार की आलोचना की थी और कहा था कि राज्य ने पाप किया है। तीखी टिप्पणी कर सरकार से कहा कि वह मंदिर को छोड़ दे।

## न्यूज ब्रीफ

### सारनाथ विश्व धरोहर सूची में होगा शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** वाराणसी स्थित बौद्ध स्थल सारनाथ, यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल होगा। इसके लिए पर्यटन विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। इस संबंध में गोमतीनगर स्थित पर्यटन निदेशालय में पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें अगले सितंबर माह में होने वाली यूनेस्को की बैठक के एजेंडे और प्रस्तावित कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया है। इस संबन्ध में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को कहा कि सारनाथ को विश्व धरोहर स्थल का दर्जा मिलने से न केवल इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी, बल्कि पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि सूची में अब तक केवल ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी शामिल हैं। तीनों विश्व धरोहर आगरा में स्थित हैं। बैठक के उपरान्त एएसआई के अधिकारियों ने पर्यटन मंत्री से मुलाकात कर अब तक की प्रगति और आगे की रणनीति से अवगत कराया।

### तीन संयुक्त शिक्षा निदेशकों को पदोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के तीन संयुक्त शिक्षा निदेशक व उसके समकक्ष अधिकारियों को पदोन्नति देकर अपर शिक्षा निदेशक बना दिया है। इस संबंध में शासन की ओर से जारी आदेश में ज्येष्ठता क्रमांक-499 पर विष्णु श्याम द्विवेदी, ज्येष्ठता क्रमांक-513 पर भगवती सिंह तथा ज्येषठता क्रमांक-517 पर स्थित मनोज कुमार द्विवेदी को संयुक्त शिक्षा निदेशक व उसके समकक्ष स्तर से प्रोन्नत देकर अपर शिक्षा निदेशक बनाया गया है। तीनों अधिकारियों को प्रोन्नत पद पर नई तैनाती के आदेश बाद में अलग से जारी की जाएगी।

### प्रशिक्षित लाभार्थियों की सफलता की समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय, लखनऊ में शुक्रवार को अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह की अध्यक्षता में सभी जिलों के जिला कार्यक्रम प्रबंधकों एवं एमआईएस मैनेजरों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंडस्ट्री ट्रेनिंग पार्टनर (आईटीपी) के लिए प्रेषित प्रस्तावों की स्थिति, प्रशिक्षणार्थियों की सफलता की कहानियों की प्रगति व वर्तमान में संचालित दिव्यांगजन रोजगार अभियान की समीक्षा की गई। बैठक में सभी जिलों से प्राप्त आईटीपी प्रस्तावों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अपर मिशन निदेशक ने निर्देश दिया कि सभी लंबित प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए और पात्र संस्थानों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि कौशल विकास के कार्यों में गति लाई जा सके। समीक्षा के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लाभार्थियों की सफलता की कहानियों की ताजा स्थिति पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

### सपा में ए से अराजकता बी से भ्रष्टाचार : राजभर

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने हाल ही में 'एबीसीडी' के जरिए सरकार को घेरा है। इसके बाद मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने उसी एबीसीडी से पलटवार करते हुए सपा के शासनकाल को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी को वाकई एबीसीडी आती होती, तो आज उनकी पार्टी सत्ता से बाहर न होती। राजभर ने शुक्रवार को जारी एक बयान में पूरे अंग्रेजी वर्णमाला को लेकर सपा शासन पर तीखे आरोप लगाए। उनके मुताबिक ए से अराजकता, बी से भ्रष्टाचार, सी से चोर और डी से दलाली, यही सपा शासन की असल पहचान थी।

# 37 हजार स्कूल घटने से बढ़ेगा नौकरियों का संकट

## कंपोजिट के नाम पर पहले 26 हजार स्कूल घटे, अब मर्जर की नई रिपोर्ट में 11 हजार प्राथमिक स्कूल बंद

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ



**अमृत विचार :** यूपी में अब 36 हजार परिषदीय स्कूल खत्म हो गए हैं। पिछले छह साल से कंपोजिट मॉडल स्कूलों के नाम पर पढ़ाई तो सुधरी, लेकिन 26 हजार से अधिक स्कूल समायोजित हो गए। अब मर्जर की नई गणित में करीब 11 हजार स्कूल समाप्त हो गए हैं। इसका असर लाखों बीएड, बीटीसी व डीएलएड पास युवाओं के सीटेट पास होने के बाद भी नौकरियों के द्वार बंद होने के रूप में देखा जा रहा है।

अखिलेश सरकार में वर्ष 2016-17 में यूपी में 1 लाख 58 हजार 914 परिषदीय स्कूल थे। बाद में योगी सरकार आई और वर्ष 2018 में बेसिक शिक्षा परिषद ने 69 हजार पदों पर शिक्षकों की भर्ती की। उस वक्त यह कहा गया था कि पद भरे होने के बावजूद हर साल 12 हजार शिक्षकों की भर्ती सरप्लस के तौर पर की जाएगी। लेकिन, नई नीति बनाकर वर्ष 2019 में एक ही परिसर में चल रहे प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों को मर्जर करके कंपोजिट मॉडल स्कूल बनाने में 26028 प्राथमिक स्कूल समाप्त कर दिए गए। इससे स्कूलों की संख्या घटकर 1 लाख 32 हजार 886 हो गई। हालांकि कंपोजिट नीति से बच्चे प्रभावित नहीं हुए, जिससे हल्ला-गुल्ला नहीं मचा, लेकिन इसी के बाद से शिक्षकों की भर्तियां बंद हो गईं। ऐसे में हर साल 12 हजार शिक्षकों की भर्ती का सपना देख रहे लाखों युवा सीटेट पास कर आज भी सुपरटेट का इंतजार कर रहे हैं। जबकि बिहार में लगातार हर साल भर्तियां होने से यूपी से हजारों लोगों का चयन हो चुका है।

हालांकि मौजूदा हालात में भी परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों के करीब सवा लाख पद खाली बताए जा रहे हैं। लेकिन पिछले छह सालों से भर्ती का विज्ञापन नहीं निकला है। शुक्रवार को जिलों से आई रिपोर्टों में करीब 11 हजार स्कूल बंद होने हैं। ऐसे में भविष्य में सुपरटेट की परीक्षा होना दूर की खिचड़ी लग रही है। अभ्यर्थियों का आंदोलन कभी लखनऊ में होता है तो कभी प्रयागराज में शिक्षा सेवा चयन आयोग के दफ्तर पर।

### विधानमंडल में जवाब के लिए शुरू की तैयारी

11 अगस्त से शुरू हो रहे विधानमंडल के दोनों सदनों में विपक्ष मर्जर हो रहे स्कूलों के मुद्दे पर बड़ी लड़ाई की तैयारी में है। ऐसे में शासन स्तर से सवालों का तार्किक जवाब की फेहरिस्त तैयार करने का काम शुक्रवार से शुरू हो गया है। विभाग के मुखिया अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार से जिलों से आए मर्जर के आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है, साथ ही सपा सरकार की खामियां भी चिन्हित की जा ही है। ताकि विधानमंडल के दोनों सदनों में विपक्ष के सवालों का तार्किक जवाब और हमला दोनों मजबूती से तैयार हो सके।

### सपा सरकार ने किया बेसिक शिक्षा का बंटाधार

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह कहते हैं कि 2012 से 2017 के बीच अखिलेश सरकार में बेसिक शिक्षा का बंटाधार हुआ। 3.45 करोड़ बच्चे स्कूल से दूर थे। एक भी ऐसा मॉडल स्कूल नहीं बना, जिसे राज्य गौरव से दिखा सके। भाजपा सरकार ने 'ऑपरेशन कायाकल्प' से मूलभूत सुविधाएं दीं। इससे स्कूल चलो अभियान में 27 लाख से अधिक बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में हुआ है। 'परख' राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 दोनों ने यूपी के शिक्षा क्षेत्र में सुधार को मान्यता दी है। कक्षा-3 के छात्रों का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। डिजिटल मॉनिटरिंग के जरिए शिक्षकों व छात्रों की उपस्थिति और संसाधनों की पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है।



बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह

### पद्म अवार्ड के लिए हर जिले से मांगे नाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एसपी. गोयल ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने बताया कि अभियान के तहत प्रदेश में 4.60 करोड़ झंडे फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तिरंगा महोत्सव, तिरंगा रैली, म्यूजिकल कॉन्सर्ट जैसे विविध आयोजन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार को पद्म अवार्ड के लिए नाम भेजा जाना है, जिसकी अंतिम तिथि 31 अगस्त है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व प्रत्येक जिले से खेल, शिक्षा या अन्य क्षेत्रों से संबंधित 6-6 प्रतिभाशाली व्यक्तियों के नाम शासन को उपलब्ध कराएं।

### घर जाने की जद्दोजहद...



रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर लखनऊ के कैसरबाग बस अड्डे पर बस में चढ़ने को लेकर लगी यात्रियों की भीड़। ● अमृत विचार

## परिवहन निगम की 101 नई बसों को किया रवाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● रक्षाबंधन पर महिलाओं की यात्रा होगी आसान

**अमृत विचार :** सूक्ष्म एवं लधु उद्योग मंत्री (एमएसएमई) मंत्री राकेश सचान और परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को सिग्नेचर ग्रीन्स सिटी बस स्टेशन से उप्र. परिवहन निगम की 101 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बसें प्रदेश के नौ क्षेत्रों में संचालित होंगी, नई बसों के शुरू होने से रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं की सुलभ यात्रा में विस्तार होगा।

परिवहन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन सेवाएं लगातार सशक्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं को निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है। इस वर्ष 13,857 बसों के बेड़े के जरिए लगभग 22 लाख महिला यात्रियों को यात्रा की सुविधा देने का लक्ष्य है। यह सुविधा 8 अगस्त सुबह से शुरू हो चुकी है, 10 अगस्त मध्यरात्रि 12 बजे तक 66 घंटे यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए निगम की 42 इंटरसेप्टर प्रवर्तन टीमें मार्गों पर सक्रिय रहेंगी।

## स्वास्थ्य विभाग में सात अपर निदेशकों को मिली तैनाती

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में अपर निदेशक ग्रेड की डॉ.ज्योति मेहरोत्रा को वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय, लखनऊ की प्रमुख अधीक्षिका समेत सात चिकित्सकों को नई तैनाती दे दी गयी है। स्वास्थ्य विभाग में विशेष सचिव आर्यका अखौरी ने तैनाती संबन्धी आदेश जारी कर दिया है।

आदेश में जालौन के सीएमओ डॉ.नरेन्द्र देव शर्मा को अपर निदेशक, वाराणसी मंडल नियुक्त किया गया है, वाराणसी के दी दयाल उपाध्याय अस्पताल के सीएमएस डॉ.बृजेश कुमार को, वहीं के एसएसपीजी चिकित्सालय का प्रमा अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा संयुक्त निदेशक लखनऊ डॉ.ब्रजेश कुमार सिंह को, एडी अयोध्या मंडल बनाया गया है, बिजनौर के डॉ.मनोज कुमार सेन को बांदा मंडल में एडी, सहारनपुर में कार्यवाहक प्रमुख अधीक्षक डॉ.सुधा कुमारी को, उसी अस्पताल में स्थायी प्रमुख अधीक्षक और औरैया की डॉ.सुनीता सागर को प्रयागराज में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका तैनात किया गया है।

## मात्र 22 जिलों ने बिना मान्यता वाले विद्यालयों की भेजी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● 53 जिलों के अधिकारी कर रहे हीलाहवाली

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग बिना मान्यता वाले विद्यालयों पर भी सख्त है, तो वहीं 53 जिलों के अधिकारी इसको लेकर लापरवाह हैं। चेतावनी के बाद भी अभी तक केवल 22 जिलों की ही रिपोर्ट निदेशालय को भेजी गई है।

प्रदेश में कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों के विलय (पेयरिंग) की चल रही प्रक्रिया के बीच बेसिक शिक्षा विभाग बिना मान्यता चल रहे विद्यालयों पर भी सख्ती कर रहा है। विभाग की ओर से इसके लिए गत 1 जुलाई को सभी बीएसए व बीईओ को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही लापरवाही करने वालों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। इसके बाद भी राजधानी लखनऊ समेत 53 जिलों की रिपोर्ट निदेशालय को नहीं दी गई।

अभी तक बेसिक निदेशालय को अंबेडकरनगर, फिरोजाबाद, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, चित्रकूट, रायबरेली, फर्रुखाबाद, कौशांबी, मीरजापुर, पीलीभीत, उन्नाव, अयोध्या, सीतापुर, बिजनौर, संतकबीरनगर, झांसी, लखीमपुर-खीरी, औरैया, मैनपुरी व फतेहपुर में बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों की ही रिपोर्ट मिली है। लापरवाही को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने सख्त रवैया अपना लिया है। वहीं बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने शेष जनपदों की रिपोर्ट 15 अगस्त तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश गुरुवार को जारी किए है। निदेशक ने बताया कि अगर इन जिलों में कोई बिना मान्यता का विद्यालय चलता हुआ मिलेगा तो बीएसए व बीईओ ही जिम्मेदार होंगे, और उनके निलंबन तक की कार्रवाई की जाएगी।

## बाढ़ से 22 जिलों में हालात खराब : अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र. में इन दिनों बाढ़ से हाहाकार मचा है। बाढ़ से 22 जिलों में हालत बहुत खराब है। गंगा, यमुना, राप्ती, सरयू, घाघरा नदियां उफनाई हुई हैं। बाढ़ की चपेट में तमाम लोग अपनी जान भी गंवा बैठे हैं।

सपा प्रमुख ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि मुख्य मार्गों से कटे इलाकों में लोग बहुत सी परेशानियों से जूझ रहे हैं। खाने-पीने के सामान के संकट के साथ दवा-इलाज के लिए भी लोग तरस रहे हैं। पशुओं की हालत तो और भी ज्यादा खराब है। उनके चारे की भी दिक्कत आ रही है। सरकार का कहीं कोई प्रबंध नहीं नजर आता है। उन्होंने कहा कि उरई में सड़के पानी से लबालब भरी हुई हैं। बच्चों को दूध तक मयस्सर नहीं। उरई में पहली मंजिल तक पानी भरने से तमाम लोग बेघर हो गए हैं। दुकाने बंद हैं। प्रयागराज में 80 हजार प्रतियोगी छात्र लॉज-कमरे छोड़कर चले गए हैं। शहर के 60 मोहल्ले और जिले के 90 गांवों में बाढ़ का पानी है। बाढ़ का पानी घरों के अंदर बह रहा है।

## पेंशन भुगतान में 63 दिन की देरी पर जताई नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● उप्र. पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष ने की जनसुनवाई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने शुक्रवार को इन्दिरा भवन स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जिलों से प्राप्त 38 शिकायती प्रकरणों पर जनसुनवाई की। इस जनसुनवाई में पेंशन भुगतान में देरी, अवैध कब्जे, अधिकारी अनुपस्थिति जैसे गंभीर मामलों पर आयोग ने कड़ा रुख अपनाया।

राम आसरे सिंह के सेवानिवृत्ति बाद पेंशन, ग्रेच्युटी और राशिकरण भुगतान में 63 दिन की देरी पर आयोग ने गहरी नाराजगी प्रकट की। सहायक कोषाधिकारी, जवाहर भवन ने सूचित किया कि सभी देयकों का भुगतान कर दिया गया है, परंतु शासनादेश के अनुसार अधिकतम तीन दिन में भुगतान होना चाहिए था। आयोग ने दोषी कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की। इसी तरह रमेश सिंह एवं दिनेश कुमार के पेंशन प्रकरणों में अनावश्यक विलंब पर पेंशन विभाग के अधिकारी को फटकार लगाई गई और त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

फूलकेसरी कश्यप के मामले में नगर निगम लखनऊ का कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ, जिस पर अध्यक्ष ने गंभीर असंतोष जताते हुए चेतावनी दी कि अगली तिथि पर सक्षम अधिकारी की अनुपस्थिति की स्थिति में नगर आयुक्त के विरुद्ध शासन को कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

## आरक्षण प्रमाणपत्रों की दोबारा जांच के बाद मिलेगी तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● एसटी आरक्षित स्टाफ नर्स पद को लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने दिया आदेश

**अमृत विचार :** चिकित्सा शिक्षा विभाग में अनुसूचित जनजाति आरक्षित स्टाफ नर्स पद के सापेक्ष उप्र. लोकसेवा आयोग से चयनित नर्सों के प्रमाणपत्रों की जांच दोबारा होगी। जांच के बाद ही कॉलेजों में तैनाती मिलेगी। अनुसूचित जनजाति आरक्षित पदों पर चयनित 153 नर्सों के प्रमाण पत्रों की जांच समाज कल्याण विभाग से करायी जाएगी। यह निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने दिया है।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने शुक्रवार को बताया कि विभाग द्वारा लोकसेवा आयोग को 1009 स्टाफ नर्स की नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजा गया था। उक्त में महिला नर्स पद के सापेक्ष कुल 1162 स्टाफ नर्स की संस्तुतियां भेजी गयी हैं। इनमें अनुसूचित जाति की 153 स्टाफ नर्स भी शामिल हैं। साथ में अवगत कराया गया है कि नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान आवेदक अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच मूल प्रमाण पत्र से मिलान कर कराई गई है। मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति के प्रमाण पत्रों की जांच नहीं करायी गयी है और न ही कोई सत्यापन कराया गया है। इसलिए निर्देश दिए जाते हैं कि तैनाती देने के पूर्व जन जाति प्रमाण पत्रों की जांच समाज कल्याण विभाग से करायी जाए, जांच रिपोर्ट आने के बाद ही उन्हें तैनाती स्थल दिया जाए।

## हमला करने वाले सरकार संरक्षित : स्वामी प्रसाद मौर्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने बीते दिनों रायबरेली में अपने ऊपर होने वाले हमले का आरोप सत्तासीन भाजपा सरकार पर लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है, साजिश के तहत भाजपा संरक्षित गुंडे व माफियाओं के जरिए विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रही है।



पूर्व मंत्री अपने सरकारी आवास पर शुक्रवार को मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने मुझ पर हमला करवाया है, संयोग है कि मौके पर मेरे समर्थक और पुलिसकर्मी मौजूद थे, तत्काल उन्होंने न केवल मुझे सुरक्षित किया, बल्कि हमलावर को पकड़ लिया है। प्रदेश की सरकार की आलोचना करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री-विधायक भी इस सरकार से संतुष्ट नहीं हैं, विधायक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, विधायकों को पीटा भी गया है। इतना ही नहीं, मारपीट के शिकार हुए विधायकों की एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई है।

## जर्मनी व जापान में भी मिलेगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● स्वव्यवसाय और नौकरी के लिए युवाओं को दक्ष बनाएगी सरकार

● राज्य सरकार ने शिक्षित व अशिक्षित युवाओं के लिए तैयार किया ट्रेनिंग मॉड्यूल



**अमृत विचार :** राज्य सरकार की ओर से इजरायल में युवाओं को नौकरी दिलाने के बाद अब जर्मनी व जापान में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने इसके लिए बकायदा अब एक ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया है। ताकि, स्व व्यवसाय और नौकरी के लिए युवाओं को दक्ष बनाया जा सके। इसमें शिक्षित, अशिक्षित दोनों तरह के युवाओं को शामिल किया जाएगा। इसके तहत पहले प्रशिक्षण देकर युवाओं को प्रोफेशनल्स बनाया जाएगा, फिर रोजगार दिलाने में भी सरकार साथ देगी।

इस क्रम में स्वव्यवसाय और नौकरी दोनों क्षेत्रों के लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया गया है। ऐसे युवाओं को उनकी योग्यता व दिलचस्पी के मद्देनजर पहले ट्रेनिंग देकर प्रोफेशनल बनाया जाएगा, फिर नौकरी भी सरकार ही देगी या दिलवाने में मददगार बनेगी। दरअसल, योजना के मुताबिक, अब उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित 75 प्रतिशत युवाओं को प्रदेश में ही नौकरी दिलाई जाएगी। वहीं विदेश जाकर नौकरी को इच्छुक की भी मदद की जाएगी।

वहीं, दूसरी ओर दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में अब रोजगार दिलाने के साथ ही युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने में भी मदद की जाएगी। उन्हें बैंक लोन दिलाने के साथ ही अन्य सेवाएं भी दिलाई जाएंगी। स्वरोजगार की ओर युवा कदम बढ़ाएं, इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनकी सहायता की जाएगी। बाजार की मांग के अनुरूप नए ट्रेनिंग प्रोग्राम भी शुरू किए जाएंगे।

## समस्याओं का करें स्थाई समाधान



2024 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मौजूद मुख्य सचिव एसपी गोयल।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को मुख्य सचिव ने दी सलाह

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने शुक्रवार को अलीगंज, लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम) में आयोजित भारतीय प्रशासनिक सेवा (2024 बैच) के 19 प्रशिक्षु अधिकारियों के संस्थागत प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फील्ड में तैनाती के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ संपर्क व संवाद बनाए रखें। जमीनी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए गहन अध्ययन और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करनी होगी।

बदलाव | योजनाओं से लाखों श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा मजबूत कर रही योगी सरकार

# सरकार ने श्रमिकों के लिए जुटाए 12584 .26 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ी, मिल रहा विवाह, मातृत्व व स्वास्थ्य लाभ

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने श्रमिक कल्याण के लिए 12584.26 करोड़ रुपये का उपकर जुटाया है। इससे लाखों श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा मजबूत करने समेत विवाह, मातृत्व व स्वास्थ्य लाभ की योजनाएं जीवन में बदलाव का उदाहरण बन रही है। महिला श्रमिकों की भागीदारी भी तेजी से बढ़ी है।

श्रम विभाग और भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के आंकड़ों पर नजर डालें तो साफ पता चलता है कि योगी सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती, बल्कि योजनाओं को जमीन पर उतार कर बदलाव सुनिश्चित कर रही है। इस आर्थिक व्यवस्था के केंद्र में शिक्षा, मातृत्व, विवाह, चिकित्सा और आवास जैसी योजनाएं शामिल हैं, जो सीधे श्रमिकों की जरूरतों से जुड़ी हैं और उन्हें इसका सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है।

पंजीकरण के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2025-26 में अभी तक 48,822 नए श्रमिकों का पंजीकरण हुआ, जिनमें 25,720 महिलाएं शामिल हैं। 2024-25 में यह संख्या 1,86,380 थी, जिसमें 89,441 महिला श्रमिक थीं। बोर्ड के गठन के बाद से अब तक कुल 1.84 करोड़ से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है, जिनमें 63 लाख से अधिक महिलाएं शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अनुसार, वर्ष 2024-25 के दौरान 5,57,567 श्रमिकों को बोर्ड की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला, जिस पर 710.96 करोड़ रुपये खर्च किए गए। वहीं 2025-26 में अब तक 10,221 श्रमिकों को बोर्ड की योजनाओं का लाभ मिल चुका है, जिस पर योगी सरकार ने 42.46 करोड़ रुपये व्यय किए हैं।

बोर्ड द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं जैसे कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत अब तक 84,891 श्रमिक बेटियों के विवाह के लिए योगी सरकार द्वारा 440 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है। वहीं मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत 1,09,841 महिलाओं को 364 करोड़ रुपये की सहायता राशि दी गई है।



### श्रमिक अधिष्ठान पंजीकरण में वृद्धि

बोर्ड के अधिनियम 1996 के तहत 4,28,657 अधिष्ठानों का पंजीकरण किया गया है। वर्ष 2025-26 में यह अभी तक 7572 है और 2024-25 में 47,473 नए अधिष्ठान पंजीकृत किए गए हैं। उपकर संग्रहण के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 193.74 करोड़ रुपये और 2024-25 में 1722 करोड़ रुपये का संग्रहण हुआ, जिससे अब तक कुल 12,584.26 करोड़ रुपये का उपकर इकट्ठा हो चुका है, जो योजनाओं के सुचारू संचालन में आधार बना है।

# हाईवे के नए ओवरब्रिज की एक लेन धंसी, रेलिंग हुई क्रेक

## सहादतगंज में टला बड़ा हादसा, सड़क ब्लाक, हाईवे का यातायात डायवर्ट, सर्विस लेन पर जाम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** हाईवे नंबर-27 के सहादतगंज स्थित नए ओवरब्रिज की नवनिर्मित एक लेन की सड़क धंस गई। विभाग में हलचल मच गई। सड़क पहली बारिश ही नहीं झेल पाई। रेलिंग क्रैक हो गई। हाईवे के लगभग आधा किमी का मार्ग बंद कर दिया गया। यातायात सर्विस रोड पर उतारा गया तो जाम लग गया। निर्माण एजेंसी मरम्मत में जुट गई है। दो दिन तक इस पर यातायात बंद रहने का अनुमान है।

अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के घर के पास हाईवे नंबर-27 पर सहादतगंज पर बनाए गए नए ओवरब्रिज की सड़क का एक हिस्सा अचानक धंस गया। इसे लगभग छह महीने पहले ही चालू किया गया था। निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से कराया गया है। घटना शुक्रवार रात भारी बारिश के दौरान भारी वाहनों के आवागमन के दौरान की बताई जा रही है। दबाव ने झेल पाने के कारण रेलिंग भी क्रेक हो गई, लेकिन रात में किसी को खबर नहीं लगी। सुबह लगभग आठ बजे एनएचएआई को इसकी जानकारी हुई तो भागमभाग मची। एनएचएआई के जेई उपेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में लेन को ब्लाक किया गया। यातायात डायवर्ट किया गया। वाहनों को सर्विस लेन से निकाला जाने लगा तो सर्विस लेन पर जाम लग गया। फिलहाल यातायात पुलिस की मदद से इसे बहाल किया गया।

कार्यदायी संस्था के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जेसीबी सहित अन्य यंत्रों से इसकी खोदाई करके फिर मरम्मत का काम शुरू किया गया। एनएचएआई के जेई मौके पर मौजूद थे। लोगों का कहना था कि इस स्थान पर पहले से ही वाहनों को झटका लग रहा था। इसलिए सड़क नीचे दबती गई और धंस गई।



नए ओवरब्रिज पर धंसी सड़क पर खोदाई करती जेसीबी व मौजूद एनएचएआई के अधिकारी।





अयोध्या–लखनऊ हाईवे पर बैरेकेडिंग करते एनएचएआई कर्मचारी एवं सहादतगंज सर्विस लेन पर वाहनों का लगा जाम।

### 150 करोड़ रुपये में बनी हाईवे की सड़क और ओवरब्रिज

शहर के पश्चिमी से पूर्वी छोर तक 22 किमी की सड़क के लिए 150 करोड़ रुपये में ठेका हुआ था। इसके तहत सहादतगंज में एक लेन के ओवरब्रिज सहित अन्य अंडरपास, ओवरब्रिज के सर्विस लेन बनाए गए थे। सहादतगंज का ओवरब्रिज का दूसरे लेन पहले से बना था। अब भी अयोध्या के पास एक ओवरब्रिज का काम अब भी चल रहा है।

हाईवे के ओवरब्रिज के ऊपर सड़क पर इस स्थान पर पानी एकत्र होने से सड़क धंसी। मरम्मत का काम शुरू करा दिया गया है। इसे ठीक कराकर दो दिन में ट्रैफिक शुरू करा देंगे। – उपेंद्र सिंह, जेई, एनएचएआई

# गडकरी से रिंग रोड पर अंडरपास और सड़क चौड़ीकरण की मांग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने नई दिल्ली में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। अयोध्या में सड़कों और रिंग रोड से जुड़ी प्रमुख समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा की। नाका बाईपास से रिंग रोड तक सड़क चौड़ीकरण की मांग की। पत्र सौंपा। अयोध्या रिंग रोड पर जरूरी अंडरपास निर्माण को लेकर भी विस्तृत सुझाव दिया।

पूर्व सांसद ने बताया कि मसौधा ब्लॉक के सरियावां क्षेत्र से गुजर रही रिंग रोड के कारण गोपालपुर और रानीबाजार मार्ग के सात गांवों का संपर्क कटने की आशंका है। ऐसे में इन क्षेत्रों में अंडरपास बनाना जरूरी है। उन्होंने जलालाबाद-हूंसेपुर संपर्क मार्ग पर ओवरब्रिज अथवा अंडरपास और तिवारी का पुरवा व तुलसी तारा ददेरा के बीच अंडरपास निर्माण की जरूरत पर भी जोर दिया। शहर के नाका क्षेत्र में कोचिंग के सामने -जोगीतारा कालोनी स्मार्ट फुट ओवर ब्रिज के निर्माण का अनुरोध मंत्री से किया। लल्लू सिंह ने मंत्री को बताया कि वर्तमान में निर्माणाधीन रिंग रोड से कुछ स्थानों पर यातायात और जनसुविधा को लेकर गंभीर चुनौतियां सामने आ रही हैं।



परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को मांग पत्र देते पूर्व सांसद लल्लू सिंह।

## निरीक्षण के दौरान नशे में धुत मिला कोटेदार, एफआईआर

**अयोध्या, अमृत विचार:** विकासखंड अमानीगंज की ग्राम पंचायत बकौली के उचित दर विक्रेता कोटेदार जगन्नाथ के यहां जिला आपूर्ति विभाग की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान कोटेदार शराब के नशे में धुत्त मिला। ग्राम वासियों ने बताया कि कोटेदार द्वारा माह अगस्त के खाद्यान्न का वितरण किया गया, लेकिन दुकान में एफसीआई से सितम्बर 2025 में वितरण के लिए प्राप्त व अगस्त का अवशेष खाद्यान्न निरीक्षण के समय दुकान में उपलब्ध नहीं पाया गया। वह कुछ भी बताने में असमर्थ रहा। इससे स्पष्ट हो गया कि जगन्नाथ द्वारा खाद्यान्न की कालाबाजारी कर ली गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से कार्रवाई की अनुमति मांगने के बाद थाना खंडासा में कोटेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# एयरपोर्ट की सुरक्षा करेंगे कोको, ब्रूनो व शैडो

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए शुक्रवार को सीआइएसएफ इकाई में चार प्रशिक्षित डॉग्स शामिल किए गए।

चार सदस्यीय डॉग स्क्वायड को सीआईएसएफ की बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वायड में औपचारिक रूप से शामिल किया गया। ये विस्फोटक पदार्थों की पहचान, नशीले पदार्थों की खोज, सुरक्षा निगरानी व एंटी-सबोटाज ऑपरेशन जैसे कार्यों में दक्ष हैं। डॉग स्क्वायड में शामिल कोको के हैंडलर संजीत कुमार, फिडो के हैंडलर किशन गुप्ता, ब्रूनो के हैंडलर दिलीप कुमार व शैडो के हैंडलर विशाल कुमार हैं। ये प्रशिक्षित श्वान सीआईएसएफ के साथ मिलकर हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाएंगे और यात्रियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएंगे।



सीआईएसएफ इकाई में शामिल हुए डॉग्स के साथ एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार व अन्य।

### रांची में दी गई है अत्याधुनिक ट्रेनिंग

स्क्वायड के सभी श्वानों को सीआईएसफ के डॉग ट्रेनिंग स्कूल रांची में अत्याधुनिक तकनीकों द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। यह डॉग स्क्वायड हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन, कार्गो एरिया, पार्किंग ज़ोन व रनवे क्षेत्र में नियमित गश्त व विशेष तलाशी अभियानों में तैनात रहेगा। इस मौके पर विमानपतन निदेशक विनोद कुमार, चीफ एयरड्रम सिक्योरिटी ऑफिसर, भारतीय विमान पतन प्राधिकरण व एयरलाइन के सदस्य मौजूद रहे।

# आज मठ-मंदिरों में झूलनोत्सव का होगा समापन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भगवान राम की नगरी में एक माह से चल रहे सावन झूला मेले का शनिवार को समापन हो जाएगा। राम मंदिर में भी शनिवार शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के बाद भगवान झूले से उतरकर सिंघासन पर विराजमान हो जाएंगे। सावन शुक्ल पूर्णिमा को लेकर शुक्रवार को पांच लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। आने वाले श्रद्धालुओं ने स्नान कर मठ मंदिरों में दर्शन पूजन किया। शाम ढलते ही मठ मंदिरों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के उल्लास में शामिल होकर श्रद्धालु भाव विभोर हुए।

राम मंदिर में भी अंतिम दिन भव्य आयोजन के साथ जुलूस का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान अयोध्या के संत-महंत भी इस उत्सव में शामिल हुए और भजन गायन का आनंद लेते हुए भगवान के अलौकिक छवि के दर्शन किया। राम मंदिर व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव बताते हैं कि शनिवार को रात्रि 9 बजे भगवान अपने झूले से उतर कर सिंहासन पर विराजमान हो जाएंगे। इसके बाद 10 बजे आरती का आयोजन होगा। राम बल्लभाकुंज के अधिकारी राजकुमार दास, हरि धाम पीठ के महंत जगतगुरु राम दिनेशाचार्य, दशरथ महल के महंत बिंदुगद्दाचार्य, देवेंद्र प्रसादाचार्य, जगतगुरु राम भूषण दास कृपालु सहित बड़ी संख्या में साधु संत मौजूद रहे।



राम मंदिर में चल रहे झूलनोत्सव में शामिल साधु-संत। अमृत विचार

## बैठक में नहीं पहुंचे सीएमओ व डीआईओएस, स्पष्टीकरण तलब

**अयोध्या, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडेय ने जिला सड़क सुरक्षा की बैठक में दुर्घटनाओं और ब्लैक स्पॉट को कम किए जाने, एनफोर्समेंट, इमरजेंसी और एजुकेशन को लेकर स्टेक होल्डर/ विभागों से चर्चा की। बैठक में सीएमओ डॉ. सुशील कुमार व डीआईओएस डॉ.विनय त्रिपाठी नहीं पहुंचे। दोनों की अनुपस्थित पर कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य मार्गों को लखनऊ-अयोध्या, सुल्तानपुर-अयोध्या और रामपथ को लिंक करने वाले मार्गों के जंक्शन के पूर्व रंबल स्ट्रिप एवं साइनेज लगाने का निर्देश दिया। एनएचएआई को मुख्य रूप से अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर कैटल कैचर की व्यवस्था का निर्देश दिया। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि एसपी भारतीय, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी डॉ. आरपी सिंह, एसपी ट्रैफिक एपी सिंह, सहायक अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि राहुल राय, सहायक अभियन्ता एनएचएआई आलेख सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी अवनीश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# एसएसपी ने 18 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्रों में किया बदलाव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** एसएसपी की कुर्सी संभालने के बाद से ही एक्शन में आए डॉ. गौरव ग्रोवर ने विभाग को जमकर फेंटा है। उन्होंने 18 उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। इसमें लंबे समय से जमे उप निरीक्षक भी चपेट में आए हैं।

जनपद स्थापना बोर्ड की बैठक में लिए गए इस निर्णय के तहत सभी स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। नगर कोतवाली के अलीगढ़ चौकी प्रभारी विकास गुप्ता को फतेहगंज, राणा दिग्विजय सिंह को कोतवाली नगर से अलीगढ़ चौकी, सत्यम अग्रवाल को कोतवाली बीकापुर से हवाई पट्टी चौकी प्रभारी, युवराज सिंह को थाना रौनाही से किला चौकी प्रभारी, खुशहाल प्रसाद को कोतवाली बीकापुर से कंधईकला चौकी प्रभारीबनाया गया है। पुलिस लाइन के हरिशंकर राय को नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी, अशोक पाठक को थाना बाबा बाजार से देवगांव, आशीष सिंह को चिलबिली चौकी से हैरिंग्टनगंज, यदुनाथ सिंह को थाना रुदौली से पूराबाजार, देवगांव चौकी प्रभारी चित्रेश महराजगंज चौकी प्रभारी, मनोज त्रिपाठी को थाना पटरंगा से खंडासा, मनीष सोनी को महिला रिपोर्टिंग चौकी रुदौली की जिम्मेदारी मिली है। हवाई पट्टी चौकी प्रभारी अजय द्विवेदी को कोतवाली अयोध्या, विकास को किला चौकी से पटरंगा थाना, श्याम सिंह को कंधईकला चौकी से कोतवाली बीकापुर, अमर सिंह को नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय चौकी से रुदौली थाना और वीरेंद्र पाल को हैरिंग्टनगंज चौकी से कोतवाली बीकापुर भेजा है।

# विदेश भेजने के नाम पर 4.10 लाख रुपये की ठगी

- कोर्ट के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार:** दो युवकों ने विदेश भेजने के नाम पर तीन लोगों से चार लाख 10 हजार रुपए ठग लिए। इसमें कोर्ट के आदेश पर दोनों युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अधिवक्ता आफताब खान शेरू व हेमंत कुमार ने बताया कि कोतवाली नगर के सुभाष नगर निवासी मोहम्मद आलम बरकाती व हसनू कटरा थाना कैंट के रहने वाले कासान ने अरशद निवासी तोरो माफी दराज गंज को टकसाल मोहल्ले में स्थित राशिद सलमानी की दुकान पर बुलाया और कहा कि मैं और मेरे खालू वीजा का काम करते हैं। मैं उनको बुला लेता हूं। तुम उनसे बातचीत कर लो। वह तुमको विदेश जाने के लिए व्यवस्था करवा देंगे। नवंबर 2024 में कासान ने मोहम्मद आजम को दुकान पर बुलवाकर मिलवाया, जिस पर मो. आजम ने कजाकिस्तान का एक वीजा फूड पैकेजिंग करने का 1.90 लाख रुपए में बनवाने को कहा। इसके बाद अरशद ने अपने अन्य दो मित्रों से भी वीजा बनवाने के लिए कहा। वह तैयार हुए तो सब ने मिलकर चार लाख 10 हजार रुपए दिए। कोतवाली बीकापुर निवासी अब्दुल हयात, हयात अजीम तथा मोहम्मद अरशद को कजाकिस्तान भेजने का झांसा देकर उनसे चार लाख 10 हजार ठग लिए। इसके बाद तीनों लोगों को नई दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचने को कहा गया, वहां निश्चित समय पर पहुंचे तो बताया गया की फ्लाइट रद हो गई है। अब दूसरे दिन जाएगी। दूसरे दिन तीनों लोग वहां पहुंचे तो इन्हें विजिट वीजा थमा दिया गया। असलियत की जानकारी होने पर कोर्ट में अर्जी दी थी।

## 64 स्कूल वाहनों का चालान, 17 किए बंद

**अयोध्या, अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में 20 विद्यालयों के प्रतिनिधि शामिल थे। प्रतिनिधियों को विद्यालय यान के विशेष उपबन्धों के बारे में बताया गया। प्रपत्रों को वैध कराने के लिए कहा। एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि स्कूली वाहनों के विरुद्ध जुलाई में चलाए गए अभियान को बताया कि 64 स्कूली वाहनों का चालान करते हुए 17 वाहनों को बंद किया गया। 10 वाहन बिना फिटनेस के थे। सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन ऋतु सिंह ने नियमों की जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक यातायात एपी सिंह ने विद्यालय प्रबन्धन को आवश्यक सहयोग के लिए कहा।

# भर्ती रैली में अयोध्या व सिद्धार्थनगर के 729 युवाओं ने किया प्रतिभाग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** डोगरा रेजीमेन्टल सेन्टर में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली में शुक्रवार को अयोध्या व सिद्धार्थनगर जिले के अभ्यर्थियों की भर्ती परीक्षा हुई। अयोध्या व सिद्धार्थनगर के 851 अभ्यर्थी सीईई परीक्षा में सफल हुए थे, जिन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया गया था, लेकिन भर्ती रैली में ग्राउंड पर महज 729 अभ्यर्थी पहुंचे।

अग्निवीर भर्ती रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी श्रेणी के लिए हुई शारीरिक दक्षता परीक्षा में अभ्यर्थियों का 1.6 किलोमीटर दौड़, जिग-जैग संतुलन, डिच जंप और चिन-अप्स के जरिए फिजिकल टेस्ट लिया गया। इसमें सफल रहे युवकों का शारीरिक माप हुआ और दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। योग्य पाए गए अभ्यर्थी मेडिकल परीक्षा के लिए चयनित हुए। शनिवार को प्रयागराज जिले के अभ्यर्थियों की भर्ती परीक्षा होगी।



अग्निवीर भर्ती रैली में लम्बी कूद में योग्यता दर्शाता प्रतिभागी।

**त्योहार** | श्रृंगी ऋषि धाम से पहुंचीं महिलाओं ने ट्रस्ट महासचिव को सौंपा बहन शांता का रक्षासूत्र

# ब्रह्म मुहूर्त में बंधेगी रामलला समेत चारों भाइयों को राखी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम मंदिर में शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व भी ऐतिहासिक होगा। सावन शुक्ल पूर्णिमा के ब्रह्म मुहूर्त 5 बजकर 30 मिनट पर रामलला, राजा राम समेत चारों भाइयों को उनकी बहन शांता के घर से आई, जरी और मोतियों से बनी राखियां बांधी जाएंगी। कुल 11 राखियां आई हैं।

श्रृंगी ऋषि आश्रम के महंत हेमंत दास व श्रृंगी ऋषि बाबा महोत्सव सेवा समिति के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन के बाद बहन शांता की राखियां लेकर ढोल-नगाड़े पर नाचते-गाते हुए लोग अयोध्या पहुंचे। कारसेवकपुरम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय को राखियां सौंपी गईं।

धार्मिक मान्यता है कि महाराजा दशरथ की एक पुत्री शांता भी थी, जिसे अपने मित्र को सौंप दिया था। जहां उनका बचपन बीतने के बाद शांता का विवाह श्रृंगीऋषि से हुआ। उसके बाद भी शांता अपने भाई को रक्षा बंधन बांधने के लिए अयोध्या पहुंचती थीं। श्रृंगी ऋषि का आश्रम तमसा नदी के किनारे स्थित है। जहां से प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन के दिन प्रतीकात्मक रूप में राखियां रामलला के लिए अयोध्या पहुंचती हैं और श्रीरामलला के मुख्य पुजारी उनकी बहन की ओर से बांधते हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि महाराजा दशरथ ने अपने साम्राज्य में सरयू के एक छोर पर मखौड़ा और दूसरे क्षेत्र में श्रृंगी धाम आश्रम को बनवाया था, जहां पर माता शांता का भी आज भी मंदिर स्थापित है, जो भगवान राम की बहन हैं, तीन दिन का रक्षाबंधन उत्सव सरयू तट स्थित शेरवा घाट श्रृंगी ऋषि पर हुआ था। वहां से रक्षाबंधन रामलला के लिए अयोध्या आई है। श्रृंगी ऋषि आश्रम से आए सभी रक्षाबंधन और उपहार को कारसेवक पुरम में प्राप्त किया गया है। यह राखी देर रात्रि परिसर में पहुंच जाएगी और सुबह ब्रह्म मुहूर्त पर रक्षाबंधन भगवान रामलला को बांधा जाएगा।



ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय को राखी सौंपते श्रृंगीऋषि बाबा महोत्सव सेवा समिति के पदाधिकारी।

### 300 से अधिक भक्त राखी लेकर पहुंचे अयोध्या

श्रृंगी ऋषि आश्रम के महंत हेमंत दास ने बताया कि प्रत्येक वर्ष आश्रम से बहन शांता की रक्षाबंधन रामलला के लिए आता है। लगभग 300 से अधिक की संख्या में शामिल भक्त और महिलाएं राखी को लेकर आये हैं। वहीं बताया कि विभिन्न प्रकार के उपहार फल और मेवा भी लेकर आए हैं।



बीकापुर में तिरंगा तैयार करतीं समूह की महिलाएं। अमृत विचार

### लहराने के लिए समूह तैयार करेंगे ढाई लाख तिरंगे

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** घरों से कार्यालय तक लहराने के लिए तिरंगा स्वयं सहायता समूह तैयार करेंगे। 136 समूहों को 1080 महिलाओं को लगाया गया है। यह 13 अगस्त तक अपना लक्ष्य पूरा करेंगे। जैसे-जैसे तिरंगा तैयार होगा, इस बेंचते जाएंगे। जिले में हर घर तिरंगा अभियान शुरू कर दिया गया है। घर से कार्यालयों तक तिरंगा लहरा कर गौरवान्वित होने की अनुभूत कराने का प्रयास है। जिला विकास अधिकारी महेंद्र देव ने बताया कि जिले को ढाई लाख तिरंगा तैयार कराने का लक्ष्य है। रोल मंगवाकर कटिंग करके सिलाई का काम समूह की महिलाएं कर रही है। इसका रेट तय है। 13 अगस्त तक लक्ष्य के मुताबिक झंडे तैयार कर लिए जाएंगे। भाजपा नेताओं के साथ ही सामान्य लोग भी अपने घरों पर तिरंगा लहरा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### खड़ी कार से टकराया स्कूटी सवार, मौत

**रुदौली, अमृत विचार :** थाना पटरंगा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर जरायल कला गांव के निकट खड़ी कार के पीछे से टकराए स्कूटी सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली रुदौली के ग्राम पंचायत शंकरगढ़ मजरे फेलसंडा गांव निवासी सुभम सिंह (28) मवई शापिंग सेंटर से गुरुवार की रात आठ बजे स्कूटी से घर आ रहा था। चौकी प्रभारी हाईवे धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पहले खड़ी अर्टिगा कार से स्कूटी समेत पीछे से टकरा गया। घायल शुभम को सीएचसी पहुंचाया गया। डाक्टरों ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर किया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रशिक्षण के लिए 20 तक करें आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार :** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों और पारपंरिक हस्तशिल्पियों के लिए शुरू की गई विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन 20 अगस्त तक आवेदन किए जा सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ट्रेड बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई, धोबी को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र कार्यालय ने दी।

### विधायक ने किया स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय खेवली में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्मार्ट क्लास का बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने शुक्रवार को उद्घाटन किया। खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने समारोह की अध्यक्षता व हरिओम सिंह ने संचालन किया। स्मार्ट क्लास के संचालन से विद्यालयों में पठन-पाठन के अनेक अवसर उपलब्ध होंगे। शैलेंद्र पांडेय मोनू, अखिलेश प्रताप सिंह, एआरपी दंगल सिंह, मीडिया प्रभारी अनूप द्विवेदी, अमरजीत वर्मा, अवनीश, शांति, रिंकी, कीर्ति, नेहा, उपमा, सीता आदि मौजूद रहे।

### अपहरण का आरोपी दोष मुक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** अपहरण के एक मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोष मुक्त कर दिया है। फैसला विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत से हुआ। अधिवक्ता पियूष रंजन ने बताया कि घटना 10 जून 2022 की है। आजमगढ़ की एक किशोरी कोतवाली अयोध्या के एक मंदिर में रहती थी। एक बजे दिन में वह बाहर सामान लेने गई फिर वापस नहीं लौटी। किशोरी की दादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आजमगढ़ निवासी विशाल कुमार के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। कोर्ट में अभियोजन पक्ष केस साबित नहीं कर सका। इससे कोर्ट ने विशाल कुमार को दोष मुक्त कर दिया।

### चौपाल में गांव के लोगों ने बताईं समस्याएं

**हैदरगंज, अमृत विचार :** तारुन ब्लाक की ग्राम पंचायत मैहर कबीरपुर और बलरामपुर में शुक्रवार को पंचायत भवनों पर ग्राम चौपाल लगी। मैहर कबीरपुर में अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि राज बहादुर यादव ने की। नोडल अधिकारी मनीष कुमार, ग्राम विकास अधिकारी शुभम शुक्ला और पंचायत सहायक रिमझिम ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। मैहर कबीरपुर की अमरावती और पूजा ने मृतक प्रमाण पत्र बनवाने की मांग रखी। बलरामपुर सचिवालय भवन पर आयोजित चौपाल में ग्रामीण तुलसीराम, सोना देवी, शिखा और रीना ने आवास और राशन कार्ड के लिए आवेदन किया। ग्राम प्रधान शैलेंद्र पाठक, नोडल अधिकारी अमित सिंह, सेक्रेटरी विजय गुप्ता और अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### रक्षाबंधन पर लच्छेदार बर्फी की बढ़ी मांग

**बीकापुर, अयोध्या :** रक्षा बंधन के पर्व पर मिठाई की दुकान, गिफ्ट शॉप और राखी की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। रंग-बिरंगी राखियां, डिजाइनर थालियां और भाई-बहन के प्यार का प्रतीक उपहार खरीदने के लिए महिलाएं और बच्चे उत्साहित दिखे। बीकापुर, खजुरहट बाजार, चौरेबाजार, एवं प्रमुख गलियों और चौराहों पर भी राखी और सजावटी सामान की दुकानों पर काफी भीड़ थी। दुकानदारों के पास ग्राहकों को संभालने तक का वक्त नहीं था। अमृत विचार से खजुरहट के ओमप्रकाश ने बताया की इस बार लच्छेदार बर्फी और मूंग का लड्डू विशेष रूप से तैयार किया है। चौरे बाज़ार के श्रीराम ने बताया की खुरचन का पेड़ा, रोलदार बर्फी और रसमलाई, मंसूर व कश्मीरी केसर बर्फी सुप्रसिद्ध मिठाइयां हैं। मिठाई करीब सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तक जाती है।

**न्यूज ब्रीफ**

### पहले हाजिरी लगवाओ फिर भोजन पाओ

**अयोध्या, अमृत विचार :** सोहावल और सदर के बाढ़ शरणालयों में गरम नाश्ता व भोजन के लिए कैटर लगा दिए गए। व्यवस्था पहले उपस्थिति दर्ज कराओ फिर भोजन पाओ की हुई है। सोहावल के मांझा कला और सदर के दशरथ समाधि स्थल पर कैटर लगाया गया। सुबह की पाली में नाश्ता भोजन के बाद दोपहर दौरे पर बाढ़ प्रभावित नदारद मिले, लेकिन दोपहर भोजन के समय फिर उपस्थिति रही।

### बारिश में बाजार बने छुट्टा मवेशियों का ठिकाना

**हैदरगंज, अमृत विचार :** बारिश में छुट्टा जानवर बाजारों की ओर पलायन कर गए। दुकानदार परेशान हैं। तारुन ब्लाक क्षेत्र में कुल नौ गोवंश आश्रय स्थल हैं। कुछ ग्राम पंचायतों में नर और मादा पशुओं के लिए अलग-अलग गौ आश्रय स्थल बनाए गए हैं। इन स्थलों की देखभाल के लिए केयरटेकर भी नियुक्त किए गए हैं। शुक्रवार को तारुन, तकमीनगंज, हैदरगंज, नंसा, आगागंज टिकरी और किछुटी जैसे बाजारों में शाम होते ही छुट्टा गोवंश एकत्र पाए गए। ये पशु दिन में किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। रात में ग्रामीण बाजार की दुकानों के पास ठिकाना बना लेते हैं। एडीओ पंचायत हुसैन फारूकी ने बताया कि दुकानदारों ने मौखिक तौर पर बताया है। जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

### मूसेपुर में निकला कदीमी चेहल्लुम का जुलूस

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना पूराकलंदर अंतर्गत मूसेपुर में शुक्रवार को कदीमी चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस एजाज हुसैन उर्फ बृजेश बाबा के निवास से निकाला गया। जुलूस के दौरान मौलाना नदीम रजा जैदी ने वाक्यस कर्बला बयान किया। इंतजामिया सदस्य समीर अब्बास ने बताया यह जुलूस लगभग 39 सालों से अधिक समय से उठाया जा रहा है। जुलूस में मुकामी और बाहरी अंजुमनों ने नौहाख्वानी और सीनाजनी की। जुलूस भरत कुंड चौराहे से मीरा ज़ैना होता हुआ एक तालाब के पास संपन्न हुआ।

### एसआईआर के विरोध में माकपा का प्रदर्शन

**बीकापुर, अयोध्या :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तसीलदार को सौंपा। किसान सभा के जिला संयुक्त सचिव बिनोद सिंह ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता किसान सभा जिला अध्यक्ष मोहम्मद इशहाक व संचालन सीपीआई (एम) के जिला संयुक्त सचिव विनोद सिंह ने किया। प्रदर्शन में मैनूदीन, सुग्रीव धुरिया, मो. हारुल, बशराज, बाबूराम यादव, दुर्गेश उपाध्याय आदि थे।

### सीएचसी में एक ही दिन में हुए सात ऑपरेशन

**बीकापुर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने एक दिन में सात सीजर आपरेशन करके रिकार्ड बना दिया। अधीक्षक डॉ. अंशुमान यादव की देखरेख में सात महिलाओं के शल्य प्रसव कराए गए। सीएमओ डॉ सुशील कुमार बानियान ने बताया कि यह कीर्तिमान डॉक्टर्स और अन्य कर्मियों के कड़े प्रयास से हासिल हुआ। बताया कि डॉ. फातिमा और डॉ. गुंजन यादव, डॉ. अभिषेक सिंह ने महिलाओं का गहन परीक्षण कर सीजर प्रक्रिया की। इस दौरान पांच मेल और दो फीमेल बच्चों ने जन्म लिया। बताया कि प्रसूता और नवजात को गहन चिकित्सकीय निरीक्षण में रखा गया है।

### पद्मश्री गीता के नृत्य से भावविभोर हुए दर्शक

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रसिद्ध ओडिशी नृत्यांगना पद्मश्री गीता महालिक ने यश विद्या मंदिर में आयोजित स्पिक मैके के कार्यक्रम में अपनी नृत्य कला से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। महालिक ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का आगाज किया। उन्होंने अलग-अलग राज्यों की नृत्य विधाओं पर चर्चा करते हुए ओडिसी नृत्य के विषय में बच्चों को विशेष जानकारी दी। मंगलाचरण शिव स्तुति पर आधारित नृत्य प्रस्तुति व आराध्य, भूमि, गुरु व कला को प्रणाम कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि जगन्नाथ जी के मंदिर में चारों पहर नृत्य करने वाली छोटी बच्चियों को महरि व बालकों को गोटीपुआ कहा जाता था। सीता स्वयंवर, अहिल्या उद्धार, सीता हरण व रामसेतु का दृश्यांकन कर दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी। जिंगल बेल स्कूल, जेबी अकादमी के छात्र-छात्राएं व शिक्षक सहित यश विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या सरिता त्रिपाठी, कोऑर्डिनेटर गिरीशचंद्र वैश्य, प्रसून श्रीवास्तव व अभिभावक मौजूद रहे।



सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर से निर्मली कुंड मार्ग पर बाढ़ के पानी में आता ई-रिक्शा व खराब हुई स्कूटी।





● अमृत विचार

सरयू में आए उफान से निर्मली कुंड तक पहुंचा पानी (ऊपर) एवं गुप्तारघाट के निकट पानी में डूबीं नावें।

# सरयू हुईं विकराल, कई गांवों में भरा पानी, सड़कें बहीं

## सरयू तट स्थित पार्किंग में फंसे वाहन, गुप्तारघाट में सीढ़ियों के बराबर पानी, गांव के लोग ले रहे शरण

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** सरयू के बाढ़ से तबाही शुरू हो गई है। कई गांवों में पानी भर गया। सड़कें बह गईं। शहर से सटे 14 कोसी परिकर्मा मार्ग पर पानी भर गया। गुप्तार घाट में सीढ़ी पर पानी आ गया। श्मशान घाट में पानी भर गया। दर्जनों वाहन पार्किंग स्थल पर फंस गए। प्रशासन के अफसर दौरे पर हैं। राहत व बचाव कार्य तेज है।

सरयू अब रिकार्ड की ओर बढ़ रही है। शुक्रवार शाम जल स्तर लाल निशान से 53 सेमी ऊपर पहुंच गया। अभी और बढने की संभावना है। सोहावल और सदर में शरणालय में बाढ़ प्रभावित पहुंच रहे हैं। भोजन की व्यवस्था की गई है। प्रशासन की टीमें जगह-जगह लगी हैं। रामनगरी में सरयू के तट का श्मशान घाट जल धारा में डूब गया। नगर निगम की पार्किंग में नदी का पानी पहुंच गया। दर्जनों वाहन फंस गए। स्नान सीढ़ी पर ही हो रहा है। सुरक्षित स्नान करने का बोर्ड लगा दिया गया। स्थानीय निवासी सूरज ने बताया कि देखते ही देखते पूरी पार्किंग पानी में डूब गई। अधिकतर गाड़ियां देर रात्रि यहां पहुंची। यात्री सावन झूला मेले में शामिल होने के लिए गए। वापसी के बाद ट्रैक्टर से खींच कर एक-एक गाड़ी बाहर निकाली जाती रहीं।





बलुइयामाझा में गांव में भरा बाढ़ का पानी एवं जानवरों के लिए चारे की व्यवस्था करते बाढ़ प्रभावित लोग।

### चलने के लिए सड़क नहीं बची

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के कई गांवों के घरों में पानी घुस गया। सड़के टूटने से गांव का संपर्क कट गया। फसलें जलमग्न हैं। चारे का संकट गहरा गया। प्रशासन ने नावों की व्यवस्था की है। बाढ़ प्रभावित बलुइयामाझा मड़ना के 170 घरों में बाढ़ का पानी घुसने लगा है। गांव के ग्राम पंचायत सदस्य सत्रोहन निषाद, अयोध्या निषाद, जोखू निषाद, जोखू निषाद, सभाजीत निषाद, छोटू बताते हैं कि पानी से पूरा गांव घिर गया है, घरों में बाढ़ का पानी घुस रहा है। लेखपाल और प्रधान ही दिखाई पड़ते हैं। यही हाल रामपुर पुवारी माझा, मदराही की है। ग्राम प्रधान रमेश निषाद ने बताया कि सबसे बड़ा संकट जानवरों के चारे का है। चारे की कोई व्यवस्था नहीं हुई है। मूडाडीहा माझा, पिपरी संग्राम, सलेमपुर, उरदहवा, पूरे चेतन बाढ़ के पानी से घिरे हैं। लोगों का पलायन शुरू है। दशरथ समाधि स्थल पर शरण ले रहे हैं।

### एसडीएम ने किया दौरा, बांटे लंच पैकेट व तिरपाल

**शुजागंज, अमृत विचार :** रुदौली तहसील क्षेत्र के शुजागंज के तटवर्ती गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। ग्रामीणों में दहशत है। नवागत एसडीएम रुदौली विकासधर दुबे ने अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित सराय नासिर, अब्बूपुर, सल्लाहपुर, कैथी, महंगू का पुरवां, संडरी परसैया, और पस्तामाफी समेत दर्जनों गांवों में पहुंचकर स्थिति की समीक्षा की। पशुओं के चारे, स्वास्थ्य सेवाएं और राशन वितरण की व्यवस्था की जानकारी ली। एसडीएम ने पसैंया के लोगों को लंच पैकेट व तिरपाल वितरण किया। सरयू के टापू पर बसे कैथी मांझा गांव में मूलभूत जरूरतों को जद्दोजहद का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण शिवकुमार यादव, दीपक यादव और महेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में हर साल बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। एसडीएम ने बताया कि जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। स्थिति सामान्य होने तक निगरानी जारी रहेगी। तहसीलदार विजय गुप्त, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य, शुजागंज चौकी प्रभारी शंकरलाल व अन्य मौजूद रहे।

### 85 परिवारों को पहुंचाया बाढ़ शरणालय

**सोहावल।** बाढ़ की चपेट में आए माझा कला के 35 परिवार को बाढ़ चौकी कोटसराय लाया गया। अब तक कुल 85 परिवार कोटसराय पहुंचे। मानधाता का पुरवा, रग्घुपुर के बीच सड़क टूट जाने से रग्घुपुर-सिंहोरा का संपर्क मार्ग टूट गया।

## ताल-तलैया बने 800 से अधिक स्कूल नहीं पहुंच सके 2.5 लाख बच्चे







प्राथमिक विद्यालय बंदीदासपुर में जलभराव एवं प्राथमिक विद्यालय की कक्षा तक पहुंचा बारिश का पानी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लगभग 12 घंटे की मूसलाधार बारिश ने जनपद के परिषदीय विद्यालयों को ताल – तलैया बना दिया। 1707 परिषदीय विद्यालयों में से करीब 800 से अधिक सरकारी स्कूलों में पानी भर गया और निर्माण से लेकर जल निकासी की पोल खुल गई। बारिश और स्कूलों में जबरदस्त जलभराव के कारण नामांकित 3 लाख 50 हजार से अधिक बच्चों में से ढाई लाख बच्चे शुक्रवार को स्कूल नहीं पहुंच सके। शुक्रवार सुबह सात बजे तक अनवरत बारिश ने जनपद में जहां जन जीवन अस्तव्यस्त कर दिया वहीं परिषदीय विद्यालयों का बुरा हाल हो गया। जनपद के सभी 12 खंड शिक्षा क्षेत्रों के स्कूल बारिश की चपेट में आए और अधिकतर में घुटनों तक जलभराव हो गया। अमानीगंज के आस्तकीन प्राथमिक विद्यालय में तो कक्षाओं में पानी प्रवेश कर गया। नतीजा आठ बजे पहुंचे शिक्षक लल्लन को साइकिल लेकर हेलमेट लगा अंदर जाना पड़ा। इतना ही नहीं आठ से दस की संख्या में पहुंचे बच्चे बैरंग लौट गए। मिल्कीपुर प्राथमिक विद्यालय और पूरे बनकटी प्राथमिक विद्यालय में कोई भी छात्र नहीं पहुंच सका। हैरिंग्टनगंज के प्राथमिक विद्यालय बंदीदासपुरवा में जलभराव दिखा। प्राथमिक विद्यालय गुरु बक्श, उच्च प्राथमिक विद्यालय कोदेनिया मवई समेत करीब आठ सौ से अधिक परिषदीय विद्यालय जलभराव से ग्रसित रहे। खंड शिक्षा अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार नामांकित साढ़े तीन लाख से अधिक बच्चों में से ढाई लाख शुक्रवार को स्कूल नहीं पहुंच सके। शिक्षकों की उपस्थिति करीब 75 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. संजय ने बताया कि रात्रि से ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से अवकाश के लिए प्रार्थना की जाती रही, लेकिन जिलाधिकारी द्वारा अनुमति न मिलने से अवकाश नहीं घोषित हुआ। उन्होंने बाराबंकी में हुई दुर्घटना में शिक्षिकाओं के निधन पर शोक व्यक्त किया।

> बारिश के अलर्ट को लेकर सभी को पहले से सतर्क किया गया था। आज अवकाश के लिए प्रयास किया गया लेकिन अनुमति नहीं मिली। जनपद में कुछ स्कूल प्रभावित हुए हैं लेकिन कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। – **अश्वनी कुमार पाण्डेय, प्रभारी बीएसए**



बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते एडी हेल्थ डॉ.वीके वर्मा, सीएमओ डॉ.सुशील कुमार व अन्य।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता के निर्देश

**अयोध्या, अमृत विचार :** अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण डॉ. वीके वर्मा ने शुक्रवार को सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र व बाढ़ चौकियों का निरीक्षण किया। दशरथ समाधि, पूरा बाजार एवं रामपुर पुवारी मया बाजार बाढ़ क्षेत्र में पहुंचकर जनमानस को बाढ़ से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया। पूरा बाजार व मया बाजार सीएचसी के अधीक्षक को निर्देशित किया गया की बाढ़ मेडिकल कैंप में ओआरएस पैरासिटामाल, ब्लीचिंग पाउडर, क्लोरीन टैबलेट, फंगल क्रीम, आई ड्रॉप आदि दवाइयां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हों। डीपीएम राम प्रकाश पटेल, जिला मलेरिया अधिकारी मंजुला आनंद एवं जिला एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ अरविंद श्रीवास्तव, अधीक्षक पूरा बाजार डॉ सुनील, अधीक्षक मया बाजार डॉ इंद्रजीत वर्मा, मलेरिया निरीक्षक अनवर खान, एडी स्टेनो राजेंद्र कुमार एवं आलोक शुक्ला उपस्थित थे।



रुदौली के बाढ़ प्रभावित कैथी माझा गांव का निरीक्षण करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम।

# भारी बारिश से कहीं खुशी तो कहीं कम जैसी स्थिति

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** जिले में गुरुवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश से कहीं खुशी तो कहीं गम जैसे हालात बन गए। शहर के विभिन्न मोहल्ले लबालब हो गए। आने जाने में दिक्कत है तो कई ग्रामीण बाजार और घरों में पानी भर गया। धान की फसल को लाभ हुआ तो उड़द और अरहर की बुवाई प्रभावित हुई। तेज बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान सब्जी की खेती करने वालों को हुआ है। कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मिश्रा के अनुसार नौ अगस्त को तेज बारिश का अनुमान है। 10 अगस्त को कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश होगी। 11 अगस्त से मानसून फिर से सक्रिय हो जाएगा।





मां देवकाली वार्ड न जल भराव

### रुदौली में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**रुदौली, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में बरसात शुरू होने के साथ बिजली काट दी गई। विद्युत उपकेंद्र तहसील रुदौली, रुदौली ग्रामीण, सैदपुर, शुजागंज, पटरंगा, रायपुर, बाबा बाजार के उपभोक्ता प्रभावित हुए। बाजार में आपूर्ति सुबह आठ बजे शुरू हुई। कई उपकेंद्रों में शाम तक टूटे तार, पोल सही करने का काम चलता रहा। बारिश से मलना का पुरवा गांव में खड़ंजा बह गया। मोहल्ला अकबरगंज में सड़क पर पानी आने से लोग घरों में कैद हो गए है। हनुमान किला वार्ड के बाबा बाजार रुदौली मार्ग पर जल निकासी के नाले और तालाब पर दुकान और आवासीय भवन बनाने से घुटनों बरसाती भरा। सभासद मुमताज राइन ने कहा कि तालाबों पर निर्माण की शिकायत की थी। कोई कार्रवाई न होने से शहर टापू बन रहा है। मोहल्ला देवकाली, काशीपुर वार्ड के मानापुर काशीपुर इंटरलॉकिंग मार्ग जल भराव ने जिंदगी की गति धीमी कर दी है। देवकाली वार्ड में चोक नाले से जल निकासी कमान स्थानीय नागरिक ने संभाली। सभासद महेश कश्यप ने कहा कि मोहल्ले के लोगों के साथ चोक नाला खुलवाया। सीएचसी रुदौली के परिसर में जल भराव हो गया। रुदौली रेछघाट मार्ग पर आजाद नगर के निकट तमसा नदी पर निर्माणाधीन पुल से 200 बीघा फसलों के जलमग्न हो गई। विधायक राम चंद्र यादव ने लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों को पानी निकलवाने के निर्देश दिए। पालिका परिषद ईओ प्रेम नाथ ने बताया कि अतिवृष्टि से जमा बरसाती पानी को निकलवाने के लिए कई पंप लगाए गए है। कोतवाली के सामने बंद पुलिया को जेसीबी से खुलवाया गया है। नयागंज में पूरेमालिक के निकट सड़क पर आए पानी को निकलवाया जा रहा है। सभासद आशीष वैश्य, कुलदीप सोनकर, सफात अहमद के साथ जल भराव के स्थलों का निरीक्षण किया है।

### ढाई दर्जन आवासीय मकान धराशायी

**रुदौली, अमृत विचार :** बीती रात बारिश में ढाई दर्जन आवासीय मकान धाराशाई हो गए। विधायक राम चंद्र यादव ने ग्राम चौधरी का पुरवा में अतिवृष्टि से राम भवन के आवासीय मकान पर पहुंचे। जमींदोज मिट्टी के मकान को देख दैवी आपदा के अलावा मुख्यमंत्री आवास का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए तिरपाल दिया। इसी गांव के मानिक राम की गिरी पक्की दीवार गिरने देखने पहुंचे। विधायक ने बताया कि अब तक अतिवृष्टि से ढाई दर्जन मकान क्षतिग्रस्त होने की जानकारी है।कैथी मांझा में पांच, अहिरौली और अख्तियार में सात, भेलसर एक, ललुवापुर दो, मलना का पुरवा में दो आवासीय मकान जमींदोज हुए हैं। एसडीएम रुदौली विकासधर द्विवेदी ने बताया कि सभी लेखपालों व राजस्व कर्मियों को सभी ग्राम पंचायत में लगाया गया है। जल्द मदद दिलाई जाएगी।



बारिश से गिरे घर के लोगों से जानकारी लेते विधायक रामचंद्र यादव।

### डीएम ने बाढ़ प्रभावितों को दिया अपना नंबर

**रुदौली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे शुक्रवार को तहसील रुदौली के बाढ़ प्रभावित कैथी माझा गांव पहुंचे। ग्राकैथी माझा, परसैया समेत गांवों में खाने का सामान, तिरपाल आदि दो दर्जन परिवारों को राहत सामग्री बांटी। हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। पीड़ितों को सुरक्षित स्थान पर जाने का निर्देश दिया। बाढ़ आपदा से निपटने के लिए अपना दूरभाष नंबर दिया। एडीएम वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी विकास धर दुबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष निगम, तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला, हल्का लेखपाल नकछेद भारती मौजूद रहे।

# महिला सफाई मित्रों से महापौर व नगर आयुक्त ने बंधवाई राखी

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** नगर निगम का तिलक हाल शुक्रवार को अनूठी पहल का गवाह बना। मौका था रक्षा बंधन उत्सव का। महिला सफाई मित्रों ने महापौर गिरीशपति त्रिपाठी को रक्षाबंधन बांधकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महापौर ने महिला सफाई मित्रों को उपहार भेंट कर सुखद भविष्य का संदेश दिया। तिलक हाल में 12 बजे दोपहर को बड़ी तादाद में महिला सफाई मित्र एकत्र हुईं और बंधन उत्सव का हिस्सा बनीं। निशा, सुमन, मधु, माया, बिंदु, लेखा... आदि 200 से अधिक महिला सफाई मित्रों ने चंदन का टीका लगाया। आरती उतारी और महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, अपर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राममणि शुक्ल, पार्षद अभिनव पांडेय, रमाशंकर को राखी बांधी।

महापौर ने सभी को मिष्ठान खिलाने के साथ ही साड़ी एवं अन्य उपहार भेंट किया। उन्होंने अपने संबोधन में सफाई मित्रों की सपरिवार सुखद भविष्य की कामना की और अयोध्या को भारत का सबसे स्वच्छ नगर बनाने का संकल्प दिलाया। नगर आए इतनी सभी को स्वस्थ रहने और दीर्घायु होने की शुभकामना दी।



तिलक हॉल में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार को राखी बांधतीं महिला सफाई मित्र।



रक्षा बंधन के अवसर पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय के कृष्णापुर आवास पर मौजूद बहनें।

### पूर्व मंत्री ने बहनों को दिये उपहार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रक्षा बंधन के मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन को कृष्णापुर आवास पर बहनों ने राखी बांधी। पूर्व मंत्री ने सभी बहनों को उपहार दिया। उन्होंने कहा कि बहन-भाई के बीच समझदारी और समानता का भाव होता है। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, अयोध्या विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, महासचिव गोपीनाथ वर्मा, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, प्रदेश सचिव राम अचल यादव, शमशेर यादव, संजय सिंह, गयादीन यादव तरजीत गौड़ शिव बरन यादव आदि मौजूद थे।

### छात्राओं ने सैनिकों को बांधे रक्षा सूत्र

**अयोध्या।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद और शिवदयाल जायसवाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में डोगरा रेजीमेंट सेंटर के विशाल मंदिर प्रांगण में रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील कुमार चीफ रिकॉर्ड ऑफिसर डोगरा अभिलेख कार्यालय एवं विशिष्ट अतिथि कैप्टन विनोद अत्री रिकॉर्ड ऑफिसर डोगरा रिकॉर्ड थे। धर्म शिक्षक के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विद्यालय की सभी बालिकाओं ने सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधकर उनको तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाया। लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील ने बच्चियों का उत्साहवर्धन किया। परिषद के जिलाध्यक्ष प्रकाश पाठक, प्रधानाचार्य डॉ. अवनी कुमार शुक्ला, सूबेदार मेजर हनुमान प्रसाद, सूबेदार अयोध्या प्रसाद, कैप्टन जेपी द्विवेदी, नायक सूबेदार सिद्धनाथ, कैप्टन अमरजीत व अन्य मौजूद थे।

### एसआई रणजीत ने मुस्लिम बहन से बंधाई राखी

**अयोध्या।** पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में तैनात सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव ने अपनी मुंहबोली मुस्लिम बहन शबीना खातून से राखी बंधवाकर हिंदू-मुस्लिम एकता और सामाजिक सौहार्द का अनूठा संदेश दिया। शबीना थाना मवई क्षेत्र से लगभग 65 किमी की यात्रा कर मो. तहरीन और आशुतोष नारायण के साथ पुलिस लाइन स्थित रणजीत के आवास पर राखी और मिठाई लेकर पहुंची। खाकी वाले गुरूजी के नाम से मशहूर रणजीत यादव को शबीना ने पहले चंदन का तिलक लगाया, फिर अपनी कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई। भाई रणजीत ने उपहार देकर उन्हें विदा किया। जौनपुर से मुंहबोली बहन अन्नपूर्णा गोरखपुर से सपना और हरियाणा से सृष्टि गुलाटी ने डाक के माध्यम से राखी भेजी।

## न्यूज ब्रीफ

### इटरौरा में जुलूस-ए-अजा कार्यक्रम आज

**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम इटरौरा में अंजुमन जुल्फिकारे हैदरी द्वारा वार्षिक जुलूसे अजा सानिए जहरा कार्यक्रम आगामी नौ अगस्त शनिवार को आयोजित होगा। आयोजन समिति के सैयद मोहम्मद अब्बास नब्बन ने बताया कि 51वें दौर के इस कार्यक्रम में मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास, मौलाना मोहम्मद असगर शारिब तथा मौलाना मोहम्मद आमिर मजमे को संबोधित करेंगे।

### बृहद श्रावणी उपाकर्म का आयोजन आज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** विकासखंड बसखारी में सरयू नदी के लंगर तीर घाट के राम जानकी मंदिर पर 9 अगस्त दिन शनिवार को बृहद श्रावणी उपाकर्म संपन्न होगा। जिसमें पूरे जिले से भारी संख्या में कर्मकांडी ब्राह्मण सम्मिलित होंगे। मुख्य आचार्य का कार्य पंडित उमा शिव पांडेय की देखरेख में आचार्य पवन तिवारी व अन्य आचार्य गण संपन्न करेंगे।

### नि:शुल्क तोरिया बीज के लिए आवेदन आमंत्रित

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा संचालित राज्य सहायतित निशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत तोरिया लाही फसल के 02 किलोग्राम मात्रा के बीज मिनीकिट नि :शुल्क वितरित किए जाएंगे। उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि इच्छुक कृषकों को बीज मिनीकिट प्राप्त करने के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर 01 अगस्त से 15 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

### फार्मासिस्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अपनी बच्ची के साथ कुत्ते की वैक्सीन लगवाने गए अधिवक्ता के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर के फार्मासिस्ट द्वारा गाली-गलौज व धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के कांदीपुर निवासी अधिवक्ता अंजेश कुमार यादव ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि वह गुरुवार को अपनी पुत्री यशस्वी को कुत्ता काटने की वैक्सीन लगवाने सीएचसी नगपुर गए थे।

### मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए 14 तक करें आवेदन

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के लिए इच्छुक लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक व्यक्ति विभागीय पोर्टल पर 14 अगस्त तक योजनावार आवेदन कर सकते हैं।

### छात्रवृत्ति योजना की संशोधित समय सारणी जारी

**अंबेडकरनगर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की संशोधित समय सारणी जारी कर दी गई है। यह जानकारी जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी वरुण सिंह ने दी है। बता दें कि 1 जुलाई से 5 अक्टूबर तक विद्यालय द्वारा मास्टर डाटा तैयार करना होगा। 2 जुलाई से 15 अक्टूबर तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन किया जाएगा। 2 जुलाई से 30 अक्टूबर तक छात्र-छात्राओं द्वारा रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन आवेदन करना होगा। 03 जुलाई से 4 नवंबर तक फाइनल प्रिंट निकालना होगा। 3 जुलाई से 31 अक्टूबर तक हार्ड कॉपी संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा किया जाएगा। 03 जुलाई से 6 नवंबर तक विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित और अग्रसारित किया जाएगा तथा धनराशि का अंतरण के लिए 31 दिसंबर तक भुगतान के साथ-साथ 2 अक्टूबर को भी भुगतान करने का निर्णय लिया गया है।

# रामनगरी में दिखेंगे दक्षिण भारत के तीन महान संगीतज्ञ

## जीर्णोद्धार हो रहे वृहस्पति कुंड से पर्यटन को लगेंगे पंख ■ टेढ़ी बाजार के पास वृहस्पति कुंड का 4.49 करोड़ रुपये से हो रहा सौंदर्यीकरण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अब टेढ़ीबाजार स्थित वृहस्पति कुंड का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। यह कुंड दक्षिण भारत के पर्यटकों को भी खूब भायेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां पर दक्षिण भारत के तीन महान व भक्ति गीतों के दिवंगत संगीतकारों की मूर्तियां सुशोभित होंगी। तक़रीबन 4.49 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे इस कुंड को महीने डेढ़ महीने में पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा।



तेजी से बदल रहा वृहस्पति कुंड का आकार। अमृत विचार

श्रीराम की पावन नगरी एक बार फिर अपनी प्राचीन और आध्यात्मिक धरोहरों को सहेजने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। टेढ़ी बाजार के समीप स्थित वृहस्पति कुंड का जीर्णोद्धार कार्य तेजी से चल रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा अंजाम दिया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 4.49 करोड़ रुपये है। अयोध्या संरक्षण विकास समिति इस परियोजना की मॉनिटरिंग कर रही है, ताकि कुंड को न केवल आध्यात्मिक, बल्कि भव्य और पर्यटन के लिए आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जा सके।

वृहस्पति कुंड अयोध्या के 108 प्राचीन कुंडों में से एक है, जिनका उल्लेख वेदों, पुराणों और उपनिषदों में मिलता है। यह कुंड धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि मान्यता है कि त्रेतायुग में भगवान राम और उनके भाइयों ने इन कुंडों में स्नान और अन्य धार्मिक कार्य किए थे। राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर रविंद्र यादव ने बताया की परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है। दो वर्ष पहले कार्य शुरू हुआ था। वृहस्पति कुंड के जीर्णोद्धार से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अयोध्या में पहले ही सूर्य कुंड और भरत कुंड जैसे स्थलों का जीर्णोद्धार हो चुका है।

### जानिये क्या कार्य हुआ और क्या है बाकी

इस परियोजना के तहत कुंड के आसपास के क्षेत्र को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। इसमें पक्के घाटों का निर्माण, स्वच्छ जल की व्यवस्था, और पर्यटकों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था शामिल है। कुंड के आसपास हरियाली और लैंडस्केपिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे यह स्थल पर्यटकों के लिए और अधिक आकर्षक बने। टॉयलेट ब्लॉक, सिक्योरिटी केबिन, सेप्टिक टैंक, आर्क, सीसी रोड चाहरदिवारी व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य अंतिम चरण में है, जबकि रेन वाटर हार्वेस्टिंग व आरसीसी रिटेनिंग वाल का कार्य पूरा हो चुका है।

### इनकी लगनी हैं मूर्तियां

अयोध्या का संगीतकारों से नाता जुड़ता ही जा रहा है। हाल ही में सरकार ने सुप्रसिद्ध गायिका लता मंगेशकर की भारी भरकम वीणा नया घाट चौराहे पर लगवाकर उन्हें नमन किया है। ठीक इसी तरीके अब तीन सांगितज्ञ की मूर्तियां लगने जा रही हैं। इनमें दक्षिण भारत के भक्ति गीतों के महान संगीतकारों त्यागराज स्वामीगल (1767-1847), पुरंदर दास (1484-1564) व अरुणाचल कवि (1711-1779) की मूर्तियां आनी प्रस्तावित है, जिनकी स्थापना के लिए 3 फाउन्डेशनों का कार्य पूर्ण हो चुका है। मूर्तियों का 10 दिन में परियोजना पर आना प्रस्तावित है।

### दिल्ली चुनाव में केंद्रीय मंत्री के घर बने 33 हजार वोट: संजय

**अयोध्या, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने महार्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पत्रकारों से राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी को लेकर लगाए गए आरोप पर कहा कि यह आरोप मैंने पहले ही लगाया था। दिल्ली का चुनाव और देश का चुनाव दोनों अवैध घोषित किए जाएं। जिस-जिस राज्य में चुनाव के दौरान गड़बड़ी हुई थी उसे भी अवैध घोषित किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली चुनाव के दौरान छोटे-छोटे घरों में 25, 30, 35 वोट बनाए गए थे। हमने प्रमाण भी दिया था। एक केंद्रीय मंत्री के घर के अंदर 33 वोट बनाए गए थे। दिल्ली का चुनाव घोटाला करके जीता गया था। बिहार में कुत्ते का निवास प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। 40 मरे हुए लोगों का एक बूथ में वोट बनाया गया। बीएलओ खुद बैठकर लोगों के फॉर्म भर रहे हैं।

### अवध विश्वविद्यालय के तीनों परिसर में बनेंगे सेल्फी प्वाइंट

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में प्रभारी कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए प्रभारी कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने कहा कि 2022 से भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसी के तहत विश्वविद्यालय में तीनों परिसरों के सभी भवनों पर तिरंगा फहराया जाएगा और परिसर को सजाया जाएगा। साथ ही तीनों परिसरों में तिरंगा के सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर के सभी भवनों के साथ शिक्षक आवासों पर भी तिरंगा घर-घर फहराया जाए। स्वतंत्रता दिवस समारोह में तिरंगा रंगोली एवं राखी बनाने की कार्यशाला, भव्य तिरंगा म्यूजिकल कंसर्ट का आयोजन परिसर में किया जाएगा। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक को प्रमुख रूप से आयोजन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी दी गई है। वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, कुलानुशासक, प्रो. एसएस मिश्र आदि मौजूद रहे।

## काकोरी ट्रेन एक्शन के वीर शहीदों को किया नमन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह कार्यक्रम अमर शहीद अशफाक उल्ला खा मेमोरियल मंडल कारागार परिसर में किया गया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



जिला कारागार में अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की प्रतिमा नमन करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव।

शुभारम्भ जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन द्वारा शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये तथा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। महापौर द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण किया गया। जिला प्रशासन द्वारा मोटर साइकिल तिरंगा यात्रा, प्रभात रैली, शहीदों को पुष्पांजलि, राष्ट्र धुन का वादन एवं सलामी, काकोरी से संबंधित अभिलेख एवं प्रदर्शनी, राष्ट्रभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। तत्पश्चात काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ से प्रसारित सम्बोधन को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह द्वारा समापन समारोह कार्यक्रम के अवसर पर जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/ शहीदों के परिजनों को काकोरी मोमेंटो व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



### रंगोली व राखी के जरिए दिखाई देशभक्ति की झलक

**कुमारगंज, अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रंगोली और तिरंगा राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विभिन्न महाविद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं से बनाए गए रंगोली व राखी को देखा। प्रतिभागी विजेताओं को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुलपति पुरस्कृत करेंगे। केसरिया, सफेद और हरे रंग में बनी राखी बहन और भाई के अटूट प्रेम को दर्शा रहा था। पशु चिकित्सा महाविद्यालय में रंगोली में शालिनी सिंह, अमित कुमार, अनुभव, अक्षय व रमेश वर्मा प्रथम स्थान पर रहे। दिव्यांशमणी, नेहा सिंह, पर्थ एवं शबनम बानों दूसरे स्थान पर रहीं। मात्यिसकी महाविद्यालय से रंगोली में अनुश्री दोहरे व रेशम प्रथम, निरंजन, बृजेश व आकाश वर्मा ने भी दूसरा स्थान हासिल किया। राखी प्रतियोगिता में अनुश्री प्रथम, रेशम दूसरा और निरंजन ने तीसरा स्थान हासिल किया। कृषि महाविद्यालय में रंगोली में शीतल गौड़, उजाला कुमारी, कैथरीन प्रथम और अंजलि व प्रियंका दूसरे स्थान पर रहीं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी के संयोजन में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** बीते 2 अगस्त से 15 अगस्त तक तीन चरणों में आयोजित हो रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में शुक्रवार को जनपद के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा रैली सहित अनेक राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति के जयकारों के साथ तिरंगा रैली निकाली। हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला।



तिरंगा रैली में शामिल छात्र-छात्राएं और शिक्षक। अमृत विचार

### मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन 10 से 12 तक

भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी के मार्गदर्शन और अभियान जिला संयोजक बाबा राम शब्द यादव के संयोजन में शुक्रवार को जनपद के मंडलों में भाजपा भाजपा नेताओं ने बैठक कर तैयारियों को अन्तिम रूप दिया। स्वतंत्रता दिवस पर 10 से 12 अगस्त तक मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

### महिला लाखों के जेवरात लेकर फरार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर में एक शादीशुदा महिला ने लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद मुकदमा पंजीकृत किया है। पिता ने गुरुवार को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री एक अगस्त को घर से गायब हो गई। जिसकी खोजबीन आस पास और रिश्तेदारी में किया, लेकिन उसका कही कुछ पता नहीं चला। घर के परिवारीजनों से बात किया गया तो ज्ञात हुआ घर में रखा आभूषण वह अपने साथ लेकर चली गई है। प्रार्थी के दामाद ओमकेश के मोबाइल नंबर पर फोन कर गाली-गलौज करते हुए वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुये ब्लैक मेल करते थे। लाल कृष्ण मौर्या निवासी ग्राम नगपुर और अन्य लोग मिलकर मेरी लडक़ी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## जहांगीरगंज में युवती के अपहरण का मामला निकला झूठा

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जहांगीरगंज में कथित अपहरण का मामला प्रेम-प्रसंग का निकला है। अपहरण की पूरी घटना झूठी है।

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव ने बताया कि बीते सात अगस्त को नेवारी दुराजपुर निवासी युवती के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि दोपहर लगभग 12:35 बजे उनकी बेटी अपनी बहनों के साथ जहांगीरगंज बाजार जा रही थी। गनपतपुर के पास पहुंचने पर एक सफेद चार पहिया वाहन से कुछ लोग आए और हथियार दिखाकर बेटी को खींचकर गाड़ी में बैठा लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना स्थलीय निरीक्षण किया। सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल और अन्य माध्यमों से जांच करने पर मामला प्रेम प्रसंग का निकला। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी निसार खां को गिरफ्तार किया। निसार खां संतकबीरनगर के घनघटा थाना क्षेत्र के पोखरा भिटवा का रहने वाला है। वो मदरसा इस्लामिक बरकतउल उलूम नेवारी दुराजपुर में शिक्षक है।

## सिटी डायरी

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अकबरपुर क्षेत्र में नई शाखा का किया उद्घाटन



नई शाखा का फीता काटकर उद्घाटन करते डीएम अनुपम शुक्ला।

**अंबेडकरनगर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपने वाराणसी अंचल कार्यकाल के अंतर्गत जनपद के अकबरपुर क्षेत्र में अपनी नवीन शाखा का शुभारंभ किया। इस शाखा का उद्घाटन जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने उद्घाटन अवसर पर बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। अकबरपुर शाखा बैंक ऑफ महाराष्ट्र की वाराणसी अंचल में 44वीं तथा जनपद में तीसरी शाखा है, जो पूर्वांचल क्षेत्र में बैंक के निरंतर विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। वाराणसी अंचल के अंचल प्रमुख कमल कुमार ठाकुर ने बैंक की विविध सेवाओं की जानकारी दी। शाखा प्रबंधक श्रीराम परवेश ने समस्त अतिथियों, ग्राहकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बैंक के मुकेश वर्मा, सूरज सिंह, शिवांगी गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



बार एसो. चुनाव नतीजे आने के बाद खुशी जताते विजयी प्रत्याशी।

### सुनील अध्यक्ष और अरविंद बने सचिव

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** बार एसोसिएशन के चुनाव में अधिवक्ता सुनील श्रीवास्तव 450 मतों से जीतकर अध्यक्ष चुने गये। वहीं सचिव/मंत्री पद पर अरविन्द त्रिपाठी चुने गये। अध्यक्ष पद पर सुनील श्रीवास्तव ने अधिवक्ता संजय कुमार त्रिपाठी को पराजित कर विजय प्राप्त की, जबकि अरविन्द त्रिपाठी ने अनिल वर्मा को पराजित कर मंत्री बने। बार एसोसिएशन की जनपद ईकाइ के वार्षिक चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान हुआ था। शुक्रवार को जब मतों की गणना शुरू हुई तो पहले रांउड से ही सुनील श्रीवास्तव व अरविन्द त्रिपाठी बढ़त बना लिए जो अंतिम चक्र की मतगणना तक कायम रही।



अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण का लगाया आरोप

**आजमगढ़।** जिले के बूढ़नपुर तहसील अंतर्गत ग्राम भाऊपुर में ग्रामीणों ने वर्षों पूर्व लगे खड़ंजे को बचाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव निवासी रामनरायन यादव द्वारा उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर झूठे तथ्यों के आधार पर गांव में 20 वर्ष पूर्व लगे खड़ंजे को उखाड़ कर रास्ते को बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर श्रीकान्त यादव, मायाराम यादव, रामरतन यादव, दुर्गावती देवी, अजय यादव, हरिराम यादव, अच्छेलाल यादव, विजय बहादुर यादव, अनीता यादव, ऊर्मिला देवी मौजूद रहे।



इंटर हाउस कंपटीशन में भाग लेतीं छात्राएं।

### सर्वोदय पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस कंपटीशन का आयोजन

**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में राखी के त्योहार के अवसर पर इंटर हाऊस कम्पटीशन आयोजित किया गया। इसमें कक्षा 1 से 12 तक के सभी हाऊस के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इंटर हाउस कम्पटीशन में राखी बनाना, कार्ड बनाना और थाली डेकोरेशन रखा गया था। अलग-अलग हाऊस से बच्चों ने सभी कम्पटीशन में भाग लिया। विभिन्न हाऊस के बच्चों द्वारा बनाई गई कृतियों का अवलोकन स्कूल के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव, निदेशिका कंचन यादव, प्रधानाचार्या बीना पी. उथुप तथा अन्य अध्यापको द्वारा किया गया।

## किशोरी का वीडियो वायरल करने के आरोपी का चालान

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** इंस्टाग्राम पर किशोरी का वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को शांति भंग में चालान कर दिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विकास मौर्य ने जलालपुर कोतवाली में पहुंचकर क्षेत्राधिकारी व कोतवाल से वार्ता किया। उन्होंने कहा कि बड़े गैंग का खुलासा जल्द से जल्द किया जाए। पुलिस के रवैया से काफी नाराजगी जाहिर करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक से भी इस संबंध में वार्ता कर नगर में इस तरह के बड़े पैमाने पर हो रहे अनैतिक कार्य का खुलासा करने की मांग की है।

बता दें कि बीते 5 अगस्त को कोतवाली क्षेत्र की एक बालिका के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग बालिका की अश्लील वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल किया गया है। जिसके बाद पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू किया तो पुलिस ने लगभग आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। जिसमें पुलिस ने आरोपी ऐस्सान नगर के उर्दू बाजार निवासी को पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया। क्षेत्राधिकारी अनूप सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## नवजात को स्तनपान कराना होता है लाभकारी

● **विश्व स्तनपान सप्ताह पर गोष्ठी का हुआ आयोजन**

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव, उप.प्रधानाचार्य डॉ. उमेश वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित पटेल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मुकुल सक्सेना, विभागाध्यक्ष बाल रोग डॉ. अमित गुप्ता, प्रोफेसर डॉ. विजय यादव, बाल रोग विभागाध्यक्ष स्त्री एवं प्रसूति रोग डॉ. हिना सईदा, सह आचार्य डॉ. प्रिया सिंह स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं विभागाध्यक्ष मेडिसिन डॉ. बृजेश कुमार सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम स्तनपान को प्राथमिकता दें, स्थायी सहायता प्रणालियां बनाएं रही। वक्ताओं ने बताया कि घर, कार्य स्थल और सार्वजनिक स्थलों पर ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे माताएं आसानी से स्तनपान करा सकें। विशेषज्ञों ने बताया कि नवजात को जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान शुरू कराना अत्यंत लाभकारी होता है।

**आयोजन** | काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के समापन समारोह कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

# काकोरी कांड के नायक देश के स्वाभिमान के प्रतीक : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास की स्वर्णिम गाथा काकोरी ट्रेन एक्शन की स्मृति में लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए प्रेरणादायी उद्बोधन को उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सुना।



काकोरी कांड को लेकर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में काकोरी कांड के अमर क्रांतिकारियों के बलिदान, साहस और राष्ट्रप्रेम को स्मरण करते हुए कहा कि उनका त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह आजादी के इन सपूतों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। जिलाधिकारी ने काकोरी के अमर शहीदों के आदर्शों को नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



देशभक्ति के गीत प्रस्तुत करतीं छात्राएं व मौके पर मौजूद एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय।

### पूरा देश घटना का मना रहा है शताब्दी पर्व : एमएलसी

**अंबेडकरनगर।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को लोहिया भवन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद हरिओम पाण्डेय और मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। हरिओम पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरा देश इस ऐतिहासिक घटना का शताब्दी पर्व मना रहा है।

# गैंगस्टर में 5 भाइयों को 10 वर्ष की कैद

## न्यायालय ने एक लाख 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमेठी जिले में आपराधिक गैंग बनाकर समाज में दहशत फैलाने और पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के आरोप में गैंगस्टर की विशेष अदालत के जज राकेश पांडेय ने शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए 10 साल की सजा व एक लाख 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाकर पांच सगे भाईयों को जेल भेज दिया। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट राकेश पांडेय ने अमेठी जिले के बेनीपुर निवासी हकीमुद्दीन समेत पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया था, जिन्हें जेल से तलब कर सजा सुनाकर जेल भेज दिया गया।

सरकारी अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी हकीमुद्दीन को पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने का दोषी भी पाया गया। इस मामले में हकीमुद्दीन के अलावा निजामुद्दीन, रियाजुद्दीन, कमालुद्दीन और इमामुद्दीन आरोपी हैं। अमेठी थाने में वर्ष 2002 में प्रभारी निरीक्षक गोरख सिंह ने इन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

### भूमिधरी संपत्ति में अवैध हस्तक्षेप पर स्टे लगाया

धम्मौर थाना क्षेत्र के बनकेपुर में स्थित खतौनी भूमि में अवैध हस्तक्षेप पर प्रभारी सिविल जज अविनाश चन्द्र गौतम ने रोक लगा दी है। अधिवक्ता अब्बास अहमद खान के जरिए वादी मो. तौहीद खां और मोईद अहमद ने कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। कोर्ट ने अंतरिम रूप से विपक्षी सलमान अहमद खान और जकरिया खान को वाद भूमि में किसी भी तरह के हस्तक्षेप से मना कर दिया है। अधिवक्ता ने बताया कि संक्रमणीय भूमि गाटा संख्या 534 में हस्तक्षेप पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने विपक्षियों को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए 30 अगस्त की तारीख नियत की है।

### बहुचर्चित सर्राफा डकैती कांड की सुनवाई अब एडीजे चतुर्थ की कोर्ट में

बहुचर्चित सर्राफा डकैती कांड की सुनवाई अब अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ निशा सिंह की अदालत में होगी। अब तक यह मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में विचाराधीन था। एडीजीसी दान बहादुर वर्मा ने बताया कि केस को स्थानांतरित कर एडीजे चतुर्थ की अदालत में भेजा गया है, जहां 11 अगस्त को सुनवाई होगी। इस तारीख को अभियोजन पक्ष से वादी भरतजी सोनी की गवाही दर्ज की जानी है। गौरतलब है कि 28 अगस्त 2024 को कोतवाली नगर क्षेत्र के चौक ठठेरी बाजार स्थित सर्राफा व्यापारी भरतजी सोनी की दुकान में डकैतों ने दिनदहाड़े धावा बोलकर लाखों की ज्वेलरी लूट ली थी। इस सनसनीखेज वारदात में पुलिस ने कुल 12 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में आरोपित सचिन सिंह व त्रिभुवन कोरी उर्फ लाला के खिलाफ पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत भी कार्रवाई की है।

### अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई 10 साल की जेल

- कोर्ट ने 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

संवाददाता, सुलतानपुर : दोस्तपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में सात साल पूर्व किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म करने के दोषी अमित चौहान को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार 10 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 15 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की सम्पूर्ण रकम बतौर क्षतिपूर्ति कोर्ट ने पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है। एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक 24 अक्टूबर 2018 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीड़िता के परिजन ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने किशोरी का बहला फुसलाकर कर अपहरण कर लिया तथा दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने दोषी को 10 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

### राहुल के मानहानि केस में सुनवाई 22 तक टली

संवाददाता, सुलतानपुर : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मुकदमे की सुनवाई शुक्रवार को नहीं हो सकी। मामले में परिवादी भाजपा नेता व कोआपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई 22 अगस्त को होगी। पिछली सुनवाई में कोतवाली देहात क्षेत्र के पीताम्बरपुर निवासी गवाह अनिल मिश्र का बयान दर्ज हुआ था, जिनसे बचाव पक्ष की ओर से जिरह किया जाना बाकी है। गौरतलब है कि चार अगस्त 2018 को विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ यह मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि राहुल गांधी ने बेंगलुरु की एक जनसभा में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष व वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे आहत होकर उन्होंने यह वाद दाखिल किया। मामले में राहुल गांधी की जमानत हो चुकी है और उनका बयान भी दर्ज किया जा चुका है। अपने बयान में राहुल गांधी ने आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया है। अब 22 अगस्त को न्यायालय में गवाह से बचाव पक्ष की शेष जिरह की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### निलंबित दीवानी कर्मी की जमानत अर्जी दाखिल

सुलतानपुर, अमृत विचार : अदालत से अर्थदंड की रसीद बुक गायब करने के आरोप में जेल भेजे गए निलंबित दीवानी कर्मी फैज आलम की ओर से वकील शेख नजर अहमद ने शुक्रवार को जिला जज कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई। जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ला ने पुलिस से प्रपत्र तलब कर 13 अगस्त को सुनवाई नियत की है।

### विवाद में युवक को पीटा, उंगली भी काटी

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के भूपतिपुर गांव में आपसी रंजिश के चलते एक युवक पर हमला कर दिया गया। शेर बहादुर नामक व्यक्ति 6 अगस्त की रात घर के पास खड़ा था, तभी विपक्षी राजन ने उसे गाली-गलौज करते हुए डंडे से पीटा और दाहिने हाथ की उंगली को दांत से काट लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने राजन के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दहेज में कार न देने पर विवाहिता से मारपीट

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : मलिकपुर नोनरा गांव की ममता ने पति व ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता की शादी 9 जुलाई 2023 को सिजीलपुर के हरिकेश से हुई थी। ससुराल पहुंचने पर ऑल्टो कार की मांग की गई। आरोप है कि 5 जून 2025 को गला दबाकर हत्या का प्रयास किया गया। पीड़िता किसी तरह भाग निकली। पति हरिकेश समेत छह के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

## जानलेवा हमले के आरोपी को राहत

सुलतानपुर, अमृत विचारः चांदा थाना क्षेत्र के बरुआ उत्तरी में आठ साल पूर्व बलवा, मारपीट और धारदार हथियार से ड्यूटी पर कार्यरत होमगार्ड पर जानलेवा हमला करने के आरोपी गोविन्द कुमार को जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ला ने अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि नियमित जमानत पर सुनवाई 18 अगस्त को होगी। लंभुआ थाना क्षेत्र के खुनशेखपुर निवासी जगदीश प्रसाद सिंह ने 27 अक्टूबर 2018 की घटना में आरोपी भोलानाथ, अनिल रविलाल, रत्नेश, वीरेंद्र और अज्ञात पर लाठी डंडे और धारदार हथियारों से हमला करने का मुकदमा दर्ज कराया था।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्यव्यापी आवाहन पर शुक्रवार को जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा गया। साथ ही यूरिया की किल्लत को लेकर भी चिंता जताते हुए किसानों के लिए तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की गई।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीपीआई(एम) राज्य सचिव मंडल सदस्य बाबूराम यादव ने कहा कि चुनाव आयोग मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के नाम पर नागरिकता सत्यापन का कार्य अपने हाथ में ले रहा है, जो संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के माध्यम से अल्पसंख्यकों और वंचित वर्गों को मताधिकार से वंचित किया जा सकता है। जिला मंत्री राधेश्याम वर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार एनआरसी जैसे विवादित कानून को चुपचाप लागू करना चाहती है। जिला कमेटी सदस्य बालकृष्ण मिश्र ने कहा कि धान की फसल के लिए जरूरी यूरिया खाद की भारी कमी किसानों के लिए संकट बन गई है। प्रदर्शन में दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की आवाज बुलंद की।

## समय पर न्याय दिलाना सबकी जिम्मेदारी

कादीपुर, सुलतानपुर



कादीपुर बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने ग्रहण की शपथ। ● अमृत विचार

- बार एसोसिएशन कादीपुर की नई कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण
- मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे एडीजे प्रथम संतोष कुमार

**अमृत विचारः** बार और बेंच के बीच सामंजस्य बनाए रखने में अधिवक्ताओं की बड़ी भूमिका होती है। किसी भी तरह के गतिरोध से न्यायिक प्रक्रिया में विलंब होता है। यह बातें एडीजे प्रथम संतोष कुमार ने बार एसोसिएशन कादीपुर की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

उन्होंने कहा कि वादकारियों को समय पर न्याय दिलाना हम सबकी जिम्मेदारी है और अधिवक्ताओं द्वारा सही व प्रभावी ढंग से पक्ष रखने पर ही त्वरित न्याय संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बार काउंसिल सदस्य एवं मुख्य स्थायी अधिवक्ता प्रथम उच्च न्यायालय, लखनऊ प्रशांत सिंह अटल ने कि बार काउंसिल ने अब तक मृतक अधिवक्ताओं के परिजनों को 218 करोड़ रुपये की सहायता दी है और बुजुर्ग अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बार-बेंच में मधुरता बनी रहे तो न्यायिक कार्य में विलंब नहीं होगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बद्री प्रसाद सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अधिवक्ता हितों के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। इससे पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय ने अध्यक्ष बद्री प्रसाद सिंह, सचिव मंगला प्रसाद तिवारी व अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। संचालन जयशंकर तिवारी एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम को एसीजीएम विश्वजीत सिंह, एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी, जिला बार अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, सचिव दिनेश कुमार दूबे, अरविंद सिंह राजा, महेंद्र प्रसाद शर्मा, विजय बहादुर सिंह, दिनेश चंद्र मिश्र, विजय शंकर पांडे, शेषनारायण तिवारी, रमेश तिवारी, यज्ञ नारायण तिवारी सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया। अधिवक्ताओं से पांच शपथ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कथनी-करनी में अंतर न हो, सार्वजनिक आलोचना से बचें, एकजुटता बनाए रखें, निरंतर अध्ययन करें और चुनाव में योग्य लोगों का चयन करें। उन्होंने बताया

## सेवानिवृत्त शिक्षामित्रों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, सुलतानपुर

- सहयोग राशि और स्मृति चिन्ह किया गया भेंट

**अमृत विचारः** कूरेभार ब्लॉक में शुक्रवार को शिक्षामित्र माला सिंह व कुसुम के सेवानिवृत्ति होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख नवनीत सिंह ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी व खंड शिक्षाधिकारी उदयराज मौर्य रहे।

सेवानिवृत्त शिक्षामित्रों को मुख्य अतिथि व विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा एक-एक लाख रुपये की सहयोग राशि, मोमेंटो, अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ व श्रीरामचरितमानस भेंट कर सम्मानित किया गया। अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष यादव ने साल भेंट किया। समारोह को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों सहित डॉ बृजेश तिवारी, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। कवि देवी प्रसाद यादव व कपेन्द्र पांडेय ने कविता के माध्यम से शिक्षामित्रों के योगदान को सराहा। कार्यक्रम में अटेवा जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, जूनियर अध्यक्ष रमेश मिश्रा, संपूर्णानन्द पांडेय सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन अवधेश तिवारी ने किया।

## ड्रिप इरीगेशन से बढ़ेगी पैदावार

संवाददाता, सुलतानपुर



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किसान व प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

- कृषि विज्ञान केंद्र सुलतानपुर में उद्यान विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचारः** उद्यान विभाग की "पर ड्राप मोर क्राप-माइक्रो इरीगेशन" योजनान्तर्गत शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र, सुलतानपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 50 लाभार्थी कृषकों ने प्रतिभाग किया, जिनमें अवधेश प्रताप सिंह, अशोक तिवारी, सुरेश कुमार झा, सुशील सिंह, सूर्यभान सिंह, शिव नरायन सिंह सहित अन्य किसान शामिल रहे।

प्रशिक्षण के दौरान जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक पवन कुमार सिंह तथा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. जे.बी. सिंह, डॉ. अतुल कुमार सिंह और डॉ. एके सिंह ने किसानों को ड्रिप इरीगेशन, मिनी स्प्रिंकलर एवं स्प्रिंकलर के प्रयोग के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि इन आधुनिक सिंचाई तकनीकों के प्रयोग से जल की बचत, सिंचाई लागत में कमी और फसल की पैदावार में वृद्धि संभव है। जनपद में पीडीएमसी योजनान्तर्गत कार्य कर रही विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी प्रशिक्षण में भाग लिया।

## ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारःघटना कुड़वार थाना क्षेत्र के उत्तरगांव की है। राजापुर गांव निवासी राजकुमार (48) पुत्र स्व. राम कृपाल कोरी रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया और ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक अविवाहित था और वह कान से कम सुनता था। स्थानीय लोगों के अनुसार उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी, जिस वजह से उसका विवाह नहीं हो सका। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव का पंचनामा कराकर मर्चरी भेज दिया गया।

## नौनिहालों ने बीएसए को बांधी राखी

जिला संवाददाता, सुलतानपुर



नौनिहालों ने बीएसए को बांधी राखी तो मिले गिफ्ट। ● अमृत विचार

- शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल ने उठाए वेतनमान और एलपीसी से जुड़े मुद्दे

**अमृत विचारः** प्राथमिक विद्यालय करौंदिया की छात्राओं ने शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता को राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। बीएसए ने बच्चियों का मुंह मीठा कर उपहार भेंट किए।

इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय उपाध्यक्ष मालती सिंह और लंभुआ अध्यक्ष रणवीर सिंह के नेतृत्व में शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए से भेंट कर चयन वेतनमान सूची निर्गत करने सहित अंतर्जनपदीय शिक्षकों की एलपीसी समस्या पर चर्चा की। बीएसए ने आश्वासन दिया कि सर्विस बुक और एलपीसी ब्लॉक स्तर पर भेज दी गई हैं, अगस्त में वेतन वृद्धि लग जाएगी। बीएसए ने बताया कि अत्यधिक वर्षा को देखते हुए जर्जर भवनों को चिह्नित कर खंड शिक्षा अधिकारियों को कक्षा संचालन न करने के निर्देश दिए गए हैं। एफएलएन प्रशिक्षण की लंबित धनराशि, प्रोन्नत वेतनमान और निलंबन से संबंधित मामलों पर भी सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन मिला। हर घर तिरंगा अभियान में उत्कृष्ट भूमिका हेतु कूरेभार मंत्री वैभव भटनागर ने बीएसए को तिरंगा स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## तेंदुए से फैली दहशत पर निकली जंगली बिल्ली

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः बंधुआकला थाना क्षेत्र के मझना गांव में गुरुवार रात तेंदुए की अफवाह से हड़कंप मच गया। गांव के एक पुराने मकान में जंगली जानवर की हलचल की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जुट गए। किसी ने तेंदुआ तो किसी ने सियार होने की बात कही। सूचना पर वन विभाग की टीम वन निरीक्षक डीपी पांडेय के नेतृत्व में रात करीब 9 बजे मौके पर पहुंची। गांव के बैसीपुरवा निवासी पिंटू यादव को शाम 8 बजे जानकारी मिली थी कि एक जंगली जानवर मकान में घुस गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान टीम ने मकान का ताला तोड़कर जानवर को बाहर निकाला तो वह तेंदुआ नहीं, बल्कि जंगली बिल्ली निकली। यह देख ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## गेस्ट हाउस शिलान्यास कार्यक्रम में उपेक्षा से सभासद नाराज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः नगर पालिका के ट्रांसपोर्ट नगर में बनने वाले आधुनिक सरकारी गेस्ट हाउस के भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद को न बुलाए जाने से सभासदों में भारी नाराज़गी है।

उल्लेखनीय है कि 7 अगस्त को लोक निर्माण विभाग, अयोध्या द्वारा लगभग 17.63 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले गेस्ट हाउस का भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह, विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, डीएम व एसपी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। आश्चर्य की बात यह रही कि जिस भूमि को नगर पालिका ने प्रस्तावित किया था, उस कार्यक्रम में न तो पालिकाध्यक्ष को सूचना दी गई और न ही किसी सभासद को आमंत्रित किया गया। सभासद रेनू सिंह, संजय कप्तान, अरुण कुमार तिवारी, अरविंद यादव, पूर्णिमा कुमारी, गिरीश मिश्र, विजय कुमार, अनीता, मीना जायसवाल, योगेश मिश्र, कंचन लता व दिनेश चौरसिया सहित कई जनप्रतिनिधियों ने इस पर गहरा विरोध जताया है। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने इसे पूरे बोर्ड का अपमान बताया। उन्होंने कहा, जमीन पालिका ने दी है, फिर भी कार्यक्रम में आमंत्रण नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**पर्व** रक्षाबंधन के पर्व को लेकर बाजारों में देर रात तक देखने को मिली रौनक

# राखी और मिठाई की दुकानों में लगी रही लोगों की भीड़

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विकास खंड क्षेत्र में रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में देर रात तक जबरदस्त रौनक देखने को मिली। शनिवार को मनाए जाने वाले इस पावन पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में मिठाई और राखियों की दुकानों की सजावट लोगों को आकर्षित कर रही है।

क्षेत्र के हनुमानगंज, लोहारामऊ और कामतागंज के बाजारों में राखियों की कई वैरायटी उपलब्ध हैं। परंपरागत, कढ़ाईदार, चमकदार और फैंसी राखियों की मांग बनी हुई है। बच्चों के लिए डोरेमोन, छोटा भीम, पिकाचू और स्पाइडर-मैन जैसी थीम वाली राखियां खास पसंद की जा रही हैं, जबकि



बाजार में सजी राखी की दुकानें। ● अमृत विचार

बड़े भाइयों के लिए चांदी और रेशम के धागों वाली राखियों की बिक्री अधिक हो रही है।

दुकानदार संजय ने बताया कि इस बार 10 से 50 रुपये की रेंज वाली राखियों की मांग सबसे अधिक है। वहीं, दुकानदार राजन, महेश और प्रिन्स के अनुसार दोपहर बाद मौसम साफ होने पर बाजार में भीड़ और बिक्री दोनों में इजाफा हुआ है। मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की लंबी कतारें दिख रही हैं।

### रक्षाबंधन पर्व पर रहेगा अति शुभ योग, भद्रा का साया नहीं



पंडित कृष्णा कांत मालवीय

संवाददाता, सुलतानपुर : पंडित कृष्णा कांत मालवीय के अनुसार इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व 09 अगस्त, शनिवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस बार राखी बांधने के लिए अति विशिष्ट शुभ योग का संयोग बन रहा है। शुभ मुहूर्त प्रातः सूर्योदय 5:28 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:23 बजे तक रहेगा। खास बात यह है कि इस वर्ष भद्रा काल मृत्युलोक पर नहीं रहेगा, जिसके चलते रक्षाबंधन पर कोई दोष नहीं होगा। पंडित मालवीय ने बताया कि भद्रा के न होने से बहनें दिनभर और रात में भी अपने भाइयों को राखी बांध सकती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भद्रा काल में राखी बांधना अशुभ माना जाता है, लेकिन इस बार पूरा पर्व शुभ मुहूर्त में संपन्न होगा। रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है, जिसमें बहनें भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं, जबकि भाई उनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं। शुभ योग के चलते इस बार का पर्व विशेष रूप से मंगलकारी माना जा रहा है।

## भारी बारिश में सड़क बही

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः गुरुवार रात हुई भारी बारिश ने कुड़वार-धनपतगंज मार्ग की हालत बिगाड़ दी। पूरे पंडित राम भद्र गांव स्थित केएनटी स्कूल के सामने पक्की सड़क बारिश के कारण बह गई। सुबह होते ही ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पीडब्ल्यूडी की टीम जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंची और सड़क के मलबे को हटवाया। टीम ने आसपास से मिट्टी मंगवाकर सड़क और किनारों को समतल कर अस्थाई रूप से आवागमन लायक बना दिया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र वर्ष 1979 अनुक्रमांक 1020 840 तथा इंटरमीडिएट अंक पत्र व प्रमाण पत्र वर्ष 1982 अनुक्रमांक 490 254 वास्तव में कहीं खो गया है। **अरशद खान पुत्र स्वर्गीय राहत अली खान मोहल्ला किला नानपारा जनपद बहराइच उत्तर प्रदेश मोबाइल नंबर 9453 145430**

**सूचना**

मैने अपना नाम DHEERAJ KUMAR GUPTA से बदलकर DHEERAJ GUPTA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-PREM NARAYAN GUPTA ADD-E 2144, RAJAJIPURAM, DIST-LUCKNOW-226017 (U.P)

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री योग्यता सिंह यादव का नाम स्कूल अभिलेखों में योग्यता यादव दर्ज हो गया है। जबकि वास्तविक और आधार कार्ड में उसका वस्तविक नाम योग्यता सिंह यादव है। माता प्रसाद यादव 587 ए/156 ,गांधीनगर,तेलीबाग,लखनऊ

**सूचना**

श्री ओम इंडेन गैस एजेंसी दरियाबाद बाराबंकी (पार्टनर–अनूप द्विवेदी और संगीता द्विवेदी) का पूर्ण विघटन किया जा रहा है। इस फर्म पर कोई देनदारी शेष नहीं है।

**सूचना**

मैं **अशोक कुमार मिश्रा पुत्र स्व. शम्भू मिश्रा निवासी – 433/496, न्यू राम नगर, बालागंज लखनऊ,** मेरे पुत्र अनमोल मिश्रा के शैक्षिक दस्तावेज में मेरा नाम अशोक मिश्रा अंकित हो गया था जो कि गलत है सही नाम गया अशोक कुमार मिश्रा है।

**सूचना**

मैने अपना नाम NIJAM से बदलकर NIJAM AHAMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-JUGNU ADD-HoNo-325A DELHI POST-ATAULA DIST-SULTANPUR-227814 (U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम ALFIYA KHAN से बदलकर MAHIRA KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/0-MOHD SHADAB ADD-327/55 CHOBDARI MOHALLA COWK DIST-LUCKNOW (226003 (U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम TASHFIN QAIM से बदलकर TASHFEEN QAIM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-SHAIKH ABDUL QAIM ADD-241/2 BAGHQAZI RAZA BAZAR MURTAZA HUSAIN ROAD CHOWA DIST-LUCKNOW-226003 (U.P)

**सूचना**

**अनिल वर्मा पुत्र स्व0 काशी प्रसाद, निवासी 11, मोहल्ला मिर्जागंज, थाना व परगना व तहसील मलिहाबाद, जनपद लखनऊ** मैं अपने पुत्र अंकित कुमार के गलत आचरण व चाल–चलन से मैं अत्याधिक शारीरिक व मानसिक तौर पर पीड़ित रहता है। इसलिए मैं अपने पूर्ण होशो हवास, खूब सोच समझ कर बिना किसी जोर दबाव नाजायज के अपने पुत्र को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है तथा आज से मेरा मेरे पुत्र से कोई रिश्ता, सरोकार, लेन–देन आदि नहीं रहा तथा भविष्य में भी नहीं रहेगा, उक्त पुत्र के समस्त क्रिया कलापों एवं खराब आचरण, लेन–देन कर्जे आदि के प्रति वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

मैं **सूबेदार पुत्र बाबु खान निवासी ग्राम–रहमतपुर परगना व तहसील बिल्हौर जनपद कानपुर नगर।** मैं अपने पुत्र वहीद व पुत्रवधू श्रीमती रोशनी बानो पत्नी वहीद के चाल चलन व कार्य व्यवहार से आजिज आकर उन्हे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मैने व मेरे परिवार ने उनसे सम्बंध विच्छेद कर लिये है। उनका मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता सारोकार नही होगा। यदि उक्त दोनों द्वारा कही भी कोई भी लेन देन व कानूनी कार्यवाही/मुकदमा सम्बधित अनुचित कृत्य व्यवहार करता है तो उसका वह स्वंय जिम्मेदार होगा/होगी।

### न्यूज ब्रीफ

#### नई शिक्षा नीति पर संगोष्ठी आयोजित

**परसपुर** : नगर पंचायत स्थित महाकवि तुलसीदास पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मूल्यांकन विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में वक्ताओं ने शिक्षा नीति के सकारात्मक एवं नकारात्मक पक्षों पर विस्तार से चर्चा की। महाविद्यालय की मुख्य नियंता डॉ सीमा तिवारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर अपने विचार रखते हुए वोकेशनल शिक्षा को समय की आवश्यकता बताया। डॉ अनूप शुक्ल और डॉ ओम नारायण सिंह ने नीति के व्यावहारिक पक्षों को रेखांकित करते हुए सुझाव दिए। इस अवसर पर डॉ ज्योति बाला शुक्ला, डॉ अनुपमा सिंह, डॉ शिवप्रकाश सिंह, डॉ अनिल मोहन दूबे, राकेश कुशवाहा, अजीत सिंह, नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, संध्या सिंह, अनुपमा सिंह, अनुपम सिंह, राजमन प्रसाद वर्मा एवं डॉ दयाशंकर मिश्रा सहित अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे।

#### आग लगने से फूस की झोपड़ी जलकर राख

**धानेपुर** : धानेपुर इलाके के ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर के मजरे सुकरौलिया गांव निवासी रामभवन के फूस की झोपड़ी में गुरुवार को देर रात अचानक आग लग गई जिससे झोपड़ी जलकर राख हो गई है। झोपड़ी में बंधी तीन मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए जिसमें एक मवेशी (गाय) की मौत हो गई है। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया तब तक सबकुछ राख हो गया।

#### यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग

**रुपईडीह** : शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र 'अज्जू पंडित' ने ब्लॉक रुपईडीह के साधन सहकारी समिति भटपी का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने यूरिया की किल्लत के चलते किसानों को हो रही परेशानी पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि सरकार किसानों के उपज को बढ़ाने और आय दो गुना करने का दावा कर रही है, जबकि किसान युरिया के लिए परेशान हैं। घंटों तक लाइन मे लगने के बाद भी यूरिया नहीं मिल पा रही है। सरकार को कटघरे मे खड़ा करते हुए उन्होंने यूरिया की उपलब्धता को सुनिश्चित कराये जाने की मांग की।

#### छात्राओं ने बांधी राखी

**बालपुर** : शुक्रवार को हलधरमऊ के उच्च प्राथमिक विद्यालय कपूरपुर मे विद्यालय के छात्राओ ने छात्रों के हाथो मे राखी बांधी और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक नवीन पाण्डेय व शिक्षिका सीमा वर्मा के साथ स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

#### पंचायत भवन पर लगी चौपाल

**रुपईडीह** : ग्राम चौपाल कार्यक्रम के तहत ब्लॉक की ग्राम पंचायत निधि नगर की प्रधान मालती मौर्य की देखरेख में पंचायत भवन पर चौपाल आयोजित की गई। पंचायत सचिव रमेश कुमार मिश्र ने बताया कि इस चौपाल में ग्रामीणों से उनके समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल की गई। उन्होंने बताया कि इस चौपाल में आई पांच शिकायतों में से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। राम नरेश मौर्य, सुनील कोठारी, रामराज, कलहू, मेवालाल आदि लोग उपस्थित रहे।

#### कांग्रेस कार्यकर्ता आज निकालेंगे मशाल जुलूस

**गोंडा** : क्रांति दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस भवन से मशाल जुलूस निकाला जाएगा। कांग्रेस भवन से महाराजगंज चौराहा, भरत मिलाप चौराहा, एकता चौक होते हुए मनोरंजन चौराहा, पीपल चौराहे पर अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी की प्रतिमा के सामने मशाल जुलूस का समापन किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में सभी कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं मौजूद रहेंगे।

# बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त, बच्चे की गड्ढे में डूबकर मौत

## कटरा में प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवॉल गिरी, कई जगहों पर जलभराव से जूझे लोग

**संवाददाता, गोंडा**


टॉमसन इंटर कॉलेज के सामने गोंडा-लखनऊ राजमार्ग पर जलभराव के बीच गुजरते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार** : जिले में बीते 24 घंटे में हुई मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बृस्पतिवार रात से शुरू हुई बरसात शुक्रवार 10 बजे तक जारी रही। इस बरसात से जिले के कई इलाकों में जलभराव हो गया और लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा ।बरसात को देखते हुए कक्षा पांच तक के स्कूलों में 10 बजे के बाद छुट्टी कर दी गयी। वहीं कटरा बाजार में एक मासूम बच्चे की पानी भरे गड्ढे में डूबकर मौत हो गयी।

रात से शुरू हुई बारिश से शहर के टॉमसन इंटर कालेज के पास गोंडा लखनऊ राजमार्ग पर जलभराव हो गया। बारिश से सड़क तालाब बन गयी और इस जलभराव से वाहन चालकों व अन्य राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। खासकर स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी मुश्किल हो रही है। शहर का मुख्य मार्ग होने के बावजूद सड़क से जलनिकासी का प्रबंध न होना सवाल खड़े कर रहा है। बालपुर स्थित शिक्षक बंधु इंटर कालेज का परिसर जलमग्न हो गया और बारिश का पानी क्लास रूम तक पहुंच गया। भीखीराम बरसाती लाल इंटर कालेज जाने वाली सड़क पानी के चलते कट गयी। रेवारी करनैलगंज मार्ग पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से सुदईपुरवा दत्तनगर के पास बनी पुलिया पानी में बह गयी। तरबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप नाली चोक हो जाने से अस्पताल के मेन गेट पर पानी भर गया जिससे मरीजों को अस्पताल पहुंचने में मशक्कत करनी पड़ी। कटरा बाजार में भी बारिश ने नगर पंचायत के जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। जल निकास न होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार से लेकर पूरे परिसर में पानी भर जाने से मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### किशोर की गड्ढे में डूबने से मौत

किशोर की तालाब में डूब कर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। कोतवाल देहात संजय कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत खरगूपुर गांव के रहने वाले 17 वर्षीय अभिषेक अपने साथियों के साथ गांव के समीप तालाब में नहाने गया था। तालाब में पानी अधिक था।अचानक वह गहरे पानी में डूबने लगा। साथियों को तो स्थानीय लोगों ने बचा लिया, लेकिन अभिषेक की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### खेलते समय गड्ढे में गिरा बच्चा, मौत


रेहान (फाइल फोटो)।

कटरा बाजार थाना क्षेत्र के नकहा गांव में खेलते समय एक डेढ़ वर्षीय मासूम पानी भरे गड्ढे में गिर गया जिससे उसकी डूबकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि नकहा ग्राम पंचायत के मजरा लोनियन पुरवा निवासी मो .इमरान की बहन बहन आसिया के डेढ़ वर्षीय बेटे गड्ढे में गिरने से मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल ढही



कटरा बाजार के प्राथमिक विद्यालय बनियनपुरवा में भरा पानी। अमृत विचार

**गोंडा** : क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बनियन पुरवा परसौना के परिसर मे जलभराव से स्कूल की बाउंड्रीवॉल ढह गयी। गनीमत यह रही कि उस समय विद्यालय में कोई नही था। वरना बड़ी घटना हो सकती थी। प्रभारी प्रधानाध्यापक अंकिता ने बताया कि बारिश की वजह से बाउंड्रीवाल गिर गयी है। बारिश का पानी रोड से विद्यालय तक भरा है। बच्चों को आने जाने में दिक्कत हो रही है।


बालपुर के भीखीराम बरसाती लाल इंटर कालेज के पास कटी सड़क। अमृत विचार

# मड़हा गिर गया, गृहस्थी डूब गई, कोई सहारा नहीं...

**रमेश पाण्डेय, करनैलगंज**


सुकई।


लीलावती।


नीलम।


ननकना।


बाढ़ के पानी में खड़े नकहरा के ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार**ः घाघरा नदी और बांध के बीच बसे नकहरा गांव के लोग इस समय नरकीय जीवन जीने को विवश हैं। इन लोगों की खेती बाड़ी पहले ही डूब चुकी थी। अब बरसात और तेजी से बढ़ रहे पानी से जीवन दुष्कर हो रहा है। अंधेरी रात, नीचे से चढ़ता बाढ़ का पानी और ऊपर से झमाझम बरसात ऐसे हालात में छोटे-छोटे बच्चों और मवेशियों को बचाए रखना भी ग्रामीणों के लिए जंग से कम नहीं है। शनिवार को अमृत विचार के प्रतिनिधि से ग्रामीणों ने अपना दर्द बयां किया।

गांव की 60 वर्षीय लीलावती की आंखें छलक पड़ीं। बोली साहब, रातभर चूल्हा नहीं जला। चार पूड़ी और थोड़ी-सी सब्जी बच्चों को खिलाकर सुलाया। वो भी कैसे सोते, जब चारपाई के नीचे पानी भरा हो? बेटा परदेस में मजदूरी कर रहा है और वह पोते-पोतियों को छत पर बिठाकर रातभर आकाश ताकती रहीं। पास खड़ी नीलम ने रोते हुए बताया बाढ़ से खेतों में घास नहीं, भूसा भी भीग गया। मवेशी भूखे खड़े हैं। जैसे उन्हें भी अब उम्मीद नहीं रही। गांव के 75 वर्षीय बुजुर्ग सुकई ने कहा बाढ़ के पानी से मड़हा गिर गया, गृहस्थी डूब गई, कोई सहारा नहीं। हर साल यही होता है। अफसर आते हैं, फोटो खींचते हैं और चले जाते हैं। बस हम बूढ़े हो रहे हैं और घाघरा जवान। दुधमुंही बच्ची को गोद में लिए ननकना बोलीं घर में पानी घुसने से चूल्हा बुझ गया है।

# डेंजर लेवल से 53 सेमी ऊपर पहुंची घाघरा


नकहरा गांव में भरा बाढ़ का पानी मुख्य मार्ग पर लगी नाव। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार**ः लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और पहाड़ी नालों से छोड़े जा रहे पानी के चलते घाघरा नदी ने तांडव मचाना शुरू कर दिया है। नदी में छोड़े गए तीन लाख क्सूसेक पानी से घाघरा का जलस्तर डेंजर लेवल से 53 सेमी ऊपर पहुंच गया है और बाढ का पानी नकहरा गांव में घुस गया है।

वहीं नदी का जलस्तर स्थिर होने से कटान तेज हो गयी है और ग्राम बेहटा, पारा, मांझा रायपुर, बहुवन मदार माझा, घरकुइयां और चंदापुर किटौली के सामने सैकड़ों बीघा फसल व खाली पड़ी जमीन कटान की जद में आकर नदी में समा गई है। गुरुवार शाम से शुक्रवार तक नदी ने बेहटा, नकहरा, पारा और चंदापुर किटौली समेत कई गांवों की कृषि भूमि को निगल लिया। नकहरा के 10 मजरे तीरथराम पुरवा, शंभर पुरवा, दुलारे पुरवा, छांगुर लाल पुरवा, देव किशुन पुरवा, राधेपुरवा, मछारनपुरवा, पुहिल पुरवा, अयोध्या पुरवा, सांवल पुरवा तथा बेहटा के रेता पुरवा, चरपुरवा, गोड़ियनपुरवा, चंदापुर किटौली के बिचला और धुसवा पूरी तरह बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बाढ़ खंड के सहायक अभियंता पंकज आर्य ने बताया कि भारी बारिश के चलते बांध पर कई जगहों पर रेंकट्स बन गए थे, जिन्हें बोरियां लगाकर भरवाया जा रहा है। उपजिलाधिकारी यशवंत राव ने बताया कि बाढ़ पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## जमीन के विवाद में सपा जिलाध्यक्ष समेत 12 दोषी करार

**गोंडा** : कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जे को लेकर कोई मारपीट पर फायरिंग के मामले में अदालत में सपा जिलाध्यक्ष समेत 12 लोगों को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने जिलाध्यक्ष समेत पांच आरोपियों को दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है तथा 10000 का जुर्माना लगाया है।

जिले के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम चिस्तीपुर में वर्ष 2014 में कब्रिस्तान की जमीन पर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया,जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। मामले में एक पक्ष से वर्तमान सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन व राष्ट्रीय सचिव सरफराज हुसैन उर्फ सोनू समेत पांच व दूसरे पक्ष से सात लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी। कोतवाली देहात पुलिस ने दोनों पक्ष के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत इस मामले की त्वरित सुनवाई के लिए विशेष पैरवी की गई।

# नवनिर्मित तीसरी रेल लाइन का स्लोव कटा


मौके पर जायजा लेते डीईएन 3 मनोज कुमार सिंह। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार** : करनैलगंज से सरयू रेलवे स्टेशन के बीच नरायनपुर मांझा रेलवे क्रॉसिंग के पास नवनिर्मित तीसरी रेल लाइन का स्लोव गुरुवार रात अचानक कटकर बह गया। गनीमत रही कि समय रहते रेलवे को जानकारी मिल गई, वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। रेलवे कंट्रोल ने रात सवा 12 बजे ही घाघरा से करनैलगंज के बीच थर्ड लाइन पर यातायात रोक दिया। फिलहाल मालगाड़ियों का संचालन बंद है, जबकि शेष दो लाइनों से रेल यातायात सामान्य रूप से चल रहा है।

सूचना मिलते ही आईओडब्ल्यू अवधेश सिंह के नेतृत्व में पोकलैंड, जेसीबी मशीन और करीब 60 मजदूरों की टीम मरम्मत में जुट गई।शुक्रवार दोपहर तक भी ट्रैक बहाली का काम जारी रहा। मौके पर पहुंचे सीनियर डीईएन-3 मनोज कुमार सिंह ने स्लोव निर्माण में बालू के प्रयोग पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने क्षतिग्रस्त हिस्से को गुणवत्तापूर्ण तरीके से दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों का आरोप है कि थर्ड लाइन निर्माण के दौरान केवल बालू भरकर पटरी बिछाई गई, जो पहली ही बारिश में कट गई। सरयू किनारे जलभराव के कारण अन्य स्थानों पर भी स्लोव के क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई जा रही है।

## बाहरी यूनिट जोड़ने पर निरस्त होगा राशन कार्ड

**गोंडा, अमृत विचार**ः पांच यूनिट के राशन कार्ड में तीन और बाहरी व्यक्ति को जोड़कर राशन कार्ड जारी करने के मामले में पूर्ति विभाग राशन कार्ड को समाप्त करने का आदेश दिया है। नगर क्षेत्र के बड़गांव मोहल्ले के रहने वाले सुरेश ओर से जिला पूर्ति कार्यालय मे शिकायत कर आरोप लगाया गया था कि पूर्ति विभाग में ऑपरेटर राशन कार्ड बनाने में खेल कर रहे हैं। राशन कार्ड के लिए पात्र व्यक्ति सारी औपचारिकता पूरी करने के बाद भी दौड़ लगा रहा है,वही अपात्र व्यक्ति हिसाब किताब लगाकर राशन कार्ड जारी करवा ले रहा है। शिकायत में मोहल्ले की रहने वाली अनीता देवी के नाम का उल्लेख किया गया था। जब इसकी जांच करायी गयी तो शिकायत सही पायी गयी। इस पर पूर्ति विभाग ने अनीता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर राशन कार्ड को डिलीट करने की कार्रवाई की जाएगी।

### सिटी डायरी

#### रोली चंदन से तिलक कर बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी


पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलवा नोहर में छात्रों को राखी बांधतीं छात्राएं।

**गोंडा** : जिले के परिषदीय स्कूलों में शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। स्कूल की छात्राओं ने छात्रों को रोली चंदन का टीका लगाया और उनकी कलाई पर राखी बांधकर उनसे सुरक्षा का वचन लिया। भाई बहन के अतुल प्रेम, विश्वास, समर्पण के इस पर्व पर मुजेहना के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्राओं ने छात्रों को स्वनिर्मित रक्षासूत्र बांधा। छात्रों ने भी उन्हे उपहार स्वरुप पेन भेंट किया ।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार सिंह, अनुदेशक विनोद कुमार यादव, रविंद्रनाथ गुप्ता, विष्णू प्रताप वर्मा पांडे और वालंटियर रेवती पांडे उपस्थित रहे। इसी तरह परसपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलवा नोहर में भाई बहन के स्नेह के प्रतीक रक्षाबंधन को बच्चों ने धूमधाम से मनाया गया।

#### रुद्राभिषेक व भंडारे में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

**परसपुर** : पवित्र सावन माह में ग्राम कडरू भारी स्थित प्राचीन भारीश्वर नाथ महादेव मंदिर में रविवार को शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। हर-हर बम-बम और जय भोलेनाथ के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। रवीश सिंह के नेतृत्व में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर पूजा-अर्चना की। अनुष्ठान के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समाजसेवी राहुल सिंह चौहान, रमन सिंह, पुनीत सिंह, अजय सिंह, अमरीश प्रताप सिंह, अमन, पंकज सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। शिवभक्ति और सामूहिक भक्ति आयोजनों से मंदिर परिसर और आस-पास का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया।

#### 28.81 लाख को खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवा, 2015 मरीज चिन्हित

**गोंडा** : फाइलेरिया रोग से बचाव को लेकर जिले में जोरों से तैयारी की जा रही है। पूरे जिले में 28 .81 लाख लोगों को फाइलेरिया की सामूहिक दवा खिलाई जाएगी। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर काफी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी लगाए गए हैं। आगामी 10 अगस्त से उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान जिले के 12 चिन्हित ब्लॉकों में चलाया जाएगा ।बीते बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में अभियान को लेकर व्यापक के स्तर पर बैठक भी की जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के अनुसार जिले में वर्तमान में फाइलेरिया, हाथी पांव के 2015 और हैड्रोसिल के 154 मरीज पंजीकृत हैं। फाइलेरिया, हाथी पांव के मरीज को सामाजिक उपेक्षा का भी सामना करना पड़ता है। सरकार हर हाल में इस पर नियंत्रण आने का प्रयास कर रही है। इस रोग पर नियंत्रण के लिए रोगी के आसपास के रहने वाले सभी लोगों को नियमित रूप से जो डोज है उसको लेना होता है, तभी इस पर नियंत्रण किया जा सकता है। अभियान के दौरान 2,305 दवा वितरण टीमें घर-घर जाकर 2 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को दवा खिलाएँगी। यह दवा केवल टीम की निगरानी में ही दी जायेगी ।गर्भवती महिलाओं, गंभीर रोगियों और 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं दी जाएगी। अभियान की निगरानी के लिए 385 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। फाइलेरिया मच्छर से फैलने वाली एक उपेक्षित बीमारी है, जो वर्षों बाद हाथ, पैर या स्तनों में सूजन व हैड्रोसिल जैसे लक्षणों में सामने आती है। वीबीडी नोडल व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सी के वर्मा ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों से फैलने वाली बीमारी है।

#### गायक का मनाया जन्मदिन



गायक सुरेश वाडकर के जन्म दिवस पर प्रस्तुति देते कलाकार।

**गोंडा** : एमवी म्यूजिकल ग्रुप तथा जिले के संगीत प्रेमियों ने लक्ष्मी विला पर पद्म श्री अलंकृत महान पार्श्व गायक सुरेश वाडकर का जन्म दिवस उनके गीतों का गायन कर एक शाम सुरेश वाडकर के नाम केक काटकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। गायक वाडकर के जन्मदिन पर कलाकारों ने एक से एक खूबसूरत गीत उपहार भेंट करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार पूर्व समाज कल्याण अधिकारी राणा प्रताप सिंह राही, विशिष्ट अतिथि मे रेडक्रास सोसाइटी के कोषाध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव और इंजीनियर दिलीप श्रीवास्तव को सम्मानित किया।

**काकोरी कांड शताब्दी** — डीएम व सीडीओ ने अमर शहीदों की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# डीएम ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित

**संवाददाता गोंडा**


स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों के साथ डीएम प्रियंका निरंजन। अमृत विचार

**अमृत विचार**ः काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को गांधीपार्क स्थित टाउनहॉल में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिजनों को सम्मानित कर देश की स्वतंत्रता संग्राम की वीरगाथा को स्मरण किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकार अंकिता जैन एवं भाजपा के प्रभारी जिलाध्यक्ष यशवंत लाल सोनकर ने अमर शहीद राजेंद्रनाथ लाहिड़ी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि काकोरी कांड भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जिसने युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी सहित सभी क्रांतिकारियों को नमन करते हुए कहा कि उनके बलिदान को सदैव स्मरण रखा जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को शहीदों के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

कार्यक्रम में संस्कृति विभाग लखनऊ एवं स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। 'सरफ़रोशी की तमन्ना' जैसे गीतों एवं नृत्य-नाटिकाओं ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानपत्र व स्मृति चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# थारू बेटियों ने बांधी राखी, डीएम ने दिये उपहार

संवाददाता, बहराइच



जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को राखी बांधने पहुंचीं थारू समुदाय की युवतियां और सद्भावना संस्था के अध्यक्ष। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट परिसर में आज उस समय सबकी निगाहें उस तरफ घूम गयीं जब अपने पारंपरिक परिधान से सजीं थारू समुदाय की युवतियां हंसती-खिलखिलातीं जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ बढ़ीं। इन युवतियों व किशोरियों के हाथ में रोली, अक्षत, चंदन व राखी से सजी थालियां थीं यह सभी अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सजकर नवागत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को राखी बांधने आईं थीं इनके साथ सद्भावना संस्था के प्रमुख योगेन्द्र मणि त्रिपाठी अपने साथियों के साथ चल रहे थे।

चूंकि यह कार्यक्रम पूर्व नियोजित था अतः जिलाधिकारी अपने आफिस में ही थे उन्होंने सबको बिठाया व राखी लेकर पहुंची थारू समाज की बेटियों से उनका परिचय जाना। डीएम श्री त्रिपाठी ने बेटियों से उनकी शिक्षा और उनमें आने वाली कठिनाइयों के बारे में जानकारी ली। इन बेटियों ने भी डीएम से खुलकर बातें कहीं। उसके बाद जिलाधिकारी ने खड़े होकर सभी बेटियों से राखी बंधवाई और उन्हें उपहार भी दिये साथ ही एक वादा भी किया कि अगर वह किसी तरह की परेशानी महसूस करें तो उन तक अपनी आवाज जरूर पहुंचायें। संस्थाध्यक्ष की अगुआई में टीम सद्भावना के निक्कू चौधरी ने अंगवस्त्रम व अनिल लोधी ने गणपति प्रतिमा व संस्था अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने कीट-पतंग भक्षक सोलर लाइट डिब्बा डीएम को भेंट किया। इस मौके पर ठाकुर अमर सिंह, वीरेन्द्र सिंह , विनय सिंह, हनुमान प्रसाद, उत्तम चौधरी, गुफरान अली, दिनेश यादव, रमेश पाठक, अनुपम मिश्र, शफीक कुरेशी, राजन शुक्ल, हंस राम आजाद, हनुमान प्रसाद, शास्वत पाठक, प्रमोद यादव आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मौजूद ब्रह्माकुमारी। ● अमृत विचार

## आत्मा को श्रेष्ठ संबंधों में बांधने का पर्व है रक्षाबंधन

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के केंद्र में रक्षाबंधन का पर्व आध्यात्मिक वातावरण में उल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं रगड़गंज की केन्द्र संचालिका बीके सुनीता दीदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मा को श्रेष्ठ संकल्पों से बांधकर सच्चा और पवित्र जीवन जीने की प्रेरणा देने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि आत्मा की सच्ची रक्षा केवल ईश्वरीय स्मृति, सत्य आचरण और सकारात्मक विचारों के माध्यम से ही संभव है। इस अवसर पर केन्द्र की संचालिका योगिनी दीदी एवं सुनीता दीदी ने सभी भाई-बहनों को राखी बांधी। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण यादव (एडवोकेट), कृष्ण कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार अग्निहोत्री, डॉ. अमरनाथ विश्वकर्मा, अजय वर्मा, रामनेवाज वर्मा, महेश चंद्र श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव एवं सोनी यज्ञसेनी शामिल रहे।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** रुपईडीहा पुलिस ने 25 हजार के एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर रुपईडीहा-नानपारा-सुमेरपुर मोड के पास फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी अपराधी अजय कुमार को गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराधी पर सन् 2021 में नानपारा थाने में मुकदमा दर्ज था। अपराधी न्यायालय का लगातार उल्लंघन करता जा रहा था।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने शातिर अपराधी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शातिर को धर दबोचा।

## न्यूज ब्रीफ

### पेड़ गिरने से दो बाइकें एक साइकिल क्षतिग्रस्त

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** नीम का विशाल पेड़ अचानक गिर पड़ा। पेड़ में दबने से दो बाइकें व एक साइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी। नवाबगंज बस अड्डा के पास गुरुवार शाम को साढ़े चार बजे के करीब मार्ग के किनारे लगा विशालकाय नीम का पेड़ अचानक गिरने लगा। पेड़ के नीचे बैठे पियारे, शफीकुर रहमान, हसीब आदि ने भाग कर जान बचाई। पेड़ के नीचे खड़ी दो बाइकें और एक साइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी।

### स्मैक के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार :** मोतीपुर पुलिस ने स्मैक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष आनन्द कुमार चौरसिया ने बताया कि पुलिस टीम ने शुक्रवार को बलईगांव से नन्द किशोर यादव को 10 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

### सियार के हमले से दो लोग घायल

**बहराइच, अमृत विचार :** रिसिया इलाके में एक सियार ने महिला समेत दो लोगों पर हमला कर दिया। बैजनाथपुर के कटिलिया चौराहा निवासिनी जालमा (32) पत्नी अशगर अली घर के आंगन में घरेलू काम कर रही थीं। इसी दौरान एक सियार ने उस पर हमला कर दिया। परिजनों ने किसी तरह सियार को भगाया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया है। वहीं शौच के लिए गए मुबारक अली पर भी सियार ने हमला कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग लाठी डंडा लेकर दौड़े। जिससे जानवर बाग की तरफ भाग गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें जंगली जानवर के हमले कि जानकारी मिल गई है और मामले की जांच की जा रही है।

### तेंदुए ने घर में घुसकर बकरी को बनाया निवाला

**बहराइच, अमृत विचार :** बड़खड़िया क्षेत्र के आनंद नगर में एक तेंदुए ने घर में घुसकर बकरी को अपना निवाला बना लिया। घटना सुजौली थाना क्षेत्र की है। बड़खड़िया गांव निवासी प्रेम पुत्र कल्लू सिंह के खर-फूस से बने हैं। घर में तेंदुआ घुस गया और पालतू बकरी को उठा ले गया। यह घटना रात करीब 11 बजे की है। बकरी की आवाज सुनकर परिवार के लोगों की नींद खुल गई। उन्होंने बाहर निकलकर देखा। लेकिन बकरी कहीं नजर नहीं आई। आसपास के ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए। सभी ने मिलकर खोजबीन शुरू की और पास के खेतों में पहुंचे, जहां उन्हें तेंदुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों को देखते ही तेंदुआ भाग निकला, लेकिन बकरी की मौत हो चुकी थी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने खेत में मिले पग चिह्नों की जांच की और पुष्टि की कि वे तेंदुए के हैं।

# 20 हजार रुपये रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

## एंटी करप्शन टीम ने की कार्रवाई, मची अफरा-तफरी

संवाददाता, नानपारा



पकड़ा गया लेखपाल।

**अमृत विचार :** एंटी करप्शन टीम ने शुक्रवार को तहसील नानपारा में तैनात लेखपाल को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम लेखपाल को लेकर थाना कोतवाली देहात गई जहां उससे पूछताछ कर रही है।

एंटी करप्शन टीम को शिकायत मिली थी कि नानपारा तहसील के मोहरबा के लेखपाल ने एक व्यक्ति से जमीन पर कब्जा न हटवाने के नाम पर 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसी आधार पर एंटी करप्शन विभाग ने जाल बिछाया और तहसील परिसर की दूसरी मंजिल से ही लेखपाल सरवर खान को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान तहसील में अफरा-तफरी का माहौल रहा। टीम ने आरोपी से पूछताछ करते हुए आवश्यक दस्तावेज और रिश्वत की रकम बरामद की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कोतवाली देहात ले जाया गया। जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। तहसीलदार नानपारा अंबिका चौधरी ने मामले की पुष्टि की।

## एसडीएम ने किया समिति का निरीक्षण

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** क्षेत्र में यूरिया की खेप पहुंचने के बाद समिति पर वितरण शुरू हुआ। गुरुवार को खाद के लिए किसानों की लम्बी कतार देख कर प्रशासन भी हरकत में आ गया। एसडीएम नानपारा ने नवाबगंज सहकारी समिति का शुक्रवार को निरक्षण कर किसानों से जानकारी ली। किसानों ने बताया कि समिति पर यूरिया पहुंचने से किसानों को राहत मिली है। शुक्रवार को उप जिलाधिकारी नानपारा लाल धर सिंह यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न कुमार सिंह, लेखपाल करुणेश त्रिपाठी आदि ने स्टॉक, वितरण पंजिका, गोदाम का निरीक्षण कर लाइन में लगे किसानों से रेट आदि की स्थिति जानी।

# राखी की दुकानों पर उमड़ी भीड़

संवाददाता, बाबागंज, रूपईडीहा, बहराइच



एसपी रामनयन सिंह को राखी बांधतीं सरस्वती विद्या मंदिर कालेज की छात्राएं।

**अमृत विचार :** रक्षाबंधन के लिए बाजार ग्राहकों से गुलजार है। दुकानों में पारंपरिक राखियों के साथ-साथ पूरी तैयारी का सामान एक ही पैक में मिल रहा है।

बाबागंज, जमोग, बरवालिया, सोरहिया जैतापुर नहर सहित विभिन्न स्थानों पर राखियों व मिठाइयों की दुकानें सज गयी हैं। रक्षा बंधन को लेकर रुपईडीहा बाजार में विशेष रौनक देखने को मिल रही है। बाजार की गलियों और मुख्य चौराहों पर राखी की सजी दुकानों ने त्योहार के आगमन का अहसास कराना शुरू कर दिया है। दुकानदारों ने राखियों, कार्टून राखी, डिज़ाइनर राखी, ब्रेसलेट राखी और लुम्बा सेट आदि की आकर्षक वैरायटी लगाई हुई है ।

**नेपाल के ग्राहक भी खरीद रहे राखी:** रूपईडीहा बाजार नेपाल के ग्राहकों से भरी पड़ी है। नेपाली महिलाओं व युवतियों ने राखी खरीदी।

**उत्साह से कर रहे खरीदारी:** बाबागंज निवासी ज्योति, नीलम ने बताया कि भाई की कलाई पर राखी बांधने को लेकर उत्साह है। जमोग की शीला देवी ने बताया कि बाजार में इस बार कई नई डिजाइन की राखियां है। उसे मोती वर्क, चंदन आदि तरह की राखी पसंद है। बाजार में इस बार पूजा थाली का पैक सामान भी मिल रहा है।



प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित करते नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा।

## काकोरी ट्रेन एक्शन महोत्सव 2025 का समापन

**बहराइच, अमृत विचार :** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 2025 के समापन पर कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट 'उत्थान' (आडिटोरियम) में आयोजित कार्यक्रम का एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, सीडीओ मुकेश चन्द्र के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों काजल अग्रहरी एण्ड पार्टी व उनकी टीम द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।

## 11 को निकलेगी तिरंगा यात्रा

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** हर घर तिरंगा अभियान के लिए मंडल नवाबगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। मुख्य अतिथि जिला संयोजक युवा मोर्चा अरुणेंद्र सिंह अंकित रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह ने की। अरुणेंद्र सिंह अंकित ने बताया कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से 11 अगस्त को देशभक्ति का संदेश देकर शहीदों को नमन कर, सुरक्षा कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर बेचेलाल जायसवाल, विजय सिंह, आनंद, हर्षित सिंह, रिंकू सिंह, राधेश्याम गुप्ता, शिवम शर्मा, कमलेश वर्मा आदि थे।

# घाघरा व सरयू खतरे के निशान से 53 सेमी ऊपर

संवाददाता, बहराइच



बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से आता ग्रामीण।

**अमृत विचार :** घाघरा और सरयू नदी उफान पर है। एल्गिन ब्रिज पर घाघरा और सरयू नदी खतरे के निशान से 53 सेंटीमीटर ऊपर बह रही हैं। कई गांव बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं।

लगातार हो रही बरसात के चलते घाघरा और सरयू नदी के जल स्तर में गिरावट नहीं आ रही है। जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जिसके चलते महसी और मिहीपुरवा तहसील क्षेत्र के कई गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित गांवों जानकी नगर, कटेला पुरवा, चमरहिया, सिसई पुरवा, जोध पुरवा, महंत पुरवा, टंच पुरवा, माझा दरिया खुर्द समेत करीब दो दर्जन गांव प्रभावित हैं। प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री और लंच पैकेट का वितरण किया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित लोगों को शरणालय में पहुंचाने के लिए करीब डेढ़ सौ से अधिक नावें संचालित की जा रही है। एल्गिन ब्रिज पर घाघरा और सरयू नदी खतरे के निशान से 53 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। एल्गिन ब्रिज पर खतरे का निशान 106.07 के सापेक्ष नदी 107.616 मीटर पर बह रही है। एल्गिन ब्रिज से वर्तमान में 306732 क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा है।

### लोग तोड़ रहे अपना आशियाना

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार :** शिवपुर इलाके में नदी का जलस्तर घटने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। लोग अपने आशियाने तोड़ रहे हैं। सरयू नदी के कटान से भयभीत होकर वहां के वाशिंदे अपना आशियाना तोड़ रहे हैं। ट्रैक्टर ट्राली से गृहस्थी सहित ईंट आदि को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर बचाने का प्रयास कर रहे हैं। शिवपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत अंबरपुर ग्राम पंचायत के पसियन पुरवा और चौकसाहार ग्राम पंचायत के झुंडी में सरयू नदी कहर बनकर कटान तेजी कर रही है। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे क्षेत्रीय लेखपाल पंकज कुमार ने बताया कि गुरुवार शुक्रवार की रात झुंडी गांव में आठ मकान सरयू नदी में समाहित हो गए हैं। इससे पहले भी दस लोगों के मकान सरयू नदी की तेज धारा अपने साथ बहा ले गई है।

## निर्मला यादव को थल सेना कैंप में प्रथम स्थान



कैडेट निर्मला को सम्मानित करते अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज की एनसीसी कैडेट निर्मला यादव ने बरेली में आयोजित थल सेना कैंप में प्रतिभाग करते हुए टेंट पिचिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने गोरखपुर ग्रुप की ओर से नेतृत्व करते हुए उत्तर प्रदेश के 10 अन्य ग्रुप मुख्यालयों को पछाड़ा। गुरुवार देर शाम 51वीं यूपी बटालियन बलरामपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल ने निर्मला को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कर्नल पटवाल ने बताया कि निर्मला ने बटालियन का प्रतिनिधित्व करते हुए गोरखपुर मुख्यालय की टीम में जगह बनाई थी और 25 जुलाई से शुरू हुए 10 दिवसीय कैंप में भाग लिया। इस उपलब्धि पर बलरामपुर बटालियन सहित सभी अधिकारी हर्षित हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. पी. पांडेय ने निर्मला को बधाई देते हुए कहा कि यह कॉलेज और जिले दोनों के लिए गर्व की बात है। एनसीसी एसोसिएट ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान ने बताया कि निर्मला ने 1 जुलाई से देवरिया, पडरौना और बरेली में लगातार आयोजित कैम्पों में हिस्सा लिया और सराहनीय प्रदर्शन किया।

## हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद

**बलरामपुर, अमृत विचार :** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बलरामपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हत्या के एक पुराने मामले में न्यायालय ने दो दोषियों को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को 30-30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

घटना वर्ष 2014 की है। 9 सितंबर 2014 को थाना हरैया क्षेत्र के ग्राम कमदा निवासी बदलूराम शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अरुण कुमार तिवारी उर्फ कल्लू व प्रह्लाद तिवारी ने पुराने विवाद में उनके पुत्र की हसिया से वार कर हत्या कर दी। प्रकरण की विवेचना उप निरीक्षक राम किशुन राणा ने की थी और आरोप पत्र न्यायालय को प्रेषित किया गया था।

# छात्राओं ने भाइयों को राखी बांध खिलाई मिठाई

संवाददाता, बलरामपुर



सहपाठी भाई को राखी बांधने के बाद मिठाई खिलाती छात्रा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में रक्षाबंधन का पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पांडेय ने किया। प्रबंध निदेशक ने रक्षाबंधन का महत्व समझाते हुए बताया कि यह त्योहार भाई-बहनों के स्नेह का प्रतीक है। बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। नर्सरी से कक्षा 12 तक की छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों को राखी बांधी और मिठाई खिलाई। बदले में छात्रों ने छात्राओं को उपहार दिए। इसके पश्चात भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें अभ्युदय, प्रज्ञा, अयान, पारुल, अक्षत, मोहनी, अहमद, सुशांत, आयुष्मान, यशवी, कोमल, शिवांस आदि ने रक्षाबंधन पर अपने विचार रखे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में नर्सरी, यूकेजी और कक्षा 1 से 6 तक के छात्रों ने मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। गीतों में तेरी मेरी यारी, कच्चे धागों का रिश्ता, भाई तो खूब झगड़ते हैं, मेरी राखी की डोर और मेरी राखी का मतलब है प्यार जैसे भावनात्मक गीत शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक ने सभी छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों व जवानों के साथ रक्षा पर्व मनातीं छात्राएं।

## सेंट जेवियर्स की छात्राओं ने जवानों को बांधी राखी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर सेंट जेवियर्स सीनियर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ रक्षा पर्व मनाया। छात्राओं ने गुरुवार को एसएसबी मुख्यालय पहुंचकर सैनिकों को तिलक कर रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर छात्राएं जिया, अनन्या बेदी, सानवी, लहर अग्रवाल, संस्कृति, अन्या, आरोही, अक्षिता, आराध्या, अमीना नूर, सिमर मिश्रा, अस्मिता, अन्वी, आस्था और काव्या विशेष रूप से उपस्थित रहीं। छात्राओं के साथ विद्यालय के समन्वयक श्री अफाक हुसैन और कंचन श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** | **पद्मश्री गीता महलिक की प्रस्तुति में झलकी भारतीय संस्कृति**

# ओडिसी नृत्य से दर्शक अभिभूत

संवाददाता, बलरामपुर



नृत्य प्रस्तुत करती गीता महलिक।

**अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में शुक्रवार को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें ओडिसी नृत्यांगना पद्मश्री विदुषी गीता महलिक ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की कथा को अपनी प्रस्तुति से जीवंत कर दिया। स्पिक मैके और महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गरिमा को निहारा।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण के साथ हुई। मंच पर पद्मश्री गीता महलिक, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. पी. पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो. वीणा सिंह, संयोजक प्रो. रेखा विश्वकर्मा, पूर्व सांस्कृतिक निदेशक डॉ. अनामिका सिंह एवं स्पिक मैके देवीपाटन-बस्ती मंडल के ग्रुप कोऑर्डिनेटर लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान उपस्थित रहे । प्रस्तुति की शुरुआत मंगलाचरण, भूमि प्रणाम, त्रिखंडी प्रणाम, और राग बसंत पल्लवी पर आधारित अभिनय मुद्रा से हुई। इसके पश्चात ओडिया भाषा में श्रीराम की कथा पर आधारित नृत्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कलाकारों ने नृत्त, अभिनय और भंगिमाओं से रामायण की घटनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन वालेंटियर हर्षिता श्रीवास्तव ने किया।

# अवैध नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा की मौत

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** बिना पंजीकरण और मान्यता के संचालित एक प्राइवेट नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान लापरवाही के चलते जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने फर्जी डॉक्टर कृष्ण मोहन चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि उनकी पत्नी पूनम चौधरी फरार है। घटना 27 जुलाई को पचपेड़वा क्षेत्र के जूडीकुइंया चौराहे स्थित मीशा हेल्थ केयर सेंटर की है। यहां ग्राम लौकहवा निवासी रहीमुनिशा को प्रसव हेतु लाया गया था। ऑपरेशन के दौरान अधिक रक्तस्राव होने पर उचित चिकित्सा सुविधा और दवाओं के अभाव में महिला और नवजात की मौत हो गई। इसके बाद दोनों डॉक्टर मौके से फरार हो गए। सीएचसी पचपेड़वा की शिकायत पर थाना पचपेड़वा में डॉ. कृष्ण मोहन और उनकी पत्नी पूनम के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान की टीम ने शुक्रवार को आरोपी को भाथर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह और उसकी पत्नी बीयूएमएस की डिग्री धारक हैं और बिना पंजीकरण के नर्सिंग होम चला रहे थे।

## खाद के लिए लाइन में लगे किसान की बिगड़ी तबीयत, मौत

**महदेइया बाजार, बलरामपुर अमृत विचार :** जिले में खाद की किल्लत ने एक बुजुर्ग किसान की जान ले ली। शुक्रवार सुबह श्रीदत्तगंज बाजार में खाद की लाइन में खड़े सफीउर्रहमान उर्फ बड़कऊ (70) की मौत हो गई। वह श्रीदत्तगंज निवासी थे। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे वह बिना कुछ खाए-पिए घर से निकले और एग्रीकल्चर जंक्शन की दुकान पर खाद लेने पहुंचे। लाइन में खड़े होने के दौरान तबीयत बिगड़ी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# तिरंगा रैली में जनमानस ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**बलरामपुर, अमृत विचार :** आजादी के अमृत काल की श्रृंखला में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन स्मृति दिवस देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में मनाया गया।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वर्चुअल संदेश सुना। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद कलेक्ट्रेट से वीर विनय चौराहे तक एक विशाल तिरंगा रैली निकाली गई। विधायकगण, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित सैकड़ों नागरिकों ने रैली में भाग लिया। देशभक्ति नारों से पूरा मार्ग गूंज उठा और जन-जन में देशप्रेम की भावना जागृत हुई। वीर विनय चौराहे पर पहुंचकर जनप्रतिनिधियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### बारिश से जलजमाव न हो : मंडलायुक्त

गोरखपुर, अमृत विचार : मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा तथा जिलाधिकारी दीपक मीणा ने आयुक्त सभागार में नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम सहित जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया कि महानगर में हो रही बारिश से किसी भी मोहल्ले में जल जमाव की स्थिति न आने पाये।

### एएसपी की अध्यक्षता में हुई अपराध गोष्ठी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : एएसपी ने पुलिस लाइन में जनपद के समस्त थानों से उपस्थित डिजिटल वॉरियर्स के साथ गोष्ठी कर डिजिटल वॉरियर्स को साइबर अपराधों, सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं और फेक न्यूज आदि के बारे मे जागरुक किया गया। पुलिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार द्वारा पुलिस लाइन में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। एएसपी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए डिजिटल वॉरियर्स की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध एक गंभीर चुनौती बनकर उभरी है। सोशल मीडिया के दुरुपयोग से न केवल सामाजिक सौहार्द को खतरा उत्पन्न होता है, बल्कि व्यक्तिगत और आर्थिक नुकसान भी बढ़ रहा है। डिजिटल वॉरियर्स को समाज का एक जिम्मेदार हिस्सा बनने की अपील की।

### फूड विभाग ने पकड़ा 32 बोरी मिलावटी खोवा

गोरखपुर, अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के कार्मल रोड पर रोडवेज बस की जांच में मिलावटी खोवा खेप बड़ी मात्रा में पकड़ा गया। क्षेत्रीय प्रबंधक लव कुमार के नेतृत्व में रक्षाबंधन और 15 अगस्त को त्योहार को देखते हुए सघन चेकिंग क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा किया गया। उक्त दौरान कानपुर से रोडवेज की बस में आ रहा खोवा रोडवेज के आरएम लव कुमार की मदद से फूड विभाग की टीम ने पकड़ा। इस संबंध में बताया जाता है कि खोवा का कोई दावेदार मौके पर नहीं पहुंचा, कलेक्ट परिसर फूड विभाग के ऑफिस खोवा लाया गया।

### फीस वृद्धि को लेकर छात्रों ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

गोरखपुर, अमृत विचार : विवि में सत्र 2025-26 में हुई फीस वृद्धि को लेकर एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आदित्य शुक्ला के नेतृत्व में छात्रों ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा। आदित्य शुक्ला ने कहा स्नातक और परास्नातक में कई पाठ्यक्रमों में बेताहाशा फीस वृद्धि हुई है। जिससे गरीब एवं मध्यमवर्गीय बच्चों का पठन-पाठन बाधित हो रहा है, गोरखपुर विश्वविद्यालय में आम, गरीब एवं मध्यमवर्ग के छात्र बड़ी संख्या में अध्ययन करते है, ऐसे में फीस वृद्धि करना सरासर अनुचित है, कुलपति महोदया ने आश्वासन देते हुए कहा की फीसवृद्धि पर छात्रों का हित देखते हुए जल्द बैठक कर निर्णय लिया जायेगा।

### नाई ने युवक पर किया उस्तरे से हमला

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : जिले में बीती गुरुवार की शाम एक घटना हुई। मिश्रौलिया थाने के चेतिया बाजार चौराहा स्थित एक सैलून के नाई ने विशाल नामक युवक पर उस्तरे से वार कर गर्दन काटने की कोशिश की, फिर पेट पर वार किया जिससे विशाल की आतें बाहर निकल आईं। यह देख चौराहे पर अफरा तफरी फैल गई। घायल विशाल को गंभीर अवस्था में मेडिकल कालेज भेजा गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वार करने के बाद नाई मौके से फरार हो गया। घटना के पीछे कहा सुनी की बात कही जाती है। मगर जानकारों के अनुसार मामला कुछ और है। जिसका पता नही चल पा रहा है।

### दिल्ली-सीतामढ़ी नई अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस आज से

गोरखपुर, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 14048/14047 दिल्ली-सीतामढ़ी-दिल्ली नई अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन नियमित रूप से 9 अगस्त से प्रत्येक शनिवार को दिल्ली से तथा 10 अगस्त से प्रत्येक रविवार को सीतामढ़ी से निम्नवत किया जायेगा। 14048 दिल्ली-सीतामढ़ी नई अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस 9 अगस्त से प्रत्येक शनिवार को दिल्ली से 14.00 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 14.42, टूण्डला से 16.55 बजे, कानपुर सेंट्रल से 20.10 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 22.20 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 00.30 बजे, छूटकर सीतामढ़ी 10.45 बजे पहुंचेगी।

# स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से मिली आजाद : जिलाधिकारी

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों का हुआ सम्मान

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर लोगों को संबोधित करते डीएम।

अमृत विचार : जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की उपस्थिति में बांसी के अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद स्मारक स्थल तेजगढ़ में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर देश भक्ति सांस्कृतिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवारों का सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी शतीश कुमार सिंह द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधिगण को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी शतीश कुमार सिंह द्वारा वीर सपूत चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. द्वारिका प्रसाद यादव की समाधि पर पुष्पार्चन किया गया।

इसके पश्चात काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री उप्र के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा देखा गया। मौके पर बेसिक शिक्षा विभाग के बांसी के कम्पोजिट विद्यालय जनियाजोत के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति नृत्य की प्रस्तुति की गयी। जिलाधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार के ध्रुवचन्द, कन्हैया, हरिपाल, रमेश, नरसिंह, रामप्रसाद, हरीश एवं भगौती को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम तेजगढ़ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़ा है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से हमारे देश को आजादी मिली है हमें उनके बलिदान को याद रखना चाहिए, जिससे आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। काकोरी ट्रेन एक्शन के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अंग्रेजी हुकूमत को हिला देने वाली घटना का अंजाम दिया था। यह कार्यक्रम उन्ही वीर सपूतों की याद में आयोजित हो रहा है। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी ने तेजगढ़ के ग्राम वासियों को शुभकामनायें दी। जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों को बताया कि आप सभी लोग भाग्यशाली हैं कि यह ग्राम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 द्वारिका प्रसाद यादव जी की जन्मस्थली है स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बदौलत हमारे देश को स्वतंत्रता मिली है। जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्रों को सम्बोधित करते हुये बताया कि हमारे जीवन में स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता अत्यन्त ही आवश्यक है। उन्होंने सभी छात्रों से आह्वान करते हुये कहा कि अच्छी शिक्षा ग्रहण कर आई0ए0एस0, डाक्टर, वकील व अन्य उच्च पदों पर जायें जिससे आपके ग्राम व जनपद का नाम रोशन होगा। सभी बच्चों को जिलाधिकारी ने शुभकामनायें दी। जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधिगण, ग्रामवासियों एवं बच्चों के प्रति आभार प्रकट किया गया।

जिला विकास अधिकारी ने उपस्थित बच्चों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते हुये उच्च पदों पर आसीन होकर देश की सेवा करने की शुभकामनायें दी। इसके पश्चात जनप्रतिनिधिगण एवं जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी व अन्य लोगों द्वारा वीर सपूतों की याद में राष्ट्र गान किया गया। इस अवसर खंड विकास अधिकारी बांसी कृतिका अवस्थी, सहायक विकास अधिकारी अजय राय प्रोफेसर केपी त्रिपाठी प्रधान प्रतिनिधि राम लोटन कार्यक्रम के संचालक धनंजय मिश्रा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## साधन सहकारी समितियों के तीन सचिव निलंबित

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार: जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं के निरीक्षण दौरान उन्हें तीन साधन सहकारी समिति (बी. पैक्स) बंद मिली थी। डीएम के निर्देश पर संबंधित तीनों समितियों के सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जबकि लोटन ब्लाक के साधन सहकारी समिति सेमरहना के बंद मिलने पर एडीओ सहकारिता की रिपोर्ट पर संबंधि सचिव के खिलाफ भी निलंबन की कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने गुरुवार को शोहरतगढ़ क्षेत्र के भ्रमण दौरान पाया कि शोहरतगढ़ ब्लाक अंतर्गत साधन सहकारी समिति (बी. पैक्स) शोहरतगढ़, साधन सहकारी समिति (बी.पैक्स) दोहरिया खुर्द तथा बढ़नी ब्लाक अंतर्गत साधन सहकारी समिति (बी.पैक्स) परसा बंद पाया। डीएम के निर्देश पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता प्रकाश बहादुर गौतम ने समिति बंद होने को लापरवाही मानते हुए शोहरतगढ़ के सचिव ज्वाला सिंह, दोहरिया खुर्द के सचिव शेषराम यादव, परसा के सचिव राम उजागिर यादव को निलंबित कर दिया है। शुक्रवार को सहायक विकास अधिकारी सहकारिता अम्ब्रीश यादव और अपर जिला सहकारी अधिकारी रमेश कन्नौजिया ने निरीक्षण दौरान साधन सहकारी समिति (बी.पैक्स) सेमरहना बंद पाया।

## सड़क चौड़ीकरण व विद्युत पोल स्थानांतरण को लेकर पूर्व विधायक ने लिखा पत्र

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : बैदौला चौराहा से सगरा-बस्ती बॉर्डर तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने विद्युत पोल और 33 के.वी. लाइन के स्थानांतरण की बात की है। पूर्व विधायक ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड डुमरियागंज को एक पत्र भेजकर जल्द से जल्द कार्रवाई की बात कही है। पूर्व विधायक द्वारा लिखे पत्र में बताया गया कि सड़क को 10 मीटर चौड़ा किया जाना है, लेकिन सड़क के किनारे स्थापित विद्युत पोलों के कारण न केवल दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है, बल्कि सड़क निर्माण कार्य में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। इसके अतिरिक्त, सड़क किनारे लगे पेड़ों से विद्युत तारों का बार-बार संपर्क होने के चलते फॉल्ट की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे क्षेत्रीय जनता को विद्युत आपूर्ति में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनहित को ध्यान में रखते हुए, संबंधित विद्युत पोलों की शीघ्र सिफ्टिंग कराई जाए तथा 33 के.वी. लाइन को सोनहटी से बढ़नी माइनर नहर होते हुए कूड़ी माइनर नहर के माध्यम से रीवा फीडर तक स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर, मुख्य अभियंता बस्ती, एवं अधीक्षण अभियंता सिद्धार्थनगर को भी भेजी हैं, ताकि इस कार्य को शीघ्र स्वीकृति प्राप्त हो और जनहित में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।


**बी0एम0 मेमोरियल डिग्री कालेज, ककरही बाजार, माडरमऊ, अम्बेडकरनगर**

**में आवश्यकता है :-**

स्नातक स्तर पर **बी0ए0 पाठ्यक्रम में** (हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान, प्राचीन इतिहास, शिक्षाशास्त्र, उर्दू, चित्रकला, मध्य कालीन इतिहास, गणित, सैन्य विज्ञान, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, शारीरिक शिक्षा) तथा बी0एससी0 पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, माइक्रोबायोलॉजी, जीव रसायन, कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं पर्यावरणीय विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता- 02 पद

**योग्यता एवं वेतनमान-** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 7 दिनों के अंदर अपने अभिलेखों की छाया प्रति के साथ विद्यालय के पते पर संपर्क करें।

**भवदीय- रामधारी यादव**

**मो0नं0-8127777056, 9919143033**


# सीमा की रक्षा कर रहे एसएसबी जवानों ने छात्राओं से बंधवाई राखी



एसएसबी जवानों को राखी बांधतीं छात्राएं। अमृत विचार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार: राखी पर्व के पूर्व 43वी वाहिनी के जवानों ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जोगिया उदयपुर और रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार के छात्राओं से राखी बंधवाकर रक्षाबंधन त्योहार मनाया गया। मालूम हो कि राखी रिश्तों के बीच एक अटूट सम्बन्ध का प्रतिक है जो एक भाई बहन के बीच होता है। इस त्यौहार के दिन बहन अपने भाइयों के कलाई पर सुरक्षा का धागा बंधती है जो भाई को विषम परिस्थितियों में सहायता करता है। इस पवित्र धागा के बदले भाई जीवन भर अपने बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। इसी उदेश्य से 43वी वाहिनी मुख्यालय परिसर में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जोगिया उदयपुर और रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार के छात्राओं ने वाहिनी के जवानों को तिलक लगाकर राखी बंधी तथा इन जवानों का स्नेह स्वरुप उपहार और आशीष ग्रहण किया। जवान अपने घर परिवार को त्यागकर अपने कर्तव्य के पथ पर एक निष्ट देशसेवा के भाव से सीमा की रखवाली करते है, हमारे लिए यह बहुत गर्व की बात है कि हमारी बहनें हमें राखी बाँधकर इस पवित्र रिश्ते को और प्रगाढ़ कर रही हैं। यह भावनात्मक जुड़ाव हमें अपनी जिम्मेदारियों को और निष्ठा से निभाने की प्रेरणा देता है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्र - छात्राओं को किया पुरस्कृत

संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार: काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह" कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों, स्कूली छात्र/छात्राएं आदि उपस्थित रहे। लाइव प्रसारण देखने पश्चात विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न विधाओं - राष्ट्रीय गीत, रंगोली कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। छात्र/छात्राओं द्वारा जिलाधिकारी को राखी बांध कर आशीर्वचन लिए गए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक, डीडीओ, डीसी मनरेगा, डीपीआरओ, डीएसओ, बीएसए सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## जानकारी के अभाव में योजना से हो रहे वंचित लाभार्थी : डीएम

संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार: जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि आपदा प्राकृतिक या मानव निर्मित कारणों से होने वाली एक ऐसी घटना है जो किसी राज्य में सामान्य जीवन व गंभीर रूप से जान-माल, पर्यावरण और अन्य संसाधनों को भारी नुकसान करती है। उन्होंने विभिन्न घटनाओं से होने वाली जन हानि के विवरण के क्रम में बताया कि कृषक दुर्घटना, सर्प दंश, आकाशीय बिजली गिरने, व मौसम भारी वर्षा, आंधी-तूफान, नाव-दुर्घटना कुआ, नदी, तालाब, नहर, जल प्रपात में डूबकर होने बाली मृत्यु आदि सम्मिलत है। उक्त आपदाओं में योजनाओं का लाभ के लिए तत्काल स्थानीय लेखपाल व तहसील प्रशासन को सूचित करे। उन्होंने पशुधन मुआवजा हेतु आवश्यक दस्तावेज़ के क्रम में बताया कि सूचना प्रार्थना पत्र, पंचनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य रिपोर्ट देने को कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य आपदा मोचक निधि द्वारा शासनादेश में वर्णित व्यवस्था अंतर्गत छोटे और सीमांत किसान व भूमिहीन पशुपालको को 2025-26 तक जन हानि/पशुधन हानि पर नियमानुसार मुआबजा दर निर्धारित की गयी है।

## शोध व ब्रांच से बढ़ेगी किसानों की आमदनी : डॉ. पाठक




संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार: महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर एमजीयूजी के कृषि संकाय में शुक्रवार को कृषि अनुसंधान एवं विकास की उन्नत तकनीकों और नवाचारों पर केंद्रित विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के पूर्व निदेशक डॉ. अश्विनी पाठक उपस्थित रहे। डॉ. पाठक ने भारत में गन्ना के क्षेत्र में शोध और विकास पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने गन्ना फसल के इतिहास, उन्नत किस्मों के विकास, रोग एवं कीट प्रबंधन, उत्पादन में नवीनतम तकनीकी सुधार, भूमि एवं जल संरक्षण पद्धतियों, गन्ना आधारित उद्योगों के विस्तार और मूल्य संवर्धन की संभावनाओं पर विद्यार्थियों के साथ विचार साझा किए। कहा कि गन्ना अनुसंधान की चुनौतियों और अवसरों को समझते हुए युवा वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों को शोध और नवाचार की ओर उन्मुख होना चाहिए। शोध और नवाचार के केंद्र में किसानों की आमदनी बढ़ाने का ध्येय मुख्य रूप से होना चाहिए। स्वागत संबोधन अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. विमल कुमार दूबे, संचालन डॉ. आयुष कुमार पाठक और आभार ज्ञापन डॉ. शाश्वती प्रेम कुमारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. नवनीत सिंह, डॉ. सच्चिदानंद सिंह,=सुरेश कुमार निषाद, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह डॉ. यशलोक सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

# हिंदू-मुस्लिम एकता की बनीं अनूठी मिसाल



मुंशी प्रेमचंद्र पार्क में मुस्लिम भाइयों को रक्षासूत्र बांधतीं हिंदू बहनें। अमृत विचार

गोरखपुर, अमृत विचार: गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल पेश करते हुए गोरखपुर में रक्षाबंधन के अवसर पर हिंदू-मुस्लिम एकता को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन मुंशी प्रेमचंद पार्क में हुआ। वर्ष 2009 से चली आ रही यह परंपरा अब अपने 16वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। इस आयोजन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि गोरखपुर की ज़मीन जहां बुद्ध, कबीर, बाबा गोरखनाथ, बाबा रोशन अली शाह और फिराक गोरखपुरी जैसे महान विभूतियों ने जन्म लिया भारत की एकता और भाईचारे की सच्ची पहचान है। कार्यक्रम में हिंदू बहनों के एक समूह ने मुस्लिम भाइयों को राखी बांधी और उन्हें अपनी सुरक्षा का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सभी धर्मों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता अनवर हुसैन, यूपी कांग्रेस की प्रवक्ता डॉ. अनु प्रसाद, पूर्व महानगर सचिव समाजवादी पार्टी आफताब अहमद और बसपा के वरिष्ठ नेता ख्वाजा शमसुद्दीन ने किया। डॉ. अनु प्रसाद ने कहा, गंगा-जमुनी तहज़ीब भारत की आत्मा है। जब हम एक-दूसरे के पर्वों में शरीक होते हैं, तभी देश की आत्मा मुस्कुराती है। अनवर हुसैन ने कहा, हमारी ईद में हमारे हिंदू भाई-बहन शामिल होते हैं, और दिवाली पर हम उनके घर दीप जलाते हैं।

## कासगंज-मथुरा सवारी गाड़ियों का 20 तक अस्थायी मार्ग विस्तार

गोरखपुर, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए 8 से 20 अगस्त तक 55339/55340 कासगंज-मथुरा जं.-कासगंज सवारी गाड़ी का अस्थाई रूप से मार्ग विस्तार अछनेरा तक तथा 55335/55336 कासगंज-मथुरा जं.-कासगंज सवारी गाड़ी का अस्थाई रूप से मार्ग विस्तार गंगापुर सिटी तक किया गया है। मार्ग विस्तार के फलस्वरूप कासगंज से 08 से 20 अगस्त, 2025 तक चलने वाली 55339 कासगंज-अछनेरा सवारी गाड़ी कासगंज से 21.25 बजे प्रस्थान कर निर्धारित स्टेशनों पर पूर्ववत रूकते हुये मथुरा जं. से 23.50 बजे, दूसरे दिन भैंसा से 00.15 बजे तथा परखम से 00.27 बजे छूटकर अछनेरा 01.00 बजे पहुँचेगी।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

**Accreditations, Affiliations & Approvals**

University Grants Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

**ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26**

**CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted**

**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

**INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

**FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

**ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

**BIU COLLEGE OF MANAGEMENT**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

**For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053**

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

**Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in**



मेरे लिए यह हमेशा से एक रहस्य रहा है कि लोग अपने साथियों के अपमान से खुद को कैसे सम्मानित महसूस कर सकते हैं। – **महात्मा गांधी**

# नए समीकरणों के संकेत

भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप का यह कहना कि अभी और प्रतिबंध लगेंगे, उनकी उस खीझ भरी मनोदशा का परिचायक है, जो इस मुद्दे पर भारत के लगातार संयम और संतुलन दिखाने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय हितों से कोई समझौता नहीं करने की दो टूक से उपजी है। दरअसल, ट्रंप रूस की तेल से होने वाली कमाई कम करके पुतिन को यूक्रेन के साथ युद्ध विराम के लिए मजबूर करना चाहते हैं। इसके लिए निशाना भारत को बना रहे हैं, वर्ना भारत से ज्यादा तेल तो रूस से चीन लेता है, फिर नाराजगी भारत पर ही क्यों? चीन पर तो अमेरिका ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई टैरिफ नहीं लगाया है। जाहिर है कि भारत के खिलाफ बहाना रूस के तेल का है, जबकि असल कारण ब्रिक्स, डॉलर के वर्चस्व, भारत के कृषि और डेयरी क्षेत्र में घुसपैठ और पाकिस्तान के साथ सीज फायर का श्रेय नहीं देने से ज्यादा जुड़ा है। ऐसा न होता तो भला ट्रंप के ट्रेड सलाहकार भारत के रूस से तेल लेने को अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा बताकर बात का बतंगड़ नहीं बनाते। रिश्ते बिगड़ने का एक कारण अमेरिकी टैरिफ मिसाइल के जवाब में भारत द्वारा अपने राष्ट्रीय हितों के साथ दृढ़ता दिखाना भी है, जिसकी अमेरिका को उम्मीद कम ही थी। यही नहीं, ट्रंप के कदम को अनुचित और अतार्किक बताते हुए भारत का यह कहना भी अमेरिका को नागवार गुजरा है कि रूस से तेल खरीदना उसकी ऊर्जा सुरक्षा के लिए जरूरी है। इसके बाद जिस तरह भारत को ब्राजील, चीन और रूस का समर्थन मिला है, उससे स्वाभाविक है कि ट्रंप को अपना दांव न सिर्फ खाली जाता, बल्कि उल्टा पड़ता नजर आ रहा है। ब्राजील के लिए कहा जा सकता है कि वह पहले से अमेरिका के साथ तनावपूर्ण संबंधों के चलते भारत की तरह 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रहा है, लेकिन चीन की प्रतिक्रिया अप्रत्याशित है। पहले भारत में चीनी राजदूत ने अमेरिका को 'बुली' बताया अब उनके विदेश मंत्रालय ने कह दिया है कि भारत पर टैरिफ लगाकर अमेरिका न सिर्फ अधिकारों का दुरुपयोग, बल्कि तकनीक और ट्रेड के मुद्दों को हथियार जैसा इस्तेमाल कर रहा है। हालांकि इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि चीन मौका भुनाने और भारत को अपने पाले में लाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन रूस पुराने विश्वसनीय दोस्त की भूमिका में है। पुतिन ने भारत आने की हामी भरकर इस पर मुहर भी लगा दी है। इस माहौल में भारत-रूस-चीन की त्रिपक्षीय वार्ता फिर से शुरू होने की संभावना से इंकार नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी माह चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं। मोदी का एससीओ समिट में हिस्सा लेने का कार्यक्रम है। रूस भी नौ देशों के संगठन एससीओ का सदस्य है। यहां से नए वैश्विक समीकरणों को ऊर्जा मिल सकती है, क्योंकि यह बात किसी से छिपी नहीं है कि ट्रंप की पैंतरेबाजी वैश्विक व्यवस्था पर नियंत्रण बनाए रखने की रणनीति है। अमेरिका को डर है कि भारत-रूस-चीन का गठजोड़ डॉलर का प्रभुत्व कमजोर कर सकता है।

## प्रसंगवश

# सभ्यता की आत्मा, संस्कृति का आधार है संस्कृत

'देवभाषा' कही जाने वाली प्राचीन भाषा 'संस्कृत' के प्रसार को बढ़ावा देने और संस्कृत के महत्व को चिह्नित करने के उद्देश्य से हिंदू कैलेंडर के अनुसार प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन 'विश्व संस्कृत दिवस' मनाया जाता है। इस वर्ष संस्कृत दिवस नौ अगस्त को मनाया जा रहा है। संस्कृत दिवस मनाए जाने की शुरुआत वर्ष 1969 से हुई थी, जब भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के आदेश पर हर साल श्रावणी पूर्णिमा के ही दिन केंद्रीय तथा राज्य स्तर पर संस्कृत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। संस्कृत का अर्थ दो शब्दों 'सम' और 'कृत' से मिलकर बना है, 'सम' का अर्थ है 'संपूर्ण तथा 'कृत' का अर्थ है 'किया हुआ' अर्थात् संपूर्ण किया हुआ। संस्कृत केवल एक स्व-विकसित भाषा ही नहीं है, बल्कि एक संस्कारित भाषा भी है, इसीलिए इसका नाम संस्कृत है। यह विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक मानी जाती है और दुनिया की कई भाषाओं की जड़ें संस्कृत भाषा में मिलती हैं। संस्कृत को 'देवभाषा' अर्थात् 'देवताओं द्वारा बोली जाने वाली भाषा' भी कहा जाता है। संस्कृत एक प्राचीन इंडो-आर्य भाषा है, जिसके बारे में माना जाता है कि भारत में इस भाषा की उत्पत्ति करीब चार हजार वर्ष पूर्व हुई थी।



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

इस प्राचीन भाषा का उपयोग बौद्ध, जैन और सिख धर्म के साथ-साथ हिंदू धर्म के दार्शनिक प्रवचनों के लिए भी किया जाता था। हजारों वर्षों से हिंदू संस्कृति में पूजा-पाठ में संस्कृत के मंत्रों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि लिखित रूप में इस भाषा की उत्पत्ति ईसा पूर्व से पहले की दूसरी सहस्त्राब्दी से हुई मानी जाती है, जब ॠग्वेद में भजनों का एक संग्रह लिखा गया माना जाता है। वैदिक संस्कृति में ॠग्वेद, पुराणों और उपनिषदों का अत्यधिक महत्व है और भारत में चार अलग-अलग खंडों में विभाजित वेदों (ॠग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद) की रचना 1000 से 500 ईसा पूर्व की अवधि में ही हुई थी। यह लगभग सभी वेदों और पुराणों की भाषा है, इसीलिए इस भाषा के प्रति लोगों के दिल में आदर का भाव रहता है। यह बहुत प्राचीन और व्यापक भाषा है, जिसमें कई पुराण, महापुराण और उपनिषद हैं। वास्तव में संस्कृत ऐसी भाषा है, जो लोगों को मूल वेदों के साथ-साथ कई अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथों को भी मूल देवनागरी अथवा उसी संस्कृत भाषा में पढ़ने का अवसर प्रदान करती है, जिसमें वे लिखे गए हैं।

भारत की समृद्ध संस्कृति की प्रतीक संस्कृत समस्त भारतीय भाषाओं की जननी मानी जाती है, जो भारत में बोली जाने वाली प्राचीन भाषाओं में पहली है। भारत की कुछ प्राचीन लोककथाएं संस्कृत भाषा में ही हैं। संस्कृत की विशेषता के बारे में माना जाता है कि कोई व्यक्ति संस्कृत में केवल एक शब्द में ही स्वयं को व्यक्त कर सकता है। कुछ शोधकर्ताओं द्वारा संस्कृत को दो खण्डों (वैदिक संस्कृत तथा शास्त्रीय संस्कृत) में वर्गीकृत किया गया है। संगीत में संस्कृत का उपयोग अधिकांशतः हिंदुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय संगीत में ही किया जाता है। संस्कृत भाषा में करीब 102 अरब 78 करोड़ 50 लाख शब्दों की सबसे बड़ी शब्दावली है और इस भाषा की एक संगठित व्याकरणिक संरचना भी है, जिसमें स्वर और व्यंजन भी वैज्ञानिक पैटर्न में व्यवस्थित होते हैं। संस्कृत को भारत के संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित किया गया है और उत्तराखंड में तो यह राज्य की दूसरी आधिकारिक भाषा के रूप में घोषित की गई है। कर्नाटक में शिमोगा जिले में मत्तूर नामक एक ऐसे गांव के बारे में भी जानकारी मिलती है, जहां प्रत्येक व्यक्ति संस्कृत में बात करता है। बहरहाल, यदि इन कुछेक अपवादों को छोड़ दें तो संस्कृत का उपयोग वर्तमान समय में केवल पूजा-पाठ, अनुष्ठानों तथा शैक्षणिक गतिविधियों तक ही सीमित होकर रह गया है और इसे पढ़ने, लिखने तथा समझने वाले लोगों की संख्या निरंतर कम हो रही है। सही मायनों में संस्कृत केवल एक भाषा ही नहीं है, बल्कि एक विचार, एक संस्कृति, एक संस्कार भी है, जिसमें विश्व का कल्याण, शांति, सहयोग और वसुधैव कुटुंबकम् की भावना निहित है। इसलिए अत्यंत जरूरी है कि अब देश में विदेशी भाषाओं और अंग्रेजी का महत्व अत्यधिक बढ़ जाने के कारण अपना अस्तित्व खोती इस देव भाषा को बढ़ावा देने के लिए समुचित कदम उठाए जाएं।

# सभी मांगलिक अवसरों पर है रक्षासूत्र की परंपरा





हृदयनारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

भारत उत्सवधर्मा राष्ट्र है। यहां प्रतिदिन उत्सव हैं। प्रतिदिन उल्लास और हर समय आनंद की वर्षा। अभी बहुत समय नहीं हुआ, नाग पूजा का पर्व नागपंचमी बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। हनुमान जयंती के अवसर पर श्रद्धालु हिंदू घर से निकल पड़ते हैं। सामाजिक आयोजन में हिस्सा लेते हैं। सावन में शिवार्चन और रुद्राभिषेक चलते हैं। इसके पहले रामनवमी के उत्सवों की श्रृंखला लंबे समय तक चली है। भारत के सभी उत्सवों में कोई न कोई संदेश अवश्य रहता है। पूर्वजों ने पर्व और उत्सवों की रचना पूरे मनोयोग से की है। लोकमंगल को पर्व का ध्येय बनाना था। पिछले महीने वायुमंडल तप रहा था। अब रिमझिम वर्षा हो रही है। घर से निकले वर्षा होने लगी। सब कुछ भीग गया। तन भीगा, मन भीगा। वन उपवन भी वर्षा के साथ झूम रहे हैं। भारत प्राचीन देश है। विशाल भूखण्ड है। क्षेत्रीय विविधताएं हैं। अनेक बोलियां हैं। अनेक भाषाएं हैं। इसलिए उत्सव और पर्व मनाने का ध्येय एक होने के बावजूद आयोजनों में विविधता है। आनंद के इस अतिरेक को लगातार बांटने और राष्ट्रजीवन की पंक्ति में गरीब वर्ग को भी सामूहिकता के रस रंग में झूमते हुए नृत्य करने का अवसर मिलना चाहिए। हमारा प्राचीन साहित्य वर्षा, सावन और उत्सवों के उल्लेख से भरा पूरा है। सिनेमा में भी सावन और वर्षा के गीतों की बहार है। वर्षा में आनंद मगन होने के लिए किसी खास तैयारी की आवश्यकता नहीं होती। सावन किसान के लिए भी नृत्य मगन होने का अवसर है। शहर से दूर ग्रामीण अंचल में भी सावन आता है और पूर्वजों द्वारा गढ़े गए उत्सवों के बीच हम सबको पुलकित करता है। ऐसे ही तमाम उत्सवों में से एक उत्सव है रक्षाबंधन।

भारत रत्न पीवी काणे ने 'धर्मशास्त्र का इतिहास' खंड चार (पृष्ठ 53) में लिखा है, 'श्रावण की पूर्णिमा को अपराह्न में एक कृत्य होता है, जिसे रक्षाबंधन कहते हैं। श्रावण की पूर्णिमा को सूर्योदय के पूर्व उठकर देवों, ॠषियों और पितरों का तर्पण करने के उपरांत अक्षत, तिल, धागों से युक्त रक्षा बनाकर धारण करना चाहिए।' रक्षाबंधन प्राचीन पर्व है। क्षेत्रीयता के प्रभाव में पर्व के मनाए जाने के तरीके अलग-अलग हैं। उत्तर भारत के बड़े हिस्सों में बहनें अपने भाइयों को रक्षासूत्र बांधती हैं। मिठाई खिलाती हैं। भाई-बहन के मध्य प्राकृतिक आत्मीयता होती है। भाई इस अवसर पर बहन को हमेशा रक्षक बने रहने का आश्वासन देता है। पश्चिमी भारत विशेषतया कोंकण और मालाबार में सभी वर्गों के लोग समुद्र तट पर जाते हैं। समुद्र को पुष्प और नारियल अर्पित करते हैं। पीवी काणे ने बताया है, 'सावन की पूर्णिमा को समुद्र में तूफान कम आते हैं, इसीलिए समुद्र देवता को नारियल चढ़ाया जाता है कि वे व्यापारी जहाज को सुविधा दे सकें।' साधारणतया उत्सवों में राजा नहीं जाते थे, लेकिन रक्षाबंधन के दिन राजा एक भवन में बैठता था और पुरोहित मंत्र पढ़ते थे। पीवी काणे ने बताया है, 'राजा के लिए महल में एक वर्गाकार भूमि स्थल पर जल पात्र रखा जाना चाहिए। उसे मंत्रियों के साथ आसन ग्रहण करना चाहिए। लगातार गीतों और आशीर्वचनों का तांता लगा रहना चाहिए। विद्वानों और ज्ञानियों को सम्मान देने के बाद राजपुरोहित को बुलाना चाहिए और यह मंत्र पढ़ते हुए राजा के हाथों में रक्षा सूत्र बांधना चाहिए- येन बद्धो बलि राजा, दानवेन्द्रो महाबलरू। तेन त्वाम् प्रतिबद्धनामि रक्षे माचल माचल- अर्थात मैं आपको यह रक्षा सूत्र बांधता हूं, जिसमें दानवों के राजा बलि बांधे गए थे। हे रक्षासूत्र हमारी रक्षा के लिए यहां से न हटो।' रक्षासूत्र के लिए यह मंत्र सर्वत्र पढ़ा जाता है।

पूर्वजों ने समाज के चिंतन में उत्सवों का रस घोल दिया है। रक्षासूत्र केवल राजा के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं था। साधारण जन भी अपने किसी परिजन से या गांव के किसी वरिष्ठ जन से रक्षासूत्र बंधवाते थे। भविष्योत्तर पुराण में लिखा है, 'इंद्राणी ने इंद्र के दाहिने हाथ में रक्षासूत्र बांधा था। इससे इंद्र की शक्ति बढ़ गई और उन्होंने असुरों को पराजित कर दिया।' रक्षासूत्र आदर्श परंपरा है। भारत में यह परंपरा और राष्ट्र रक्षा का विचार ॠग्वेद के रचनाकाल के समय ही प्रकट हो गया था। इसी विचार परंपरा में रक्षासूत्र की बात चली होगी। रक्षासूत्र कोई कवच नहीं है। यह साधारण धागा नहीं है। देश में सभी मांगलिक अवसरों पर रक्षासूत्र की परंपरा है। मंदिरों में पुरोहित रक्षासूत्र बांधते हैं। विवाह आदि अवसरों पर भी रक्षासूत्र का चलन है। प्रगाढ़ भावना से बांधे गए रक्षासूत्र हमारे अंतःकरण में सकारात्मक रासायनिक परिवर्तन लाते हैं।

राष्ट्र की रक्षा राजा का प्रथम कर्तव्य है। पुरोहित रक्षासूत्र बांधकर उसे प्राथमिक कर्तव्य का स्मरण कराता था। यहां पुरोहित का अर्थ सामान्य प्रवचनकर्ता या कथावाचक नहीं है। पुरोहित का अर्थ है 'पुर का हितैषी'। पुरोहितों की परंपरा के विस्तार से राष्ट्रजीवन को लाभ हुआ। फिर यही परंपरा बहनों द्वारा भाई को रक्षासूत्र बांधने के रूप में भी व्यापक हो गई। रक्षासूत्र का मूल आधार प्रेम और कर्तव्य है। बहनों द्वारा भाइयों को रक्षासूत्र बांधना ठीक है। शिष्य द्वारा आचार्य को और छात्र द्वारा अध्यापक को रक्षासूत्र बांधने का क्रम चलना चाहिए। कितना सुंदर हो कि शिष्य रक्षासूत्र लेकर आगे बढ़े, आचार्य के श्रीचरणों में निवेदन करे, 'मैं आपको यह रक्षासूत्र समर्पित करता हूं। आपके हाथों को सुसज्जित करता हूं। यह रक्षासूत्र मेरी भी रक्षा करे और आपकी अभिरक्षा में हम ज्ञान प्राप्त करें।' बाजार में रक्षासूत्रों की बहार है। तरह तरह के रंग हैं। सोने चांदी के भी रक्षासूत्र हैं। हमारी प्रतिष्ठा बाजार तय कर रहा है। हमारे जीवन में कोई कमी जरूर है। कोई छिद्र है, जिससे उल्लास रस रिसता है और हम तमाम संपन्नता के बावजूद रीते-रीते बने रहते हैं। आनंदरस का घट उफनाता नहीं। इस रिक्तता की पूर्ति उत्सव कर सकते हैं। रक्षाबंधन का अवसर यही प्रतीति दे सके, तो जन-गण-मन स्थायी रूप से आनंदित रहेगा। शुभकामना बधाई!

हमारे देश में सभी मांगलिक अवसरों पर रक्षासूत्र की परंपरा है। मंदिरों में पुरोहित रक्षासूत्र बांधते हैं। विवाह आदि अवसरों पर भी रक्षासूत्र का चलन है।

## आमने सामने



पंजाब का मुख्यमंत्री भगवंत मान पियक्कड़ हैं। उन्हें होश में रहकर काम करना चाहिए, क्योंकि उनका भरोसा नहीं वे कितनी घूंट मारकर आ जाएं और क्या बात कह दें। – **अर्जुन चौटाला**, विधायक, आईएनएलडी हरियाणा

यह राजनीति के स्तर को रसातल में ले जाने की साजिश है, वह भी उन लोगों द्वारा जिनके पास न तमीज है, न तथ्यों का ज्ञान और न ही जनसेवा का कोई रिकॉर्ड। अर्जुन चौटाला जी, पहले हरियाणा में अपनी पार्टी की जमीन बचाइए। – **नील गर्ग** प्रवक्ता, आम आदमी पार्टी, पंजाब



# आदिवासियों का बिखरता जीवन संसार



अरविंद जयतिलक
लेखक

आज विश्व आदिवासी दिवस है। यह दिवस वैश्विक स्तर पर आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा एवं जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1994 में नौ अगस्त विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया था। आज ही के दिन 9 अगस्त, 2018 को इनके स्वास्थ्य की स्थिति पर राष्ट्रीय रिपोर्ट विशेषज्ञ समिति द्वारा भारत सरकार को प्रस्तुत की गई थी। इस रिपोर्ट में इनकी आबादी के स्वास्थ्य की चुनौतियां और उनकी बेहतरी के ढेरों उपाए सुझाए गए थे। सवाल यह है कि क्या इनकी आबादी के स्वास्थ्य के लिए सुझाए गए उपायों पर अमल हो रहा है? क्या इनकी संपत्ति, संस्कृति और विरासत सहेजने की कोशिश हो रही है? क्या इस समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास हो रहा है? अगर इन संकल्पों की सिद्धि का प्रयास हो रहा है तो ठीक है, अन्यथा इस दिवस को मनाने का कोई औचित्य नहीं है। इस समाज की चुनौतियां कम होने के बजाए लगातार बढ़ रही हैं। इन्हें हर रोज विस्थापन से लेकर अपनी संपत्ति, संस्कृति और विरासत को सहेजने-बचाने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

गत वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र संघ की 'द स्टेट आफ द वर्ल्डस इंडीजीनस पीपुल्स' नामक रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि मूलवंशी और आदिम जातियां भारत समेत संपूर्ण विश्व में अपनी संपदा, संसाधन और जमीन से वंचित और विस्थापित होकर विलुप्त होने की कगार पर हैं। रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि खनन कार्य के कारण हर रोज हजारों आदिवासी परिवार विस्थापित हो रहे हैं। विस्थापन के कारण उनमें गरीबी, बीमारी और बेरोजगारी बढ़ रही है। आमतौर पर आदिवासी समाज सीधा और सरल माना जाता है, लेकिन उनकी परंपरागत अर्थव्यवस्था पर हमला ने उन्हें आक्रोशित बना दिया है।

मूलवासी जनसमूह आजीविका के संकट से तो जूझ रहे हैं, साथ ही उन्हें कई तरह की बीमारियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अगर विकसित देश अमेरिका की ही बात करें, तो यहां इस समूह के लोगों को तपेदिक होने की आशंका 600 गुना अधिक रहती है। आस्ट्रेलिया में इस समुदाय का कोई बच्चा किसी अन्य समूह के बच्चे की तुलना में 20 साल पहले ही मर जाता है। नेपाल में अन्य समुदाय के बच्चे से इस समुदाय के बच्चे की आयु संभाव्यता का अंतर 20 साल, ग्वाटेमाला के 13 साल और न्यूजीलैंड में 11 साल है। विश्व स्तर पर देखें तो इस समुदाय के कुल 50 फीसदी लोग टाइप-2 मधुमेह से पीड़ित हैं। बीमारी और हस्तक्षेप से इस समाज का तेजी से पलायन हो रहा है। गत वर्ष पहले नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि कोलम (आंध्रप्रदेश और तेलंगाना) कोरगा (कर्नाटक) चोलानायकन (केरल) मलपहाड़िया (बिहार) कोटा (तमिलनाडु) बिरहोर (ओडिसा) और शोंपेन (अंडमान और निकोबार) के विशिष्ट संवेदनशील आदिवासी समूहों की तादाद घट रही है।

आंकड़े बताते हैं कि स्वतंत्रता के बाद से लेकर अब तक इस आबादी में दस फीसदी से अधिक की कमी आई है। आदिवासी बहुल राज्य झारखंड की ही बात करें तो वर्ष 1951 में जहां आदिवासी आबादी 35.80 फीसदी थी, वह 1991 में घटकर 27.66 फीसदी रह गई। वर्ष 2001 की जनगणना के मुताबिक उनकी आबादी 26.30 रही, जो 2011 की जनगणना के मुताबिक घटकर 26.11 फीसदी रह गई है। उल्लेखनीय है कि यह आंकड़ा गत वर्ष पहले झारखंड राज्य के जनजातीय परामर्शदात्री परिषद द्वारा जारी किया गया था। यहां ध्यान देना होगा कि न सिर्फ आदिवासियों की तादाद कम हो रही है, बल्कि परसंस्कृति ग्रहण की समस्या ने भी उन्हें दोराहे पर खड़ा कर दिया है। नतीजा, न तो वह अपनी संपत्ति और संस्कृति बचा पा रहे हैं और न ही आधुनिकता से लैस होकर राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल हो पा रहे हैं। बीच की स्थिति से उनकी विरासत दांव पर लगी है। गौर करें तो यह सब उनके जीवन में बाहरी हस्तक्षेप के कारण हो रहा है।

आज भारत के उत्तर पूर्वी तथा दक्षिणी भागों के आदिवासियों में कितने ही व्यक्तियों ने अंग्रेजी को अपनी मातृभाषा के रूप में स्वीकार कर अपनी मूलभाषा का परित्याग कर दिया है। सत्यता तो यह है कि प्रत्येक समूह की भाषा में उसके प्रतीकों को व्यक्त करने की क्षमता होती है। यदि भाषा में परिवर्तन हो जाए तो समूहों के मूल्यों और उपयोगी व्यवहारों में भी परिवर्तन होने लगता है। आदिवासी समूहों में उनकी परंपरागत भाषा से संबधिंत सांस्कृतिक मूल्यों और आदर्श नियमों का क्षरण होने से आदिवासी समाज संक्रमण के दौर से गुजरने लगा है। आदिवासियों की संस्कृति पर दूसरा हमला कारपोरेट जगत की ओर से हो रहा है। जंगलों को काटकर और जलाकर उस भूमि को जिस प्रायोजित तरीके से उद्योग समूहों को सौंपा जा रहा है, उसका प्रभाव उनकी संस्कृति पर दिख रहा है। देश में नब्बे के दशक से ही विदेशी निवेश बढ़ाने की गरज और खनन नीतियों में बदलाव के कारण आदिवासी परंपरागत भूमि से बेदखल हो रहे हैं। एक रिपोर्ट में आदिवासी जनसमुदाय की दशा पर ध्यान खींचते हुए कहा गया है कि इनकी आबादी विश्व की जनसंख्या की महज पांच फीसदी है, लेकिन दुनिया के 90 करोड़ गरीब लोगों में मूलवासी लोगों की संख्या एक तिहाई है।

भारत के साथ पूरी दुनिया में आदिवासी समाज संकट में है। ये टीबी और मधुमेह जैसी बीमारियों से घिरे हुए हैं और इससे इनकी उम्र कम हो रही है।

## सामयिकी

# कुत्तों के बढ़ते हमले, केंद्रीय मंत्री ने छेड़ा अभियान

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय गोयल ने कटखने कुत्तों से उत्पन्न हुई समस्याओं पर अंकुश लगवाने के लिए न सिर्फ अभियान छेड़ा है, बल्कि जंतर-मंतर पर धरना भी दिया था। आवारा और कटखने कुत्तों का आतंक पिछले कुछ समय से समूचे देश में तेजी से फैला है। रोजाना कुत्तों के हमले से जुड़े सैकड़ों मामले सामने आ रहे हैं। पिछले सप्ताह दिल्ली-एनसीआर में दर्जनों ऐसी घटनाएं घटीं, जहां राह चलते लोगों पर कुत्तों ने जानलेवा हमला न किया हो? दिल्ली में ऐसे दो हजार कटखने कुत्तों को नगर निगम ने चिन्हित किया है। देश भर में ऐसे कुत्तों का आकंड़ा 32 लाख से भी ज्यादा बताया गया है। वर्ष 2016 में कटखने कुत्तों के आंतक से निजात के लिए केंद्र सरकार से लेकर तमाम राज्यों की सरकारों ने 'स्ट्रीट डॉग्स शेल्टर' बनाए जाने की योजना बनाई थी। कुछेक राज्य इस दिशा में आगे बढ़े, बाकी राज्य निल बटे सन्नाटा रहे। कुल मिलाकर कागजी प्रयासों मात्र से ये विकराल रूप धारण कर चुकी समस्या नहीं सुलझेगी, इस गंभीर मुद्दे को संसद सत्र जैसे मंचों पर रखकर कोई कारगर कानून बनाए जाने की जरूरत है।



डॉ. रमेश ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार

डॉग्स नसबंदी और एंटी रैबीज वैक्सीनेशन की भी कोई कमी नहीं है, बावजूद इसके आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कुत्तों के काटने की घटनाओं ने लोगों को खासा भयभीत कर रखा है। यही, कारण है कि डर से लोगों ने सुबह की सैर करना और बच्चों ने पार्क में खेलना तक बंद कर दिया है। कुछ दिन पहले की घटना है, जब गुरुग्राम में सुबह पार्क में टहल रही महिला पर एक पालतू कुत्ते ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ऐसी घटनाएं अब आम हो गई हैं। पूरे देश में रोजाना करीब आठ हजार मामले दर्ज होते हैं जिनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब राज्य प्रमुख हैं।

ये खबर निश्चित रूप से सुखद कही जाएगी कि पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्याओं को लेकर अपनी ही सरकार को आईना दिखा रहे हैं। ऐसा कदम अन्य दलों के नेताओं को भी उठाना चाहिए, ताकी समस्या का निजात जल्द निकल सके। उन्होंने अपनी सरकार को चेतावनी भी दी है, अगर कोई कदम नहीं उठाया गया, तो वो जन आंदोलन भी छेड़ेंगे। पशु-अधिनियम कानूनों में बदलाव की अब सख्त जरूरत है। पुरानी चरमराती व्यवस्था में बदलाव करना होगा। कटखने और आवारा पशुओं को पकड़कर कर एकांत शहरों से कहीं दूर-दराज क्षेत्रों में ले जाकर सुरक्षित ढंग से रखने की व्यवस्था बनाई जाए, जहां उन्हें एंटी रैबीज इंजेक्शन दिया जाए, जिससे उनके भीतर विषाक्त को नष्ट किया जाए। भय इस कदर व्याप्त है कि कुत्ता पकड़ने जैसे काम में कोई हाथ तक नहीं डालना चाहता। कुत्तों को पकड़ने का जिम्मा नगर निगम के पशुधन विभाग का होता है, जहां कर्मचारियों का हमेशा टोटा रहता है। कोई भी कर्मचारी इस विभाग में अपनी सेवाएं देने को राजी नहीं है, जो आते भी हैं तो वह ज्यादा रुचि नहीं लेते?

बहरहाल, आवारा कुत्ते ही नहीं, छुट्टा पशुओं के चलते भी इस आफत ने आतंक मचाया हुआ है। हिंसक कुत्ते अब बकायदा झुंड में रहते हैं। सड़कों और मोहल्ले की गलियों में चलना तक दूभर हो गया है। गली, चौक-चौराहों पर अक्सर देखने को मिलता है कि कुत्तों का झुंड रास्ता घेरे बैठे हैं। बच्चों पर कुत्ते ज्यादा अटैक करने लगे हैं। पिछले वर्ष दिल्ली की घटना ने सबको झकझोर दिया था। जहां एक मासूम को दिनदहाड़े दो कुत्तों ने मिलकर हमला कर दिया था। बचाव में दौड़े उसके बड़े भाई को लहूलुहान कर दिया था।

तात्कालिक रूप से हुकूमत या प्रशासनिक स्तर पर कोई हल निकले इसकी भी संभावनाएं नहीं दिखती? घटनाओं पर अगर उदासीनता ऐसी ही रही, तो न जाने कितने लोग आवारा कुत्तों का निवाला बन जाएंगे। मरीजों की संख्याओं का इजाफा अस्पतालों में एकाएक बढ़ा है। कई बार तो रैबीज के इंजेक्शन अस्पतालों मिलते भी नहीं? उस स्थिति में मरीज औने-पौने दामों में निजी अस्पतालों से रेबीज का टीका लगवाते हैं। बिना रेबीज टीका लगे मरीज बेमौत मर भी जाते हैं।

## सोशल फोरम

# झूठ पर टिकी जिंदगी

मनुष्य अगर अपनी किताबों, गाथाओं और महाकाव्यों में सिर्फ वही बातें लिखना शुरू कर दे जो घटित हुई हैं, तो आज हमारे जीवन की लगभग सारी मुश्किलें, भ्रम और अफरातफरी खत्म हो जाएगी... बस फिक्शन यानि 'कल्पित' बातों को इस पृथ्वी से हटा दो तो सारी समस्याएं हल हो जाएंगी। मानव जीवन अब सिवाय फिक्शन के कुछ नहीं बचा है। सुबह से शाम तक सिर्फ़ फिक्शन में जीने वाले लोग हैं हम। सिर्फ झूठ और झूठ।



सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

आंख खुलती है झूठ से और बंद होती है झूठ को जी कर। आंख खुली नहीं कि देखो कोई बेलपत्र तोड़ रहा है मंदिर में चढ़ाने के लिए और कोई टोपी लगाए मस्जिद भागा जा रहा है। फिर ये ऑफिस भागेंगे एक कल्पित कंपनी में काम करने। कंपनी कुछ नहीं होती है बस कागज़ पर लिखा हुआ कुछ है और वो कंपनी है। फिर कोई उसे सौ करोड़ कोई चार सौ करोड़ करने में सारी उम्र लगाए दे रहा है फिर नतीजा अंत में कुछ नहीं। सब कल्पना, सब कल्पित चीज़ें। मनुष्य को लगता है कि इतनी बड़ी कंपनी के मालिक होकर मरेंगे तो लोग कहेंगे कि वाह, बहुत बड़ा काम करके गए हमारे साहब, मगर साहब जैसे ही जाते हैं, इस दुनिया से सब साहब की सारी उम्र बटोरी गई दौलत से हिस्सा लेने के लिए लड़ मरते हैं। साहब सारी उम्र इसी बेवकूफी में जीते रह गए कि वो कुछ बड़ा कर रहे हैं, क्योंकि आसपास वाले जो साहब की मेहनत से पल रहे थे, वो साहब को चने के झाड़ पर चढ़ाते रहे कि आप ये बदलाव ला रहे हैं वो ला रहे हैं, जबकि उन्हें बस साहब से पैसे मिलते रहने की आस चाहिए होती थी।

तुम अपने जीवन से झूठी बातें, झूठे उपन्यास, झूठे ग्रंथ, निकाल दो तो ये पूरी मानव चेतना एकदम से ऊंचाईयां छूने लगेंगीं। तुम्हें जब तक झूठ में मज़ा आता रहेगा, झूठ तुम्हें रिलैक्स करता रहेगा। तब तक तुम कितना भी चीख चिल्ला लो, सब कुछ ऐसे ही चलता रहेगा। झूठ जीने के आदी लोग दलील देंगे, ब्रह्ममहुर्त में उठकर ये एहसास हुआ, मन ऐसे शांत हुआ, पूजा करके ऐसे शांति मिली, बिस्तर पर पड़े होकर क्या होना था, बस पाप होता, सेहत खराब होती। लिखते कुछ हो, जीते कुछ हो। झूठ लिखोगे, झूठ पढ़ोगे, झूठ देखोगे तो कैसे सच जीयोगे? कुछ है तुम्हारे जीवन में जो तुम्हारे उपन्यासों, कविताओं, ग्रंथों, फिल्मों और महाकाव्यों के अनुसार घटित होता है? नहीं न... फिर क्यों ये झूठ जीते रहते हो और अपनी नस्लों को इसी झूठ को मानने के लिए उकसाते रहते हो?

**-फेसबुक वाल से**

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



# किले कहते कहानी हवेलियां सुनातीं कविताएं

कुछ यात्राएं हमारे भीतर कुछ नया जोड़ जाती हैं, एक एहसास, एक कहानी, एक अनुभव। देहरादून से कार द्वारा एक सप्ताह की राजस्थान यात्रा में मंडावा, जैसलमेर और पिलानी की खूबसूरत झलकियों को समेटा। करीब 1800 किमी लंबी इस यात्रा ने राजस्थान के रंग, रेत और रहस्य का ऐसा अद्भुत अनुभव दिया जो जीवन भर स्मृतियों में जीवित रहेगा। मंडावा की हवेलियां, सम के धोरों पर ढलता सूरज, कुलधरा की खामोशी, सोनार किले का सौंदर्य और पटवों की हवेली का वैभव, इन सबने इस यात्रा को सैर नहीं, बल्कि आत्मिक अनुभव बना दिया। राजस्थान सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि एक एहसास है, जहां हर किला एक कहानी है, हर हवेली एक कविता, और हर गांव एक रहस्य।



### किसी पेंटिंग की किताब जैसी नजर आती हैं मंडावा की गलियां

सुबह देहरादून से निकलने के बाद लगभग आठ घंटे के सफर के बाद शाम को छोटे से कस्बे मंडावा में ठहराव हुआ। मंडावा अपनी कलात्मकता और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है। इसे 'ओपन-एयर आर्ट गैलरी' कहा जाता है। यहां की हवेलियां और गलियां किसी पेंटिंग की किताब जैसी हैं। हर दीवार, हर झरोखा एक कहानी कहता है, राजसी जीवन शैली, ब्रिटिश दौर की झलक, धार्मिक प्रसंग और लोककथाएं। हवेलियों की भित्ति चित्रकारी इतनी सूक्ष्म और रंगीन कि लगा मानो इतिहास के किसी पन्ने पर चल रहे हों। बोलते हुए रंगों और शांत गलियों में सैर करते-करते एहसास हुआ कि मंडावा केवल स्थापत्य नहीं, बल्कि जीती-जागती कला है। पीके, बजरंगी भाईजान, पहेली, जब वी मेट जैसी फिल्मों की शूटिंग यहां हुई है।

### हॉरर फिल्म के सेट जैसा रहस्यमयी वीरान गांव

- जैसलमेर से 20 किमी दूरी पर स्थित है, कुलधरा। एक रहस्यमयी वीरान गांव। एक ऐसा स्थान जो आज भी रहस्य और रोमांच से भरा है। कहा जाता है कि 1800 के दशक में यह गांव एक ही रात में वीरान हो गया था। इसके बाद कोई यहां बस नहीं सका।
- यहां खंडहर घर, टूटी दीवारें और वीरान गलियां, एक अजीब सा सन्नाटा रचते हैं। इस गांव की कहानियां आज भी लोगों के मन में डर और जिज्ञासा पैदा करती हैं। कुलधरा में सिर्फ पत्थर नहीं बचे हैं, बल्कि उस समय की पीड़ा और रहस्य जीवित हैं।

### थार के दिल में ढलता सूरज और स्वप्निल सुहानी रात

मंडावा से हमने रुख किया जैसलमेर की ओर, जो थार के रेगिस्तान में स्थित है। लगभग 10 घंटे की यात्रा के बाद हम पहुंचे सम सैंड ड्यून्स जो जैसलमेर शहर से लगभग 40 किमी दूर है। यहां की पहली झलक ने ही मन मोह लिया। दूर-दूर तक फैली सुनहरी रेत, ऊंटों की कतारें, रंग-बिरंगे राजस्थानी कपड़े पहने लोक कलाकार, और धीरे-धीरे ढलता सूरज। हमने ऊंट की सवारी की, डेजर्ट सफारी में जीप से दौड़ लगाई, और डेजर्ट बाइकिंग का भी रोमांच लिया। शाम को लोकनृत्य और संगीत के बीच खुले आसमान के नीचे तंबू में रात्रि विश्राम बिल्कुल नया अनुभव था। ढोल की थाप, घूमर नृत्य, और गरमा-गरम दाल-बाटी-चूरमा के साथ यह रात किसी स्वप्न जैसी बीती।



### नक्काशी और दीवारों पर उकेरी गईं कलाकृतियां

जैसलमेर की यात्रा अधूरी रहती अगर हमने पटवों की हवेली नहीं देखी होती। यह एक नहीं, बल्कि पांच हवेलियों का समूह है, जो 19 वीं शताब्दी में पटवा नामक व्यापारी परिवार द्वारा बनवाया गया था। यहां की बारीक नक्काशी, झरोखे, और दीवारों पर उकेरी गई कलाकृतियां इस बात का प्रमाण हैं कि राजस्थान के व्यापारी वर्ग का वैभव और सौंदर्यबोध कितना उन्नत था। हवेली का हर कमरा, हर छज्जा कहानी समेटे है।

### राजसी वैभव की सैर पर ले जाता है सोनार किला

- जैसलमेर शहर के केंद्र में स्थित विश्व प्रसिद्ध सोनार किला (गोल्डन फोर्ट) देश के कुछ गिने-चुने जीवित किलों में एक है। आज भी इसके अंदर लोग रहते हैं। पीले बलुआ पत्थर से बना यह किला जब सूर्य की रोशनी में नहाता है, तो सोने जैसा चमकता है, इसलिए इसका नाम 'सोनार किला' पड़ा। किले के अंदर संकरी गलियां, पुराने मंदिर, हवेलियां और दुकानें हैं। लगता ही नहीं कि आप किसी किले में हैं। ऐसा लगा जैसे किसी पुराने शहर की गलियों में हैं और समय पीछे चला गया है। यहां की नक्काशी और स्थापत्य कला देखने लायक है।

**1800**
किमी लंबी यात्रा ने राजस्थान के रंग रेत और रहस्य का ऐसा अद्भुत अनुभव दिया जो जीवन भर स्मृतियों में जीवित रहेगा

**रेत और रहस्य के रंगों से भरी राजस्थान की यात्रा**





लेखक: रवि बिजारनियां
अध्यक्ष, पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया, देहरादून चैप्टर।

# जिंदगी हवन करें, चलो समाज के लिए...

बात करीब 22 साल पुरानी है, 15 नवंबर 2003 को उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल विष्णुकांत शास्त्री के आग्रह पर युग दधीचि देहदान अभियान प्रारंभ करते समय मन में बड़ा संशय था कि इस महायज्ञ में आहुति के लिए लोगों को तैयार कैसे किया जाएगा। दरअसल, समाज में किसी की मृत्यु होने पर उसका चितारोहण और अग्निदाह न हो इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

सामाजिक-धार्मिक मान्यताओं और बाधाओं तथा अंधविश्वास के साथ शरीर के अंतिम संस्कार की सदियों पुरानी प्रथा व कर्मकांड के बीच लोगों को यह समझाना काफी कठिन काम था कि देहदान किसी महादान से कम नहीं है। लेकिन समाज की आस्था और प्रचलित मान्यता के विपरीत नया रास्ता बनाने के संकल्प को पत्नी माधवी का साथ मिलने से साहस बढ़ा। वर्ष 1993 में अंतरजातीय विवाह करने के कारण हम दोनों ने पारिवारिक, सामाजिक विरोध के जिन झंझावातों को झेला था, उसने चुनौतियों से निपटने और संकल्प से पीछे नहीं हटने का हौसला पहले ही दे रखा था। इसी के चलते एक नई मिसाल खड़ी करने के लिए आजीवन निःसंतान रहकर अपनी पूरी ऊर्जा समाज हित में लगाने का निर्णय लिया। इसी बीच आजाद हिंद फौज की रानी झांसी रेजिमेंट की लेफ्टिनेंट रहीं मानवती आर्या ने अपने पति का स्वयं अपने हाथों से 20 जनवरी 2003 को देहदान कानपुर मेडिकल कॉलेज को किया। यह घटना जीवन में एक नई दृष्टि, नई रोशनी लेकर आई, जिसके प्रकाश ने युग दधीचि देहदान अभियान की राह दिखाई। फिर क्या था, हम पति-पत्नी समाज को देहदान की महत्ता समझाने सड़क पर निकल पड़े।



### निःसंतान रहने का व्रत लिया, दवा का व्यवसाय त्याग दिया

संतान की चाह का त्याग संसार का सबसे कठिन काम है और उससे भी कठिन है आज के भौतिकवादी समाज में धन के लोभ का परित्याग, लेकिन अपने मिशन के लिए आजीवन नि:संतान रहने के संकल्प के साथ दवा का व्यवसाय भी त्याग दिया। इसी संकल्प के साथ जेके कॉलोनी जाजमऊ स्थित घर से हम पति-पत्नी रोज अपने अभियान पर निकलने लगे। युग दधीचि देहदान अभियान आज प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षा के लिए बड़ा वरदान बन गया है। कानपुर शहर और देहात, कन्नौज, फतेहपुर, औरैया, लखनऊ, इलाहाबाद, अयोध्या, सैफई, अंबेडकर नगर, आगरा, एम्स गोरखपुर, एम्स रायबरेली, बदायूं, पीलीभीत, वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज दिल्ली एवं गवर्नमेंट मेडिकल साइंसेज ग्रेटर नोएडा को अब तक 300 पार्थिव देह दान की जा चुकी हैं। चार हजार से अधिक लोग देहदान का शपथ पत्र भरकर सौंप चुके हैं।

**युग दधीचि देहदान अभियान को मानवता का सबसे बड़ा महायज्ञ बनाने में लगाया जीवन**

### छह माह के कृष्णम के साथ नामचीन लोग बने देहदानी

चिकित्सा जगत की सेवा और समाज को घातक बीमारियों से मुक्त बनाने के लिए लोगों को मरणोपरांत अपनी देह मेडिकल कॉलेजों को दान करने के लिए तैयार करना शुरू किया। जागरूकता की अलख जगी तो 20 अगस्त 2006 को कानपुर देहात स्थित डेरापुर से पहली देह 21 वर्षीय बऊआ दीक्षित की लाकर कानपुर मेडिकल कॉलेज को दान करने में सफल हुए। इसके बाद तो समाज के नामचीन लोगों डॉ प्रतीक मिश्र, सरदार मंजीत सिंह, डॉ लक्ष्मी सहगल, विधायक भगवती सिंह विशारद, मानवती आर्या, पद्मश्री गिरिराज किशोर, पं. बद्रीनारायण तिवारी, रूपकुमारी खेतान, वीरांगना निर्मला देवी कटियार, स्वाधीनता सेनानी रघुवंशी लाल सचान, समाजवादी रघुनाथ सिंह के साथ सबसे छोटे छह माह के देहदानी कृष्णम मिश्र का नाम भी देहदानियों में जुड़ गया। इस महाअभियान में पत्नी माधवी ने अपने परिवार से अपनी मां सोनदाई देवी, पिता दामोदर लाल दास एवं चाचा विपिन कुमार की देह अपने हाथ से कानपुर मेडिकल कॉलेज को दान की।

### इसलिए आवश्यक है देहदान

- सरकार करोड़ों रुपये खर्च करके मेडिकल कॉलेज तो बनवा सकती है पर चिकित्सा शिक्षा अध्ययन के लिए मानव देह उपलब्ध कराना उसके वश में नहीं है। मेडिकल कॉलेजों में दाखिला लेते ही प्रथम वर्ष के छात्रों को अपना अध्ययन मानव देह पर शोध करके ही प्रारंभ करना होता है। मृत देह जिसे चिकित्सकीय भाषा में केडबर कहते हैं के बिना न तो प्रथम वर्ष की पढ़ाई हो सकती है और न निष्णात चिकित्सक तैयार हो सकते हैं। आदर्श स्थिति में एक केडबर पर दस छात्रों को अध्ययन करना चाहिए पर अभी मेडिकल कॉलेजों में इतने केडबर नहीं हैं। देहदान अभियान के प्रयास से धीरे धीरे यह कमी पूरी हो रही है।



लेखक: मनोज सेंगर
संस्थापक एवं प्रमुख युग दधीचि देहदान अभियान

## बिजनेस ब्रीफ

### जोमैटो ने शाहरुख को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** खाद्य एवं पेय सामग्री की आपूर्ति करने वाले ऑनलाइन मंच जोमैटो ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को ब्रांड एंबेसडर बनाने की शुक्रवार को घोषणा की। जोमैटो ने कहा कि खान हाल ही में जोमैटो के नवीनतम अभियान फ्यूल योर हसल में दिखाई दिए थे। जोमैटो के विपणन प्रमुख साहिबजीत सिंह साहनी ने कहा कि खान लाखों लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं और उनकी महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देते हैं। खान ने कहा, जोमैटो की कहानी मेहनत, नवाचार और लोगों को उनकी पसंदीदा चीज – बेहतरीन भोजन के करीब लाने के प्रेम की कहानी है।

### एससीईएल ने आईपीओ के लिए भेजे दस्तावेज

**नई दिल्ली।** सिल्वर कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (एससीईएल) ने बाजार नियामक सेबी के समक्ष आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 1,400 करोड़ जुटाने के लिए प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ में 1,000 करोड़ के नए शेयर और 400 करोड़ की ब्रिकी पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी की आईपीओ से हासिल राशि में से 865 करोड़ रुपये का उपयोग कर्ज भुगतान और 35 करोड़ रुपये अपनी अनुषंगी कंपनी बीएपीएल के उधारों को चुकाने के लिए तथा शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग करेगी।

### आवासीय परियोजनाओं में डीएलएफ करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड दिल्ली- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और मुंबई में पहले से पेश हो चुकी अपनी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 23,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। डीएलएफ ने बताया कि कंपनी के पास 10,429 करोड़ नकद है, जिसमें से 7,782 करोड़ रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) के एस्क्रो खाते में जमा हैं। कंपनी को ग्राहकों को बेची संपत्तियों के बदले उनसे 37,220 करोड़ रुपये भी मिले।

# बिकवाली से बाजार में बड़ी गिरावट

## विदेशी निवेशकों की गतिविधि व अमेरिकी शुल्क से सेंसेक्स 765 अंक लुढ़का

**मुंबई, एजेंसी**



● रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में बिकवाली से बाजार पर बढ़ा दबाव

विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और अमेरिकी शुल्क से जुड़ी चिंताओं के बीच शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार में भारी गिरावट आई और सेंसेक्स 765 अंक लुढ़क गया। निफ्टी में भी 233 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल जैसी प्रमुख कंपनियों में भारी बिकवाली से भी बाजार पर दबाव पड़ा।

बीएसई का सेंसेक्स 765.47 अंक गिरकर 79,857.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 847.42 अंक टूटा था। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,507 शेयर गिरावट में रहे जबकि 1,521 में तेजी रही और 145 अन्य अपरिवर्तित रहे। एनएसई का निफ्टी भी 232.85 अंक गिरकर 24,363.30 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार छठा कारोबारी सप्ताह है जब बाजार नुकसान में रहा है। सेंसेक्स में इस हफ्ते कुल 742.12 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी 202.05 के नुकसान में रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि, एनटीपीसी, टाइटन, ट्रेंट, आईटीसी और बजाज फिनसर्व के शेयरों में तेजी का रूख रहा।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क के प्रभावों को लेकर चिंताएं बढ़ने से घरेलू बाजार में गिरावट रही और यह तीन माह के निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बिकवाली जारी रखी है, जिससे घरेलू सूचकांकों पर दबाव बढ़ रहा है। रियल्टी एवं धातु खंडों को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा।

लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, घरेलू इक्विटी बाजार एफआईआई की बिकवाली और शुल्क चिंताओं के दबाव में गिर गए। विवाद न सुलझने तक व्यापार वार्ता न होने की चेतावनी से बाजार धारणा प्रभावित हुई। वहीं रूसी तेल खरीदने पर अलग से लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क 27 अगस्त से लागू होने वाले हैं।

### एफआईआई ने 4,997.19 करोड़ के शेयर बेचे

शेयर बाजार से मिले आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 4,997.19 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 10,864.04 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। चौतरफा बिकवाली के बीच सभी क्षेत्रवार सूचकांक नकारात्मक दायरे में बंद हुए। रियल्टी खंड में सर्वाधिक 2.09 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि दूरसंचार खंड में 1.83 प्रतिशत और धातु खंड में 1.82 प्रतिशत की सुस्ती रही। मझोली कंपनियों का सूचकांक बीएसई मिडकैप 1.56 प्रतिशत गिर गया जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप सूचकांक 1.03 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### विदेशी बाजार पर भी दिखा मिला-जुला असर

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की सूचकांक सकारात्मक रहा, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट आई। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में ज्यादातर बढ़त में थे। अमेरिकी बाजार गुरुवार को मिले–जुले रुख के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.59% बढ़कर 66.82 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## भारत-अमेरिका व्यापार विवाद : निर्यातकों के लिए बड़ा झटका



अमेरिका-भारत व्यापार विवाद ने भारतीय निर्यातकों के लिए बड़ा झटका पैदा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50% टैरिफ लगाने के बाद प्रमुख अमेरिकी खुदरा कंपनियां- वॉलमार्ट, अमेजन, टारगेट और गैप ने अपने नए ऑर्डर रोक दिए हैं। इनका भारत के साथ अरबों डॉलर का व्यापार होता है, खासकर अपैरल, टेक्सटाइल और घरेलू उपयोग की वस्तुओं में। इस कदम से भारतीय निर्यातकों को 4-5 अरब डॉलर तक के नुकसान होने की आशंका है, जिसका सीधा असर भारत के प्रमुख निर्यात क्षेत्रों पर पड़ेगा।

### भारत से वार्षिक व्यापार (अनुमान)

| कंपनी | वार्षिक आयात (यूएसडी) | प्रमुख उत्पाद |
|---|---|---|
| वॉलमार्ट | \$1.2 – \$1.5 अरब | वस्त्र, घरेलू उपयोग, उपभोक्ता सामान |
| अमेजन | \$1.0 – \$1.3 अरब | वस्त्र, एसएमई उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स |
| टारगेट | \$500 – \$700 मिलियन | होम टेक्सटाइल, कपड़े, सजावटी उत्पाद |
| गैप | \$400 – \$600 मिलियन | फैशन परिधान |

इन कंपनियों द्वारा \$3.1 – \$4.1 अरब डॉलर के उत्पाद भारत से हर वर्ष खरीदते है।

### भारतीय हिस्सेदारी

| कंपनी | अमेरिका में बिक्री |
|---|---|
| वेलस्पन लिविंग | 70% तक |
| गोकलदास एक्सपोर्ट्स | 50–60% |
| ट्राइडेंट | 60% तक |
| इंडो काउंट | 40–50% |

### प्रतिस्पर्धियों को लाभ

- बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देश तुलनात्मक रूप से सस्ते हैं।
- वहां 20% तक कम टैरिफ है, जिससे खरीदार अब उनकी ओर झुक सकते हैं।

### सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले क्षेत्र

अपैरल और टेक्सटाइल सेक्टर मुख्य रूप से सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। अमेरिका भारत के कुल अपैरल और टेक्सटाइल निर्यात का 28% हिस्सा अकेले खरीदता है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में यह व्यापार \$36.61 अरब डॉलर का था।

### भारत की प्रतिक्रिया

- भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी फैसले को अनुचित और अविवेकपूर्ण करार दिया है।
- भारत ने डब्ल्यूएचओ जैसे वैश्विक मंचों पर इस टैरिफ के खिलाफ कदम उठाने की संभावना भी जताई है।
- साथ ही, सरकार अपने निर्यातकों को राहत देने के उपायों पर विचार कर रही है।

### वैश्विक आपूर्ति शृंखला होगी प्रभावित

अमेरिकी कंपनियों के ऑर्डर रोकने से न केवल आर्थिक नुकसान होगा, बल्कि भारत की वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रभावित होगी। प्रतिस्पर्धा के लिए भारत को टैक्स नीति, एफटीए और नए बाज़ारों पर ध्यान देना होगा।

## शुल्क से 6% रह जाएगी भारतीय वृद्धि दर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● रेटिंग एजेंसी मूडीज ने आयात पर 50% अमेरिकी शुल्क लागू किए जाने पर जताई आशंका

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने शुक्रवार को कहा कि अगर अमेरिका 27 अगस्त से भारतीय निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत आयात शुल्क लागू कर देता है तो वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6% रह जाएगी। यह अनुमान चालू वित्त वर्ष के लिए 6.3% वृद्धि दर के मौजूदा पूर्वानुमान से 0.3 प्रतिशत अंक कम है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत की मजबूत घरेलू मांग और सेवाओं के क्षेत्र की मजबूती अमेरिकी शुल्क के दबाव को कुछ हद तक कम करने में सफल रहेगी। इसके साथ ही मूडीज ने कहा कि उच्च अमेरिकी शुल्क पर भारत की प्रतिक्रिया से ही यह तय होगा कि इसकी आर्थिक वृद्धि, मुद्रास्फीति और बाहरी स्थिति पर इसका क्या असर होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने छह अगस्त को भारतीय आयात पर अतिरिक्त 25% शुल्क की घोषणा की थी। इसके साथ ही 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर लगने वाला कुल शुल्क बढ़कर 50% हो जाएगा। भारतीय आयात पर लगाया गया 50% शुल्क एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अन्य देशों पर लागू 15-20% शुल्क के मुकाबले कहीं अधिक है।

एजेंसी ने कहा कि भारत के पास बाहरी अस्थिरता से निपटने को पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है और सरकार संभवतः राजकोषीय और ऋृण नियंत्रण पर अपना ध्यान बनाए रखेगी। मू2022 के बाद से भारत ने रूस से सस्ते कच्चे तेल का आयात किया है जिससे उसे मुद्रास्फीति और चालू खाते के घाटे पर दबाव कम करने में मदद मिली है। 2024 में भारत का रूस से तेल आयात 56.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि 2021 में यह 2.8 अरब डॉलर था।

## 47 से 60 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर बेचेगा केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर की 47 से 60 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर खुदरा बिक्री की शुक्रवार को घोषणा की। इस पहल का मकसद खरीदारों को राहत प्रदान करना है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बताया कि एनसीसीएफ 4 अगस्त से आजादपुर मंडी से टमाटर खरीद रहा है और न्यूनतम मुनाफे पर खुदरा बिक्री कर रहा है। आज तक एनसीसीएफ ने खरीद लागत के आधार पर 47 से 60 रुपये प्रति किलो की खुदरा कीमतों पर 27,307 किलो टमाटर बेचे हैं। खुदरा बिक्री एनसीसीएफ के नेहरू प्लेस, उद्योग भवन, पटेल चौक और राजीव चौक स्थित खुदरा दुकानों के साथ-साथ शहर भर में विभिन्न स्थानों पर संचालित छह से सात वैन के माध्यम से की जा रही है। एनसीसीएफ द्वारा पिछले कई वर्षों में भी इसी तरह की पहल की गई है। मंत्रालय ने कहा कि बारिश के कारण दिल्ली में टमाटर की कीमतों में अस्थायी रूप से बढ़ोतरी हुई है।

## 7% की दर से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था : पनगढ़िया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● सोलहवें वित्त आयोग के चेयरमैन ने भारत के 'मृत अर्थव्यवस्था' होने संबंधी दावे को किया खारिज

सोलहवें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने शुक्रवार को भारत के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की मृत अर्थव्यवस्था संबंधी टिप्पणी पर कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था 7% की दर से बढ़ रही है और डॉलर के लिहाज से यह वृद्धि इससे भी अधिक है।

पनगढ़िया ने कहा, अगर अर्थव्यवस्था मृत होती तो वह 7% से अधिक की दर से नहीं बढ़ती। वास्तव में, डॉलर के लिहाज से हमारी वृद्धि दर 7% से भी अधिक है। मुझे नहीं पता मृत अर्थव्यवस्था की परिभाषा क्या है...। हो सकता है कि मृत शरीर में भी हरकत होती हो। ट्रंप ने पिछले हफ्ते भारत को मृत अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा था, मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि भारत रूस के साथ क्या करता है। वे अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को साथ लेकर डूब सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में कहा था कि भारत सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है, जो वैश्विक वृद्धि में 16 प्रतिशत योगदान दे रही है।



# लोस में पेश होगा 11 को नया आयकर विधेयक

## सरकार ने आयकर विधेयक, 2025 को लिया वापस, प्रवर समिति के सुझावों के अनुसार होगा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 वापस ले लिया और सरकार प्रवर समिति के सुझावों के अनुसार बदलावों को शामिल करके नया विधेयक लाएगी। नया आयकर विधेयक 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार आयकर विधेयक के अद्यतन संस्करण में प्रवर समिति की अधिकांश सिफारिशें शामिल होंगी। बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रवर समिति की रिपोर्ट के अनुसार आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसकी सदन की मंजूरी मिल गई। सरकार ने 13 फरवरी, 2025 को यह विधेयक पेश किया था और इसे अध्ययन के लिए लोकसभा की प्रवर समिति को भेज दिया गया। प्रवर समिति की रिपोर्ट 21 जुलाई को सदन में पेश हुई। आयकर विधेयक, 2025 को आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लाया गया था। विधेयक के कई संस्करणों से होने वाले भ्रम से बचने और सभी बदलावों को समाहित करके आयकर विधेयक का नया संस्करण सोमवार को सदन में प्रस्तुत होगा।



संसद के मानसून सत्र के दौरान आयकर विधेयक पर लोकसभा को संबोधित करतीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण। एजेंसी

भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली लोकसभा की 31 सदस्यीय प्रवर समिति ने आयकर विधेयक में कई बदलावों की सिफारिश की है। समिति ने नए कानून में धार्मिक-सह-परमार्थ ट्रस्टों को दिए गुप्त चंदे पर कर छूट जारी रखने का भी समर्थन किया, साथ ही सुझाव दिया कि करदाताओं को बिना किसी दंडात्मक शुल्क का भुगतान किए, आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि के बाद भी टीडीएस रिफंड का दावा करने की अनुमति होनी चाहिए। नए विधेयक में सरकार ने गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) को विशुद्ध रूप से धार्मिक ट्रस्टों द्वारा प्राप्त गुप्त चंदे पर कर लगाने से छूट दी है। हालांकि, किसी ऐसे धार्मिक ट्रस्ट द्वारा प्राप्त दान, जो अस्पताल और शिक्षण संस्थान संचालित करने जैसे अन्य धर्मार्थ कार्य भी करते हों, पर विधेयक के तहत कानून के अनुसार कर लगाया जाएगा।

### फिर हंगामे से नहीं चले दोनों सदन

नई दिल्ली। विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर शुक्रवार को भी संसद के दोनों सदनों में हंगामा किया, जिससे कार्यवाही नहीं चल सकी है और उसे दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया। शुक्रवार को सदन में गैर–सरकारी कामकाज होने का उल्लेख करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि शुक्रवार को गैर–सरकारी कामकाज के तहत सदन में अपराह्न तीन बजे के बाद निजी विधेयक और संकल्प प्रस्तुत किए जाते हैं और उन पर चर्चा होती है। विपक्ष के सदस्य सरकारी कामकाज तो बाधित कर ही रहे हैं, आज उन्होंने गैर सरकारी कामकाज को भी अवरुद्ध किया है। भविष्य में विपक्ष के सांसद ये ना कहें कि सरकार ने सहयोग नहीं किया है। सदन में प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। वे एसआईआर और चुनाव सुधार के मुद्दे पर सदन में चर्चा कराने की मांग कर रहे हैं जिसे सरकार खारिज कर चुकी है। हंगामे के बीच ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा व स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल सहित कुछ मंत्रियों ने कुछ सदस्यों के पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए।

वहीं, उच्च सदन राज्यसभा में भी बिहार में एसआईआर सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे से पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से उच्च सदन में आज भी शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। हरिवंश ने सदस्यों से शांत रहने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि विपक्षी सदस्य सोमवार को एसआईआर के मुद्दे पर ही नोटिस देंगे और उस पर चर्चा होनी चाहिए। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ है और तब से आज तक विपक्षी सदस्यों के हंगामे की वजह से उच्च सदन में एक बार भी शून्यकाल तथा प्रश्नकाल नहीं हो पाया है।

# घुसपैठियों को वोट देने का अधिकार नहीं : शाह

**सीतामढ़ी (बिहार), एजेंसी**



बिहार के सीतामढ़ी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

● केंद्रीय गृहमंत्री ने की एसआईआर पर आपत्ति के लिए विपक्ष की आलोचना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर आपत्ति जताने को लेकर विपक्षी दलों की शुक्रवार को आलोचना की और कहा कि घुसपैठियों को वोट देने का कोई अधिकार नहीं है। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी राज्य में एसआईआर कवायद पर राजनीति कर रहे हैं।

सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम की जनसभा में शाह ने कहा, घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने चाहिए। उन्हें वोट देने का अधिकार नहीं है, लेकिन बिहार में राजद और कांग्रेस एसआईआर का विरोध कर रहे हैं क्योंकि घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। राहुल गांधी ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा था कि लोकसभा चुनाव में बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1,00,250 मतों की चोरी हुई, जबकि यह सीट भाजपा ने 32,707 मतों के अंतर से जीती। महादेवपुरा विस क्षेत्र की जांच की, जहां 1,00,250 वोट चोरी हुए, 11,965 डुप्लीकेट मतदाता मिले, 40,009 फर्जी पतों का प्रयोग हुआ, 10,452 मतदाता एक ही पते पर पंजीकृत, 4,132 फर्जी फोटो तथा 33,692 नए मतदाता फॉर्म-6 का गलत प्रयोग कर जोड़े गए।

ऑपरेशन सिंदूर पर विपक्षी दलों के रुख पर शाह ने दावा किया कि संप्रग शासन के दौरान भारत में आतंकी हमले अकसर होते थे। लेकिन नरेन्द्र मोदी के शासन में भारत अलग है। हमारे सैनिकों ने आतंकियों को उनके ठिकानों में मार गिराया। लेकिन राजद और कांग्रेस ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहे हैं। लालू जी ने केंद्रीय मंत्री के रूप में बिहार में रेलवे के बुनियादी ढांचे के लिए 1,132 करोड़ मंजूर किए, जबकि हमारी सरकार ने 2026 में 10,066 करोड़ प्रदान किए।

## धर्मस्थल विवाद : मीडिया कवरेज पर रोक लगाने से शीर्ष इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● कोर्ट ने कहा- दुर्लभ मामलों में ही रोक के दिए जाते हैं आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कर्नाटक के धर्मस्थल क्षेत्र में कथित सामूहिक दफन मामले की मीडिया कवरेज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और मनमोहन की पीठ ने कर्नाटक की निचली अदालत को निर्देश दिया कि वह धर्मस्थल मंदिर के सचिव की याचिका पर नए सिरे से निर्णय ले।सचिव ने याचिका में मंदिर का प्रबंधन करने वाले परिवार को निशाना बनाने वाली कथित अपमानजनक सामग्री को हटाने का अनुरोध किया था।

शीर्ष अदालत ने कहा कि केवल दुर्लभ मामलों में ही कवरेज पर रोक के आदेश दिए जाते हैं। इसने याचिकाकर्ता से कहा कि वह सभी सामग्री निचली अदालत के समक्ष प्रस्तुत करे। पीठ ने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट ने 1 अगस्त को बेंगलुरु की दीवानी अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें सामूहिक दफन मामले की मीडिया कवरेज पर रोक लगा दी गई थी।

## जिस डाल पर बैठे, उसी को काटने जैसा राहुल का दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने राहुल पर निर्वाचन आयोग को धमकी देने का लगाया आरोप

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में धांधली होने संबंधी अपने आरोपों के समर्थन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खुलासे का भाजपा ने मजाक उड़ाते हुए शुक्रवार को कहा कि यह जिस डाल पर बैठे हों उसी को काटने जैसा है। कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने ज्यादातर सीटें वहीं जीतीं, जहां मतदाताओं की संख्या बढ़ी है।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि गांधी ऐसी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं जो नेता प्रतिपक्ष को शोभा नहीं देती। राहुल निर्वाचन आयोग को भाजपा की मदद में उनकी कथित भूमिका के लिए अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए यादव ने कहा कि महाराष्ट्र विस चुनावों में मतदाताओं की संख्या लोकसभा चुनावों की तुलना में 40 लाख से अधिक बढ़ी थी, न कि एक करोड़, जैसा कि गांधी ने दावा किया है। कांग्रेस नेता के आरोपों का तर्क गलत निकला। कांग्रेस व उसके सहयोगियों द्वारा जीती माढा, मोहोल, नागपुर पश्चिम और नागपुर उत्तर विस सीट का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। गांधी दावा कर रहे थे कि वह जो सबूत पेश करेंगे, वह एटम बम जैसा होगा। अगर कांग्रेस नेता को चुनाव प्रक्रिया पर आपत्ति है, तो उन्हें निर्वाचन आयोग में शपथ पत्र दाखिल करना चाहिए।

### मैंने ली है संविधान की शपथ, क्या चुनाव आयोग भाजपा का एजेंट बन चुका है : राहुल गांधी



बेंगलुरु। निर्वाचन आयोग द्वारा उनसे शपथपत्र पर हस्ताक्षर या माफी मांगने के लिए कहे जाने के बाद शुक्रवार को पलटवार करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने संसद में संविधान की शपथ ली है तथा इस संवैधानिक संस्था को बताना चाहिए कि क्या वह भाजपा की एजेंट बन गई है। राहुल ने बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क' में आयोजित वोट अधिकार रैली यह चेतावनी दी कि वोट चोरी के लिए जिम्मेदार चुनाव आयोग के अधिकारियों को एक न एक दिन पकड़ा जाएगा क्योंकि यह एक आपराधिक कृत्य है। रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, रणदीप सुरजेवाला, राज्य के मंत्री, सांसद, विधायक आदि शामिल हुए।

## वेबसाइट बंद करने के राहुल के दावे गलत : ईसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शुक्रवार को इन दावों को खारिज कर दिया कि कई राज्यों में उसकी वेबसाइट बंद हैं और उस पर उपलब्ध मतदाता सूची गायब है। आयोग ने राहुल गांधी से मतदाता सूची में गलत प्रविष्टियों के अपने दावों पर शपथ पत्र देने के लिए भी कहा। निर्वाचन आयोग ने कहा कि यदि गांधी शपथ पत्र नहीं देते हैं तो उन्हें बेतुके आरोपों के लिए राष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए।

गांधी द्वारा तीन राज्यों में वोट चोरी के आरोपों को लेकर निर्वाचन आयोग ने कहा कि अगर उन्हें अपने विश्लेषण पर विश्वास है और लगता है कि उसके खिलाफ लगाये गए आरोप सही हैं, तो उन्हें चुनावी नियमों के तहत शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने और मतदाता सूची में गलत तरीके से जोड़े गए या हटाए नामों को सौंपने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। अगर गांधी शपथ पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं, तो इसका मतलब होगा कि उन्हें अपने विश्लेषण और उसके निष्कर्षों और बेतुके आरोपों पर विश्वास नहीं है। तीन राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने गुरुवार को गांधी से उन मतदाताओं के नाम साझा करने को कहा था, जिनके बारे में उन्होंने दावा किया था कि उनके नाम मतदाता सूची में गलत तरीके से शामिल किये गए या हटा दिये गए।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### सिंगापुर: राज कपूर के लिए श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**सिंगापुर।** सिंगापुर में दिग्गज फिल्म निर्माता राज कपूर की जन्म शताब्दी पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महान शोमैन राजकपूर को संगीतमय श्रद्धांजलि शीर्षक से यह कार्यक्रम रिस्पेक्ट इंडिया की ओर से 23 अगस्त की शाम को ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया जायेगा। रिस्पेक्ट इंडिया भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए समर्पित राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त गैरलाभकारी संस्था है। यहां साप्ताहिक समाचार पत्र 'तबला!' की खबर के अनुसार, इस कार्यक्रम में भारतीय सिनेमा के सबसे सम्मानित व्यक्तियों में से एक के कालजयी गीतों और ऐतिहासिक क्षणों को याद किया जाएगा।

### डॉ. स्टीफन फेडरल रिजर्व बोर्ड में नियुक्त

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आर्थिक सलाहकार परिषद के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. स्टीफन मिरान को फेडरल रिजर्व बोर्ड में नियुक्त किया है। बोर्ड में यह पद रिक्त था और वह इस पद पर 31 जनवरी 2026 तक रहेंगे। इस बीच ट्रंप प्रशासन फेड गवर्नर एड्रियाना कुगलर के इस्तीफे से रिक्त हुए पद पर उपयुक्त व्यक्ति की तलाश जारी रखेगा जिनका इस्तीफा 8 अगस्त से प्रभावी होगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट एक बयान में कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि मैंने डॉ. मिरान को चुना है।

### वेनेजुएला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी पर इनाम

**कराकस।** वेनेजुएला सरकार ने देश के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़वाने वाले को पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी की घोषणा की निंदा की है। वेनेजुएला के विदेश मंत्री इवान गिल ने गुरूवार को सोशल मीडिया पर इस घोषणा को "एक घटिया राजनीतिक दुष्प्रचार" बताते हुए कहा कि इसका न तो कोई कानूनी आधार है और न ही नैतिक आधार है। इसमें केवल अमेरिका और वेनेजुएला के अतिवादी दक्षिणपंथियों का राजनीतिक हित निहित है।

### चीन में अचानक बाढ़ से 10 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के उत्तर-पश्चिमी गांसू प्रांत के युझोंग काउंटी में अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग लापता हो गए। चीन की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के अनुसार, बृहस्पतिवार से हो रही भारी बारिश के कारण लान्झोउ शहर के निकट पहाड़ी क्षेत्रों में अचानक बाढ़ आ गई और कम से कम एक बार भूस्खलन हुआ। मूसलाधार बारिश के कारण जिंगलोंग पर्वतीय क्षेत्र में बिजली और दूरसंचार सेवाएं ठप हो गईं।

# निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी समेत कई पर रांची में केस दर्ज

**रांची, एजेंसी**

- बाबा बैद्यनाथ मंदिर के गर्भगृह में जबरन घुसने का आरोप

झारखंड पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी और कई अन्य के खिलाफ दो अगस्त को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर के गर्भगृह में जबरन प्रवेश करने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

मंदिर के पुजारी कार्तिक नाथ ठाकुर की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मद्देनजर पवित्र महीने श्रावण के दौरान वीआईपी या वीवीआईपी प्रवेश पर प्रतिबंध के बावजूद दोनों भाजपा सांसदों ने दो अगस्त को रात 8:45 बजे से नौ बजे के बीच मंदिर के गर्भगृह में जबरन प्रवेश किया। एक अधिकारी ने बताया कि निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी, कांशीकांत दुबे, शेषाद्रि दुबे और अन्य के खिलाफ बाबा बैद्यनाथ मंदिर पुलिस थाने में मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करने, धार्मिक परंपरा और भावनाओं को ठेस पहुंचाने तथा सुरक्षा कारणों से तैनात पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई कर सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सांसदों के जबरन प्रवेश और पुलिसकर्मियों से झड़प के कारण वहां मौजूद हजारों श्रद्धालुओं में भय व्याप्त हो गया और भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई।

## तकनीकी युग में सबसे घातक अपराध

# डेटा चोरी का खेल

डेटा चोरी लगातार उन्नत होते तकनीकी युग का सबसे घातक अपराध है। इसका मतलब है किसी व्यक्ति, संगठन या सरकारी संस्था का संवेदनशील निजी या गोपनीय डेटा को बिना अनुमति चोरी से हासिल करना और उसका गलत इस्तेमाल करना। डेटा चोरी सरकारी और निजी दोनों सेक्टर में होती है। ये डेटा ज्यादातर डार्क वेब पर बेच दिया जाता है। इससे बचने के लिए सुरक्षा अपडेट, एन्क्रिप्शन, और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन बेहद जरूरी हैं।



### क्या हैं खतरे

- पहचान की चोरी प्रमुख है, डेटा उड़ाकर फर्जी अकाउंट खोला जा सकता है।
- वित्तीय नुकसान पहुंचाना उद्देश्य होता है, बैंक अकाउंट से पैसे उड़ा दिए जाते हैं।
- ब्लैकमेल भी किया जाता है, डेटा लीक न करने के बदले पैसे की मांग की जाती है।

### ये डेटा रहता है निशाने पर

- व्यक्तिगत जानकारी : जैसे नाम, पता, आधार नंबर, पैन कार्ड, मोबाइल नंबर।
- वित्तीय जानकारी : बैंक अकाउंट डिटेल, क्रेडिट कार्ड नंबर और पासवर्ड।
- व्यावसायिक डेटा : कंपनी के सीक्रेट प्रोजेक्ट, बिजनेस प्लान, ग्राहक डेटा।
- सरकारी डेटा : गोपनीय दस्तावेज, डिफेंस प्लान और इंटेलिजेंस रिपोर्ट।

### कैसे होती है चोरी

- हैकिंग : कंप्यूटर नेटवर्क या वेबसाइट में हैकर्स सेंध लगाते हैं।
- फिशिंग : नकली ईमेल और वेबसाइट के जरिए पासवर्ड चुराकर।
- मैलवेयर/वायरस : इसके जरिए डिवाइस से सीधे डेटा कॉपी करना।
- डिवाइस चोरी : लैपटॉप, हार्ड डिस्क या मोबाइल चोरी कर लेना।

### 10 साल में 7 गुना वृद्धि

आंकड़ों के मुताबिक 2015 से 2025 तक साइबर अटैक और डेटा चोरी के मामले भारत में 7 गुना तक बढ़े हैं। 2025 में अब तक इस तरह की 22 सौ गंभीर घटनाएं हुई हैं।

### भारत में क्या है कानून

- भारत में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत गोपनीय डेटा की चोरी पर सजा और जुर्माना होता है।
- इस कानून की धारा 43 के तहत बिना अनुमति किसी का डेटा एक्सेस करने पर भी जुर्माना हो सकता है।
- धारा 66 के तहत धोखाधड़ी से डेटा चुराने पर तीन साल तक की जेल और जुर्माना दोनों हो सकते हैं।

### भारत में हुई बड़ी घटनाएं

- जनवरी 2025 में आईआरसीटीसी से तीन करोड़ से ज्यादा यात्रियों का डेटा चोरी कर लिया गया था।
- नवंबर 2024 में एम्स दिल्ली पर साइबर अटैक कर करीब 40 लाख मरीजों का मेडिकल रिकॉर्ड चोरी हुआ।
- अगस्त 2024 में पेटीएम माल का हैकर्स ने करीब 35 लाख ग्राहकों का ब्योरा चुरा लिया और डार्क वेब को बेच दिया।
- जून 2023 में मिस कॉन्फिगरेशन के जरिए 81.5 करोड़ आधार धारकों का निजी और गोपनीय डेटा चोरी हुआ।
- जून 2021 में डोमिनोज के 18 करोड़ ग्राहकों का डेटा चोरी कर करोड़ों की कीमत में डार्क वेब पर बेच दिया गया।

### क्या होता है डार्क वेब

डार्क वेब इंटरनेट का वह हिस्सा है जिसे आम सर्च इंजन से नहीं खोजा जा सकता। डार्क वेब पर ड्रग्स, हथियार, नकली पहचान पत्र जैसी गैरकानूनी चीजों की खरीद-फरोख्त के साथ हैक किए गए डेटा का लेनदेन होता है। यहां यूजर की पहचान छुपी रहती है।

# भारत पर टैरिफ: अमेरिका में भी शुरू हुआ आलोचना और सफाई का दौर

## सांसद मीक्स ने लगाया वर्षों पुरानी साझेदारी खतरे में डालने का आरोप

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

टैरिफ के मुद्दे पर भारत से बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका में भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना के साथ उनके अफसरों की ओर से सफाई का दौर शुरू हो गया है। एक अमेरिकी सांसद और प्रतिनिधि सभा के सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'टैरिफ वार' ने अमेरिका-भारत साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए वर्षों से सावधानीपूर्वक किए गए काम को जोखिम में डाल दिया है।

मीक्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका के भारत के साथ गहरे रणनीतिक और आर्थिक संबंध हैं। ट्रंप के टैरिफ वार ने अमेरिका-भारत साझेदारी को प्रगाढ़ करने के लिए वर्षों से सावधानीपूर्वक किए गए काम को जोखिम में डाल दिया है। उन्होंने कहा, चिंताओं का समाधान हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप परस्पर सम्मान के साथ किया जाना चाहिए। मीक्स डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद हैं और वह 'हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी डेम्स' के रैंकिंग सदस्य भी हैं। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय-अमेरिकी उद्यमी और भू-राजनीतिक विशेषज्ञ अल मेसन ने अमेरिका और भारत एक-दूसरे के राजनीतिक दृष्टिकोण को दरकिनार नहीं कर सकते। दोनों देशों रणनीतिक हित आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं।



### मोदी की चीन यात्रा पर पर भी झलकने लगीं चिंताएं

**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा पर भी अमेरिकी प्रशासन में चिंताएं झलकने लगी हैं। अमरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि भारत एक रणनीतिक साझेदार है, जिसके साथ अमेरिका पूरी स्पष्टता और ईमानदारी से संवाद करता है और राष्ट्रपति ट्रंप भारत के रूस से तेल खरीदने और वाशिंगटन के साथ उसके व्यापार असंतुलन को लेकर चिंताएं स्पष्ट रूप से साझा कर चुके हैं। विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। यह मोदी की सात साल बाद चीन की यात्रा होगी। पिगॉट ने कहा, भारत एक रणनीतिक साझेदार है, जिसके साथ हम खुलकर और स्पष्ट रूप से संवाद करते हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। जब पिगॉट से पूछा गया कि क्या अमेरिका और भारत के रिश्तों में समग्र रूप से गिरावट को लेकर कोई चिंता है और क्या नई दिल्ली की चीन से करीबी की संभावना है, तो उन्होंने कहा कि यह इस प्रशासन की वास्तविक चिंताओं को लेकर ईमानदार, पूर्ण और स्पष्ट संवाद का मामला है और इनके बारे में राष्ट्रपति ने बहुत स्पष्ट रूप से बात की है तथा इन पर कदम भी उठाए हैं।

### चीन ने कहा- मोदी की यात्रा एकजुटता और मैत्री को बढ़ाएगी

**बीजिंग।** चीन ने इस महीने के अंत में होने वाले एससीओ के तियानजिन शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संभावित यात्रा का शुक्रवार को स्वागत किया। उसने उम्मीद जताई कि यह आयोजन एकजुटता, मैत्री और सार्थक परिणामों का समागम होगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन एससीओ सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करता है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि सभी पक्षों के प्रयास से तियानजिन सम्मेलन एकजुटता, मैत्री और सार्थक परिणामों का एक संगम होगा, तथा एससीओ अधिक एकजुटता, समन्वय, गतिशीलता और उत्पादकता के साथ उच्च गुणवत्ता वाले विकास के एक नए चरण में प्रवेश करेगा। गुओ ने कहा कि एससीओ के सभी सदस्य देशों और 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों सहित 20 से अधिक देशों के नेता संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

### भारत और ब्राजील ने अमेरिकी प्रतिबंधों को नकारा

- मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति का बहुपक्षवाद को समर्थन का वादा

**ब्राजीलिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आर्थिक दबाव की कड़ी आलोचना करते हुए अमेरिकी आयात शुल्क के जवाब में बहुपक्षवाद और निष्पक्ष व्यापार के लिए अपना समर्थन देने का वादा किया है। आरटी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रपति लूला और प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को वैश्विक आर्थिक परिदृश्य और बढ़ते व्यापार तनाव पर चर्चा के लिए एक घंटे तक फोन पर बातचीत की। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने बहुपक्षवाद की रक्षा और वर्तमान वैश्विक चुनौतियों का सामना करने की आवश्यकता के महत्व पर जोर दिया। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच गहन समन्वय की संभावना पर भी जोर दिया। ट्रंप ने भारत और ब्राज़ील दोनों पर 50 फीसदी आयात शुल्क लगाया है।

### पतंग उत्सव



जर्मनी का सेंट पीटर-ऑर्डिंग जर्मनी का सबसे बड़ा समुद्र तट है और पतंगबाजी के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। शुक्रवार को यहां शुरू हुए पतंग उत्सव के दौरान समुद्र तट पर अलग-अलग तरह की रंग-बिरंगी पतंगे उड़ती दिखाई दीं। एजेंसी

## रूबियो ने फिर छेड़ा भारत-पाकिस्तान का युद्ध रुकवाने का राग

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दावा किया कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ तो अमेरिका सीधे तौर पर इसमें शामिल हुआ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों परमाणु संपन्न पड़ोसियों में शांति स्थापित कराने में सफल रहे।

ट्रंप ने 10 मई के बाद से कई बार इस दावे को दोहराया है कि उन्होंने व्यापार का हवाला देकर भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव समाप्त करने में मदद की। वहीं भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ सैन्य टकराव समाप्त करने पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी थी।

# राजद्रोह के प्रावधान को चुनौती देने पर केंद्र से मांगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के लिए जताई सहमति

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत राजद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही केंद्र को नोटिस जारी कर इस पर जवाब मांगा है।

सीजेआई बीआर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने सेना के पूर्व सैनिक और विशिष्ट सेवा पदक विजेता सेवानिवृत्त मेजर जनरल एस जी वोम्बटकेरे द्वारा बीएनएस की धारा 152 (राजद्रोह) की वैधता के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने इस याचिका को एक लंबित याचिका के साथ जोड़ने का आदेश दिया, जिसमें पूर्ववर्ती भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए (राजद्रोह) को चुनौती दी गई है, जिसे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) ने प्रतिस्थापित कर दिया है।

बीएनएस की धारा 152 भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्य से संबंधित है। याचिका में इस प्रावधान को राजद्रोह कानून का नया संस्करण बताया गया है, जिसे पहले जुलाई 2022 में विधायी समीक्षा लंबित रहने तक उच्चतम न्यायालय द्वारा स्थगित रखा गया था।

# ब्रिटेन: गुरुद्वारे पर खालिस्तान का बोर्ड लगाने को बताया नियमों के मुताबिक

**लंदन, एजेंसी**

- बर्कशायर स्थित गुरुद्वारे में लगाए गए थे खालिस्तान के बोर्ड

ब्रिटेन में परमार्थ मामलों की निगरानी करने वाली एक संस्था ने बताया कि दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के बर्कशायर स्थित एक गुरुद्वारे के प्रशासन की जांच के दौरान यह निष्कर्ष सामने आया है कि वहां प्रदर्शित किए गए खालिस्तान के बोर्ड देश में परमार्थ संस्थाओं के लिए जारी राजनीतिक निर्देशों का उल्लंघन नहीं करते।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, स्लाउ की, उसके संचालन को लेकर कुछ वर्ष पहले परमार्थ आयोग के नियामक अनुपालन की जांच की गई। आयोग के प्रवक्ता ने कहा, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, स्लाउ के प्रशासन को लेकर चिंता जताए जाने के बाद हमने एक नियामक अनुपालन मामला शुरू किया। इसके तहत खालिस्तान के बोर्ड से जुड़ा एक संवेदनशील मुद्दा सामने आया। साक्ष्यों की विस्तृत समीक्षा के बाद हमने यह निष्कर्ष निकाला कि इन बोर्ड को लगाना हमारे अभियान और परमार्थ संस्थाओं के लिए राजनीतिक दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं है।

## बलूचिस्तान प्रांत में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा कारणों से मोबाइल व इंटरनेट सेवाएं 31 अगस्त तक निलंबित कर दी गई हैं। सरकारी पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण के एक अधिकारी ने जियो न्यूज को बताया, बलूचिस्तान सरकार के अनुरोध पर मोबाइल व इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गई हैं। बलूचिस्तान के गृह विभाग ने जारी अधिसूचना में कहा कि प्रांत की स्थिति को देखते हुए 31 अगस्त तक इंटरनेट सेवाओं को निलंबित करने का आदेश दिया जाता है।

# गाजा पर कब्जे की नेतन्याहू की योजना इजराइली कैबिनेट ने की मंजूर

**तेल अवीव, एजेंसी**



- नेतन्याहू ने कहा- जल्द तैयार की जाएगी एक विस्तृत योजना

इजराइल सरकार ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की पूरे गाजा पट्टी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दे दी है। नेतन्याहू के कार्यालय ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। नेतन्याहू ने कहा कि हमास के बाद की इस सरकार के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की जाएगी, जिसमें इजराइल आंतरिक प्रशासन में कोई भूमिका नहीं निभाएगा और न ही फलस्तीनी प्राधिकरण को कोई भूमिका निभाने की अनुमति देगा।

उन्होंने कहा कि यह एक नागरिक प्रशासन होगा। उन्होंने इस क्षेत्र पर कब्ज़ा करने की अपनी योजना और उसके मतलब को समझाते हुए उन्होंने कहा, हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हम हमास को वहां से हटाना और लोगों को गाजा से मुक्त कराने के साथ ही वहां नागरिक शासन स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम इसे बनाए नहीं रखना चाहते। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल इसे अरब सेनाओं को सौंपना चाहता है जो हमें धमकी दिए बिना इसे ठीक से चलाएंगी और गाजावासियों को एक अच्छा जीवन प्रदान करेंगी।

### फलस्तीन को मान्यता देने को लेकर ब्रिटेन को चेताया

**यरुशलम/लंदन।** ब्रिटेन द्वारा फलस्तीन को संभावित मान्यता दिए जाने के ख़िलाफ़ इजराइल जवाबी कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन इस मुद्दे पर घरेलू दबाव में है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी है कि इजराइल ब्रिटेन को नुकसान पहुंचाने के लिए बहुत कुछ कर सकता है। द टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार नेतन्याहू ने फलस्तीन को राष्ट्र का दर्जा देने पर विचार कर रहे ब्रिटेन और अन्य देशों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे इसके परिणामों पर सावधानीपूर्वक विचार करें। रिपोर्ट में कहा गया है, ब्रिटेन को सावधान रहने की ज़रूरत है क्योंकि नेतन्याहू और उनके मंत्री कुछ दांव चल सकते हैं।

### लेबनान: इजराइली हमले में फलस्तीनी अधिकारी की मौत

**बेरूत।** पूर्वी लेबनान पर इजराइली हवाई हमले में कई लोग मारे गए, जिनमें एक फलस्तीनी समूह का वरिष्ठ सदस्य और उनका अंगरक्षक भी शामिल हैं। फलस्तीनी समूह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समूह ने एक बयान में कहा कि बृहस्पतिवार दोपहर लेबनानी सीमा पार मस्ना के निकट हुए हवाई हमले में 'पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ फलस्तीन' (पीएफएलपी) की केंद्रीय समिति के सदस्य मोहम्मद विसाह की मौत हो गई।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 अगस्त, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 13.24 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 14.23 तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। शंका करने की प्रवृत्ति के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। व्यवसाय में आपको अच्छा धन लाभ होगा। विदेश यात्रा की योजना बना सकते हैं। किसी अधूरे कार्य को पूरा करने की योजना पर काम करेंगे।

**वृष** — आज आपका कोमल व्यवहार लोगों को आकर्षित करेगा। पेट में दर्द की परेशानी होने की आशंका है। अपने कार्यों को व्यवस्थित रखें। धन के मामले को लेकर किसी पर अधिक विश्वास न करें। गम्भीर और बुद्धिमान लोगों की संगत में रहना पसंद करेंगे।

**मिथुन** — आज घर और कार्यक्षेत्र में तालमेल की कमी हो सकती है। अनावश्यक बातों पर अधिक ध्यान न दें। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना कर सकते हैं। नया काम शुरू करने से आपको बचना चाहिये। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है।

**कर्क** — आज आपको व्यवसाय में शानदार लाभ मिलेगा। धन संबंधी परेशानियां दूर होंगी। विद्यार्थी आज अधूरे कार्यों को पूरा कर लेंगे। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था मजबूत होगी। आज आपको अनेक प्रकार के उपहार मिल सकते हैं।

**सिंह** — आज नए कार्यों की शुरूआत न करें। आपकी गलतियां लोगों के सामने आ सकती हैं। झिझक के कारण आपको अपनी बातों को ठीक तरह से रख पाने में भी कठिनाई होगी। कार्यक्षेत्र में राजनीति चरम पर हो सकती है।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आप काम के साथ ही दूसरी अन्य गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। संपत्ति को लेकर बड़ी डील हो सकती है। आपकी कार्यक्षमताओं में बढ़ोत्तरी होगी। बच्चों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। क्रोध व जल्दबाजी के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**तुला** — आज नए कार्यों से लाभ प्राप्त होगा। व्यापार में अदूरदर्शी निर्णय लेने से बचना चाहिए। उत्तम भोजन का आनंद उठायेंगे। जीवनसाथी से अपने दिल की बातें शेयर करेंगे। आलस्य की वजह से काम प्रभावित हो सकते हैं। लोभ-लालच से आपको बचना चाहिए।

**वृश्चिक** — आज जीवनसाथी के व्यवहार से आप आनन्दित रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में आप अत्यंत व्यस्त रहने वाले हैं। पैतृक संपदा से लाभ प्राप्त होगा। प्रबंधन संबंधी गतिविधियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। सभी काम समय पर पूरे हो जायेंगे। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए कुछ चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आपको अपनी आर्थिक स्थिति की चिंता रहेगी। बुरे व्यवहार के लोगों से मित्रता हो सकती है। आज परिवार के सदस्यों से अपने संबंध अच्छे रखें। थोड़े से धन लाभ के लिए कोई गलत काम न करें।

**मकर** — आज दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। नई योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। कारोबार में बड़ी उपलब्धियां अर्जित हो सकती हैं। परिवार में कुछ मांगलिक उत्सव हो सकते हैं। सभी कार्य समय पर पूरे हो जायेंगे।

**कुंभ** — आज गृहकलह से बचने के लिए अपनी वाणी में नियंत्रण रखें। गलत कार्यों की तरफ आपका रूझान बढ़ेगा। कमीशन संबंधी कार्यों में नुकसान हो सकता है। व्यापार में आपको नई डील करते समय सावधानी रखनी चाहिए।

**मीन** — आज घर की साज-सजावट का आप पूरा ध्यान रखेंगे। व्यापार में नए अनुबंध होने की संभावना है। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। भविष्य को लेकर विचलित न हों। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा कर सकते हैं।

## सुडोकू-64

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | 7 | | 4 |
| 4 | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | 1 | | 3 | | | 8 |
| | | 5 | | 3 | | | 8 | |
| | 4 | | | | | 2 | | |
| | 3 | | | 9 | | 1 | | |
| 3 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 2 | 4 | | 6 | | | | 9 |
| 6 | | | | | 7 | | | |

### सुडोकू - 63 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 | 5 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 6 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 1 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |



भारतीय टीम इस समय अच्छा खेल रही है। हम सभी उसकी सफलता से खुश हैं। भारत के पास अच्छे युवा खिलाड़ी हैं और उन्हें जिस तरह से सहयोग दिया जा रहा है, वह अच्छी बात है।
-गैरी कर्स्टन



अमृत विचार
www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### बीसीसीआई ने निविदाएं आमंत्रित कीं

**नई दिल्ली** : भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों के पंजीकरण की सत्यापन सेवाओं के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त तय की है। बोर्ड ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा बीसीसीआई निविदा प्रक्रिया के माध्यम से खिलाड़ियों के पंजीकरण के लिए सत्यापन सेवाओं के प्रावधान सहित सेवाएं प्रदान करने के अधिकार और दायित्व हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करता है। बीसीसीआई ने निविदा के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी किया है जिसमें इससे संबंधित विस्तृत नियम और शर्तें दी गई हैं।

### भाटिया ने करियर का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला

**मेम्फिस (अमेरिका)** : भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर पर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेंट जूड चैंपियनशिप में बढ़त कायम कर ली। पीजीए टूर पर दो बार के विजेता 23 साल के भाटिया ने आखिरी कुछ होल में शानदार खेल दिखाया। शुरुआती नौ होल में चार अंडर का स्कोर करने वाले भाटिया 11वें होल में बर्डी करने के बाद 12वें होल में बोगी कर बैठे। उन्होंने हालांकि इसके बाद कमाल की वापसी की।

### कुश्ती खिलाड़ियों ने संसद का दौरा किया

**नई दिल्ली** : अंडर-17 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेताओं ने शुक्रवार को यहां संसद भवन परिसर का दौरा किया जहां मंत्रियों और सांसदों ने उनकी उपलब्धियों की सराहना की। एथेंस में अंडर-17 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले अश्विनी विश्नोई और कोमल वर्मा ने गुरुवार को खेल मंत्री मनसुख मांडविया और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे से मुलाकात की थी। मंत्रियों ने पहलवानों को उनकी सफलता पर बधाई दी। राजस्थान के भीलवाड़ा के रहने वाले विश्नोई ने 65 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक, जबकि सीकर की रहने वाली वर्मा ने 49 किलोग्राम फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक जीता था।

### सैमसन ने खुद को रिलीज करने को कहा

**नई दिल्ली** : राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन ने फ्रेंचाइजी को कहा है कि उन्हें रिलीज कर दिया जाए। सैमसन ने आरआर मैनेजमेंट को आईपीएल 2025 खत्म होते ही खुद को रिलीज करने की गुजारिश की थी। सैमसन पहली बार इस फ्रेंचाइजी के साथ 2013 में जुड़े थे और फिर 2021 में उन्हें टीम का कप्तान भी बनाया गया था। इस फ्रेंचाइजी की 2025 सीजन की समीक्षा बैठक जून में हुई थी, हालांकि अब तक आरआर ने सैमसन को कोई निश्चित जवाब नहीं दिया है। माना जा रहा है कि आरआर उन्हें टीम में बने रहने के लिए मनाने का विकल्प भी तलाश रही है। रॉयल्स के मुख्य मालिक मनोज बडाले ने इस बारे में पूछे जाने पर कोई टिप्पणी नहीं की।

# ग्लेन मैक्ग्रा की भविष्यवाणी स्टोक्स को दिलाएगी गुस्सा

## बोले- एशेज में इंग्लैंड को 5-0 से क्लीन स्वीप करेगा ऑस्ट्रेलिया



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स।

**लंदन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला शुरू होने में अभी तीन महीने से अधिक का समय बाकी है लेकिन दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने भविष्यवाणी की है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5-0 से क्लीन स्वीप करेगा। इस बात से इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को निश्चित ही गुस्सा आ सकता है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच यह प्रतिष्ठित श्रृंखला 21 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। मैक्ग्रा ने कहा कि उनकी भविष्यवाणी भारत के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में इंग्लैंड के प्रदर्शन पर आधारित है। भारत ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली गई इस श्रृंखला में इंग्लैंड को 2-2 से बराबरी पर रोका था। मैक्ग्रा ने बीबीसी रेडियो पर कहा मैं अमूमन भविष्यवाणी नहीं करता हूं लेकिन एशेज के लिए मेरी भविष्यवाणी है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5-0 जीत हासिल करेगा। मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। जब पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन अपने घरेलू हालात में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों, तो इंग्लैंड के लिए यह काफी मुश्किल होने वाला है। इसके अलावा इंग्लैंड का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड भी अच्छा नहीं है। इंग्लैंड इस वर्ष के अंत में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। उसने 2015 के बाद से एशेज नहीं जीती है।

इसके अलावा इंग्लैंड को 2002-03 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में एक श्रृंखला को छोड़कर बाकी सभी श्रृंखलाओं में 0-5 या 0-4 से हार का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट मैच 2010-11 में जीता था। इंग्लैंड ने तब श्रृंखला 3-1 से अपने नाम की थी। ऑस्ट्रेलिया ने 2021-22 में जब इंग्लैंड का आखिरी दौरा किया था, तब 4-0 से जीत हासिल की थी। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी धरती पर जो पिछले 15 टेस्ट मैच खेले हैं उनमें से 11 में उसने जीत दर्ज की है। उसने इस बीच केवल दो मैच हारे जबकि दो अन्य मैच ड्रॉ हुए थे।



ग्लेन मैक्ग्रा। एजेंसी

### ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ी

**मेलबर्न** : भारतीय मूल के दो क्रिकेटरों आर्यन शर्मा और यश देशमुख को अगले महीने भारत अंडर-19 टीम के खिलाफ होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। शर्मा जहां विक्टोरिया के बल्लेबाज हैं, वहीं ऑलराउंडर देशमुख न्यू साउथ वेल्स के उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें टीम में चुना गया है।



क्रिकेटर एमएस धोनी चेन्नई में अपने नए पैडल ब्रांड 7पैडल के पहले केंद्र के शुभारंभ के दौरान खेलते हुए। एजेंसी

## भविष्य को लेकर सीएसके से बात कर रहे हैं अश्विन

**चेन्नई** : सीनियर ऑफ स्पिनर आर अश्विन चेन्नई सुपर किंग्स के साथ अपने भविष्य को लेकर चर्चा कर रहे हैं। जबकि ऐसी अटकलें हैं कि वह टीम से अलग होने की मांग कर सकते हैं। खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेंशन) की समय सीमा में अभी दो महीने बाकी हैं और समझा जाता है कि अश्विन सीएसके के आला अधिकारियों से अपनी भूमिका को लेकर बातचीत कर रहे हैं।

आईपीएल के एक सूत्र ने कहा किसी खिलाड़ी के भविष्य को लेकर बात करना अभी जल्दबाजी होगी। रिटेंशन की कट ऑफ तारीख अभी घोषित नहीं है लिहाजा हमारे पास समय है। उन्होंने कहा खिलाड़ियों से बात करने की योजना नीलामी से पहले की थी।

## द. अफ्रीकी खिलाड़ियों की नई पीढ़ी से रबाडा उत्साहित

- दक्षिण अफ्रीकी और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज रविवार से

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी**

कैगिसो रबाडा को अपने बचपन की याद आ जाती है जब वह दक्षिण अफ्रीकी ड्रेसिंग रूम को देखते हैं, जहां वे रविवार से शुरू होने वाले तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

दोनों टीमें आखिरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में एक-दूसरे के खिलाफ खेली थीं, जहां दक्षिण अफ्रीका के ज्यादा अनुभवी खिलाड़ी मजबूती से खड़े हुए थे। अब 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप और 2027 में घरेलू वनडे विश्व कप के साथ, उनका ध्यान युवा प्रतिभाओं को निखारने पर केंद्रित हो गया है ताकि



बड़े मैचों में दबाव में आने पर उनके पास एक संदर्भ बिंदु हो कि उन्हें क्या करना है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 साल पूरे कर चुके रबाडा ने गुरुवार को कहा आप पहले, जब मैं पहली बार यहां आया था, उस समय की बात कर रहे थे, तो मुझे उनकी स्थिति की याद आ गई।

# गिल ने बल्लेबाजी से आलोचकों को बखूबी जवाब दिया : पार्थिव पटेल

- पूर्व भारतीय विकेटकीपर ने टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की जमकर तारीफ की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को करारा जवाब दिया है। फॉलो द ब्लूज पर बात करते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ पार्थिव पटेल ने 2025 के इंग्लैंड दौरे के दौरान शुभमन गिल द्वारा आलोचकों को दिए गए जवाब पर विचार किया।

उन्होंने कहा चार शतक, 75.40 की औसत और 750 से ज्यादा रन - सभी अलग-अलग परिस्थितियों में बनाए गए। पहले, जब वह बल्लेबाजी करने उतरे, तो सवाल थेः क्या वह सेना देशों में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? क्या वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन देखिए उन्होंने क्या जवाब दिए। हेडिंग्ले में पहली पारी में 147 रन।

दूसरी पारी में लोगों ने कहा कि उन्होंने उस बड़े स्कोर के बाद अपना विकेट गंवा दिया। फिर एजबेस्टन में पहली पारी में 269 रन बनाए। फिर से, चर्चा थी कि यह कम साबित हो सकता है, लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 161 रन बनाए। तीसरे टेस्ट में, वह दोनों पारियों में जल्दी आउट हो गए, और उनके फॉर्म को लेकर फिर से सवाल उठने लगे, जबकि उन्होंने पिछले मैच में 430 रन बना लिए थे। और फिर मैनचेस्टर में वह शतक आया, एक ऐसे मैच में जिसे भारत को ड्रॉ कराना था। जब भी यह एक चुनौती रही है, जब भी सवाल पूछे गए हैं, गिल ने अपनी बल्लेबाजी से उनका बखूबी जवाब दिया है। इंग्लैंड सीरीज के दौरान भारत के बल्लेबाजी प्रदर्शन में रवींद्र जडेजा की महत्वपूर्ण भूमिका पर पार्थिव ने कहा जडेजा द्वारा बनाए गए 516 रनों का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि पहले टेस्ट मैच में भारत को दो बार बल्लेबाजी क्रम के पतन का सामना करना पड़ा था। ऐसे समय में छठे और सातवें नंबर पर बल्लेबाजों का योगदान महत्वपूर्ण हो जाता है - और रवींद्र जडेजा का नाम स्वाभाविक रूप से आता है, क्योंकि वह उस स्थान पर हैं। उसके बाद, बाकी श्रृंखला में एक भी बल्लेबाजी क्रम का पतन नहीं हुआ। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की और जो निरंतरता दिखाई, वह भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण थी।

इस संबंध में जो बात केएल राहुल पर लागू होती है, वह रवींद्र जडेजा पर भी लागू होती है। एक वरिष्ठ खिलाड़ी के लिए ऐसे क्षणों में खड़े रहना महत्वपूर्ण होता है, और जडेजा ने इस सीरीज में ठीक यही किया है। भारत ने सीरीज में पिछड़ने के बाद वापसी की।



पार्थिव पटेल। एजेंसी



शुभमन गिल। एजेंसी

# ऑस्ट्रेलियाई दौरा एशिया कप के लिए महत्वपूर्ण

- भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम का उसके घरेलू मैदान पर सामना करने से उनकी टीम को इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप से पहले उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनमें सुधार की जरूरत है।

भारतीय टीम आज तड़के ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई, जहां वह 15 से 21 अगस्त तक पर्थ हॉकी स्टेडियम में मेजबान टीम के खिलाफ चार मैचों की महत्वपूर्ण श्रृंखला खेलेगी। हरमनप्रीत ने टीम के रवाना होने से पहले कहा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर खेलना हमेशा बड़ी चुनौती होती है और एशिया कप के लिए तैयारी के इस चरण में हमें इसी की जरूरत है। उन्होंने कहा हम इस श्रृंखला को एशिया कप की तैयारी के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देख रहे हैं। हमारा ध्यान एक इकाई के रूप में सुधार करने, मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खुद को परखने और एशिया कप के लिए राजगीर जाने से पहले जरूरी लय हासिल करने पर है। हरमनप्रीत ने कहा ऑस्ट्रेलिया के इस दौर से हमें एशिया कप से पहले उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनमें सुधार करने की आवश्यकता है। हम ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच 15, 16, 19 और 21 अगस्त को खेले जाएंगे। इस श्रृंखला से टीम प्रबंधन को एशिया कप के लिए अंतिम टीम के चयन करने में भी मदद मिलेगी। एशिया कप 29 अगस्त से राजगीर में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट का विजेता विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।



हरमनप्रीत सिंह। एजेंसी

### पंजाब ने जीती राष्ट्रीय चैंपियनशिप

**चेन्नई** : मनदीप सिंह के दो गोल की मदद से पंजाब ने 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के फाइनल में शुक्रवार को यहां झारखंड को 4-3 से हराकर खिताब जीत लिया। खिताबी मुकाबला काफी करीबी रहा जिसमें आखिरी पलों तक दोनों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी झारखंड ने दूसरे क्वार्टर में आशीष टानी पूर्ति (21वें) और अनीश डुंगडुंग (24वें) के गोल से बढ़त कायम की लेकिन पंजाब की टीम में दो मिनट के अंदर अक्षत सलारिया (29वें) और वरिंदर सिंह (30वें) के गोल से मध्यांतर से पहले स्कोर बराबर कर दिया।

# फीफा विश्व कप खेलने का है सपना : मनीषा

**गुवाहाटी, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ी मनीषा कल्याण ने शुक्रवार को कहा कि उनका सपना फीफा विश्व कप और ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना है। यूएफा चैंपियंस लीग (यूरोप की शीर्ष पेशेवर फुटबॉल लीग) में खेलने वाली इकलौती भारतीय फुटबॉलर मनीषा शुक्रवार को यहां नेहरू स्टेडियम में लड़कियों के लिए आयोजित अस्मिता अंडर-13 लीग में आकर्षण का केन्द्र थी। उन्होंने कहा कि अस्मिता 'युवा लड़कियों को अपने फुटबॉल के सपनों को साकार करने के लिए मुश्किल से मिलने वाला मंच है। तेईस साल की मनीषा ने अस्मिता के गुवाहाटी चरण में भाग लेने वाली आठ टीमों की हौसला अफजाई करने के बाद कहा'' मेरा सपना अब फीफा विश्व कप और ओलंपिक में खेलने का है। अगले साल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के बाद हमारे इरादे मजबूत हुए है। अस्मिता लीग का उद्देश्य पूरे भारत में जमीनी स्तर पर प्रतिभा की खोज करना है। मनीषा ने कहा आप जितने अधिक मैच खेलेंगी, आप उतनी ही बेहतर होती जाएंगी



# इंग्लैंड में दुष्कर्म की जांच के बीच पाकिस्तानी क्रिकेटर निलंबित

- बल्लेबाज हैदर अली के खिलाफ चल रहा है मामला

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि उसके बल्लेबाज हैदर अली के खिलाफ इंग्लैंड में आपराधिक जांच चल रही है और उसे तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस बीच ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने कहा है कि बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पीसीबी ने कहा कि क्रिकेटर हैदर अली से जुड़ी जांच पाकिस्तान शाहीन टीम (पाकिस्तान ए टीम) के हालिया इंग्लैंड दौरे के दौरान हुई एक घटना को लेकर की जा रही है। पीसीबी ने 24 वर्षीय अली के खिलाफ जांच की प्रकृति के बारे में कुछ नहीं बताया।

ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि सोमवार को उन्हें बलात्कार के आरोप की एक शिकायत मिली है। पुलिस ने बयान ने कहा हमने इस संबंध में एक 24 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि यह घटना बुधवार, 23 जुलाई 2025 को मैनचेस्टर के एक परिसर में हुई थी। आगे की पूछताछ तक उस व्यक्ति को ज़मानत पर रिहा कर दिया गया है।

ब्रिटेन में पुलिस आमतौर पर जांच के इस चरण में संदिग्धों का नाम नहीं बताती है। पाकिस्तान की टीम का 15 दिवसीय दौरा 22 जुलाई को शुरू हुआ था। पीसीबी ने बयान में कहा अली को जांच के परिणाम आने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पीसीबी यूनाइटेड किंगडम की कानूनी प्रक्रिया का सम्मान करता है और जांच को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चलने देने के महत्व को स्वीकार करता है। अली ने 2020 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

## 4 भारतीयों ने रचा इतिहास, क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**चेन्नई** : चार भारतीय सर्फरों ने आज प्रतिष्ठित महाबलीपुरम में चल रही एएसएफ एशियन सर्फिंग चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। ओपन पुरुष राउंड 3 (मुख्य राउंड), ओपन महिला क्वार्टर फाइनल, अंडर-18 बॉयज राउंड 3 (मुख्य राउंड) और अंडर-18 गर्ल्स राउंड 2 (रेपचेज) जैसे प्रमुख हीट के साथ, यह दिन उच्च दांव, साहसिक चालों और शानदार प्रदर्शन से भरा रहा। चार भारतीय सर्फरों ने प्रमुख वर्गों में क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रच दिया, जो इस आयोजन के इतिहास में टीम इंडिया का सबसे सफल प्रदर्शन था। ओपन में पुरुषों के राउंड 3 में भारतीय ट्राइफेक्टा क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है क्योंकि टीम ने आज पुरुष वर्ग में अपने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शनों में से एक दिया, जिसमें तीनों सर्फर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

सफलता

नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराया

# कनाडा की मबोको ने पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता

**मॉन्ट्रियल (कनाडा), एजेंसी**

कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए फाइनल में नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले मुकाबले में पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंच जाएंगी। विक्टोरिया ओपन युग में यह खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं।

उनसे पहले 1969 में फेय अर्बन और 2019 में बियांका एंड्रीस्कू ने यह उपलब्धि हासिल की थी। इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली विक्टोरिया को पूरे मैच के दौरान दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। ओसाका ने मैच प्वांइट पर जैसे ही नेट में शॉट मारा विक्टोरिया घुटनों के बल बैठ गई और दर्शक खुशी से झूमने लगे। विक्टोरिया वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली तीसरी ऐसी खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता।



ट्रॉफी के साथ अमेरिका के बेन शेल्टन व कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको।

### अमेरिका के बेन शेल्टन बने चैंपियन

**टोरंटो** : अमेरिका के बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का तीसरा और सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव को 6-7 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय शेल्टन 2003 में एंडी रोडिक के बाद मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता जीतने वाले अमेरिका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन ने 2023 में तोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। पुरुष युगल के फाइनल में जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को हराया।

### वीनस सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में बाहर

**सिनसिनाटी** : एक साल से अधिक समय तक खेल से दूर रहने के बाद पिछले महीने वापसी करने वाली वीनस विलियम्स सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्पेन की जेसिका बुजास मानेरो से 6-4, 6-4 से हारकर बाहर हो गईं। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन को अब अमेरिकी ओपन में भाग लेना है जहां उन्हें मिश्रित युगल में अपने जोड़ीदार रीली ओपेल्का के साथ वाइल्ड-कार्ड से प्रवेश मिला है। वीनस ने अपनी बहन सेरेना के साथ महिला युगल में 14 ग्रैंड स्लैम और मिश्रित युगल में दो खिताब जीते हैं। दुनिया में 51वीं रैंकिंग की खिलाड़ी 22 वर्षीय मानेरो का जब जन्म हुआ तब तक वीनस चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुकी थी। वह पिछले सप्ताह मांट्रियल में नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। 45 वर्षीय वीनस के खिलाफ यह उनका पहला मुकाबला था।

